वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2017-18

भाकृअनुप
ICAR

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर–410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar–410 505, Pune, Maharashtra, India

प्या ल अनु नि
DOGR

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2017-18

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर-410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत
ICAR - Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar–410 505, Pune, Maharashtra, India

प्रकाशक
डॉ. मेजर सिंह
निदेशक

संकलन एवं संपादन
डॉ. एस.एस. गाडगे
डॉ. किरण भगत
श्रीमती अश्विनी बेनके
डॉ. प्रांजली घोडके
डॉ. मेजर सिंह
डॉ. सौम्या पी.एस.

प्रकाशित
जुलाई 2018

©2018 भाकृअनुप–प्यालअनुनि, पुणे–410 505

सही उद्धरण
भाकृअनुप–प्यालअनुनि वार्षिक प्रतिवेदन 2017–18
भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर–410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

संपर्क
दूरभाष: 91–2135–222026, 222697
फैक्स: 91–2135–224056
ई–मेल: director.dogr@icar.gov.in
वेबसाईट: http://www.dogr.res.in

Published by
Dr. Major Singh
Director

Compiled & Edited by
Dr. S. S. Gadge
Dr. Kiran Bhagat
Mrs. Ashwini Benke
Dr. Pranjali Ghodke
Dr. Major Singh
Dr. Soumia P.S.

Published
July 2018

©2018 ICAR-DOGR, Pune - 410 505

Correct Citation
ICAR-DOGR Annual Report 2017-18
ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar-410 505, Pune, Maharashtra, India

Contact
Phone: 91-2135-222026, 222697
Fax: 91-2135-224056
E-mail: director.dogr@icar.gov.in
Website: http://www.dogr.res.in

अभिकल्प व मुद्रण/Designed & Printed by
एन्सन एडवर्टायजिंग ऐंड मार्केटिंग, पुणे/Anson Advertising & Marketing, Pune
दूरभाष/Phone: 91-20- 24213244, टेलिफैक्स/Telefax: 91-20- 24210013
ई–मेल Email : ansonorama@gmail.com

विषय-सूची/Contents

- प्राक्कथन/Preface i
- कार्यकारी सारांश/Executive Summary iii
- परिचय/Introduction 1
- प्रगति प्रतिवेदन/Progress Report 4
  - फसल सुधार/Crop Improvement 4
  - फसल उत्पादन/Crop Production 70
  - फसल सुरक्षा/Crop Protection 88
  - फसलोत्तर प्रौद्योगिकी/Post-Harvest Technology 104
  - प्रसार/Extension 106
  - अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना 113
    All India Network Research Project on Onion and Garlic
  - राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि पहल 131
    National Innovations Climate Resilient Agriculture
  - विविधता, एकरूपता एवं स्थायित्व 143
    Distinctness Uniformity and Stability
  - जीनोम विलोपन के माध्यम से प्याज में अगुणित उत्प्रेरण 146
    Haploid Induction in Onion through Genome Elimination
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/Transfer of Technology 153
- अनुसंधान परियोजनाएं/ Research Projects 166
- प्रकाशन/Publications 169
- संस्थागत गतिविधियां/Institutional Activities 179
- मानव संसाधन विकास/Human Resource Development 205
- आगंतुक/Visitors 225
- कार्मिक/Personnel 227
- वित्तीय विवरण/Financial Statement 233
- मौसम संबंधी आंकड़े/Meteorological Data 234

प्राक्कथन/Preface

मुझे, वर्ष 2017–18 के लिए भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। अपने निर्धारित अधिदेशों के अनुसार भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा प्याज एवं लहसुन फसल की उच्चतर उत्पादकता, बेहतर गुणवत्ता तथा फसलोत्तर भण्डारण सुविधाओं तथा संधारणीयता हासिल करने की दिशा में विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को निरन्तर जारी रखा गया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा की गई अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को छः मेगा अनुसंधान कार्यक्रमों और नौ तदर्थ/बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में बांटा गया है जिसमें जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु संवेदनशीलता के तहत प्याज उत्पादन में अनुकूलनता को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि पर पहल (निक्रा) परियोजना भी शामिल है। इसके अलावा, देशभर में नौ मुख्य केन्द्रों तथा चौदह स्वैच्छिक केन्द्रों के साथ भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना (एआईएनआरपीओजी) एक समन्वय इकाई के रूप में कार्य कर रही है ताकि किसान समुदाय की लाभप्रदता बढ़ाने एवं कल्याण के लिए प्याज एवं लहसुन के उत्पादन के साथ साथ फसलोत्तर प्रबंधन के लिए टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल रीतियों को प्रारंभ किया जा सके।

इस वर्ष केन्द्रीय किस्मीय निर्मुक्ति समिति द्वारा संस्थान की लाल प्याज की दो किस्मों यथा भीमा लाइट रेड़ एवं भीमा सफेद और लहसुन की एक किस्म नामतः भीमा पर्पल को अधिसूचित किया गया। इसके साथ ही, प्याज की दो अन्य किस्मों यथा भीमा किरन व भीमा रेड़ तथा लहसुन की एक किस्म भीमा ओमकार को पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण में पंजीकृत कराया गया । विपणन की दृष्टि से कंद आकार और परिपक्वता के समय में एकरूपता के महत्व को देखते हुए अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना में डीओजीआर हाइब्रिड–6 प्याज संकर को शामिल किया गया। पिछले दो वर्षो में, इस संकर किस्म में 41.86 टन/हे. की विपणन योग्य उपज उत्पन्न हुई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा किरन (35.52 टन/हे.) की तुलना में 17.87 प्रतिशत अधिक थी। थ्रिप्स के विरूद्ध वन्य *एलियम* प्रविष्टियां यथा एनजीपी–9969, एनएमके–3216, एनएमके–3227, एनएमके – 3246 तथा *एलियम सीपा* एल. – उजबेकिस्तान–एएलएल–1595 अत्यधिक प्रतिरोधी पाई गई। प्याज प्रविष्टि डब्ल्यू–402–एडी–4 में एंथ्रेक्नॉज रोग के विरूद्ध

I feel privileged to present Annual Report of ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research for 2017-18. As per the mandate, ICAR-DOGR continued various research and development activities towards achieving higher productivity, better quality and post-harvest storage facilities and sustainability of onion and garlic commodities. The research and development activities undertaken by ICAR-DOGR spread over six mega research programmes and nine adhoc/externally funded projects including National Innovations on Climate Resilient Agriculture (NICRA) to enhance resilience of onion production under climate change and climatic vulnerability. Besides this, an All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG) is functioning as co-ordinating unit at ICAR-DOGR with nine main centres and fourteen voluntary centres across the nation for introducing sustainable and eco-friendly practices for production as well as post-harvest management of onion and garlic to enhance profitability and welfare of the farming community.

This year, our two red onion varieties *viz.,* Bhima Light Red and Bhima Safed and one garlic variety Bhima Purple have been notified by CVRC. Also, our two other onion varieties *viz.,* Bhima Kiran and Bhima Red and one garlic variety Bhima Omkar have been registered with PPV&FRA. Looking importance of uniformity in bulb size and time of maturity in market point of view, DOGR Hy-6 onion hybrid introduced in AINRPOG. In last two years, this hybrid produced 41.86 t/ha marketable yield which was 17.87 percent higher than the best check Bhima Kiran (35.52 t/ha). Wild *Allium* entries *viz.,* NGP-9969, NMK-3216, NMK-3227, NMK-3246 and *Allium cepa* L.-*Uzbekistan*-All-1595 found highly resistant to thrips. Onion entry W-402-AD-4 reported lowest PDI against anthracnose and W-306

सबसे कम पीडीआई मान पाए गए तथा डब्ल्यू 306 में *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* का सबसे कम प्रतिशत नुकसान दर्ज हुआ। रिपोर्टाधीन वर्ष 2017–18 के दौरान प्याज में लेपिडोप्टेरॉन नाशीजीव *स्पोडोप्टेरा* उप–प्रजाति कॉम्पलेक्स का प्रकोप पाया गया। हालांकि, गौण नाशीजीव मानते हुए इसका हालिया संक्रमण स्तर बहुत ज्यादा था जो कि प्याज उत्पादन के लिए एक गंभीर खतरा है।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निदेशालय द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें शामिल थे : विचार मंथन सत्र, जनजातीय उप–योजना एवं मेरा गांव – मेरा गौरव योजना के तहत प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन, अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना, संस्थान अनुसंधान समिति एवं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठकें, हिन्दी सप्ताह, स्वच्छ भारत पखवाड़ा। इसके साथ ही स्थापना दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदि भी मनाए गए। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा इंडियन हॉर्टीकल्चर का एक विशेषांक "ओनियन एंड गार्लिक फॉर हैल्दी एंड वैल्दी लाइफ" (नवम्बर–दिसम्बर, 2017) प्रकाशित किया गया। निदेशालय द्वारा प्याज बीज एवं लहसुन पौध सामग्री का उत्पादन एवं वितरण, अनुबंध अनुसंधान परियोजनाएं तथा किसान उन्मुख प्रसार गतिविधियां चलाई गई।

वर्ष 2017–18 के दौरान संस्थान के अनुसंधान, प्रसार एवं भौतिक लक्ष्यों को पूरा करने में अपना दृढ़ सहयोग, निरन्तर प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन देने के लिए मैं, डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप), डॉ. ए.के. सिंह, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) एवं डॉ. टी. जानकीराम, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रति हार्दिक आभार एवं सम्मान व्यक्त करता हूं। मैं, हमारे निदेशालय के सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारियों का और इस द्विभाषी प्रकाशन को समय से प्रकाशित कराने के लिए सम्पादन मण्डल का आभार व्यक्त करता हूं।

मेजर सिंह
निदेशक

registered lowest percent damage of *Spodoptera exigua.* Incidences of Lepidopteron pest *Spodoptera spp.* Complex was recorded in onion during 2017-18. Though considered as minor pest, their recent infestation levels were found high, posing serious threat to onion production.

The Directorate organized a number of programmes including brainstorming sessions, trainings and demonstrations under TSP and MGMG schemes, AINRPOG, IRC and RAC meetings, Hindi week, Swachh Bharat Pakhwara and celebrated foundation day, National unity day, International yoga day, etc. events. A special edition of Indian Horticulture on "Onion and garlic for healthy and wealthy life" (November-December, 2017) was published by ICAR, New Delhi. We also undertook production and distribution of onion seed and garlic plant material, contract research projects and farmers oriented extension activities.

I express my deep sense of gratitude and reverence to Dr. T. Mohapatra, Secretary, DARE and Director General (ICAR), Dr. A. K. Singh, Deputy Director General (Horticulture Science) and Dr. T. Jankiram, Assistant Director General (Horticulture Science) for their rigorous support, constant encouragement and guidance to meet the research, extension and physical targets of the Institute during 2017-18. I thank all the scientists, technical, administrative and other staffs of our Directorate and also the editorial board for timely bringing out this bilingual publication.

Major Singh
Director

कार्यकारी सारांश /Executive Summary

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की अनुसंधान, प्रसार एवं विकास गतिविधियों को छः अनुसंधान कार्यक्रमों और नौ तदर्थ/बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यमों से चलाया जा रहा है। अधिकांश परियोजनाएं अंतर–विषयी हैं और इनका प्रयोजन उद्देश्यों के अनुसार लक्ष्यों को हासिल करने में सभी पहलुओं पर अध्ययन करना है। इसके अलावा, निदेशालय द्वारा प्याज बीज एवं लहसुन रोपण सामग्री का उत्पादन व वितरण, अनुबंध अनुसंधान परियोजनाओं तथा प्रदर्शन, प्रशिक्षण, प्रदर्शनी आदि सहित किसान उन्मुख प्रसार गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस वर्ष, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने विकसित किए गए भाकृअनुप–डीओजीआर मोटराइज्ड प्याज ग्रेडर के निर्माण और बिक्री के लिए एक लघु स्तरीय उद्योग आर.के. इंजीनियरिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विभिन्न जैविक तथा अजैविक दबाव परिस्थितियों का मुकाबला करने में प्याज एवं लहसुन की खेती में प्रेसीजन कृषि के महत्व एवं लाभों पर विचार करते हुए भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा एक प्रायोगिक परियोजना ''प्याज व लहसुन की खेती में यूएवी की व्यापकता एवं अनुप्रयोग'' को प्रारंभ किया गया। वर्ष 2017–18 के दौरान चालू अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों की मुख्य उपलब्धियों को नीचे संक्षिप्त– रूप में प्रस्तुत किया गया है।

फसल सुधार

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की लाल प्याज की दो किस्मों यथा भीमा लाइट रेड़ और भीमा सफेद तथा लहसुन की एक किस्म भीमा पर्पल को गट अधिसूचना एस.ओ. 261 (ई) दिनांक 16 जनवरी, 2018 द्वारा अधिसूचित किया गया। प्याज के वंशक्रमों यथा आरजीपी–3, आरजीपी–4, डीओजीआर–1605 तथा डीओजीआर–1606 को अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना में प्रारंभ किया गया। प्याज वंशक्रम आरजीपी 3 रबी मौसम के लिए उपयुक्त पाया गया। इस वंशक्रम में 38.74 टन/हे. की विपणन योग्य उपज उत्पन्न हुई जो कि सर्वश्रेष्ठा तुलनीय किस्म भीमा शक्ति के मुकाबले में 24.70 प्रतिशत अधिक है। यह एक अगेती परिपक्वता (रोपण के 103 दिन बाद) वंशक्रम है। आरजीपी–4 वंशक्रम में 35.76 टन/हे. की विपणन योग्यो उपज उत्पन्न हुई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा शक्ति के मुकाबले में 15.92 प्रतिशत अधिक है। प्याज वंशक्रम डीओजीआर–1605 में 41.85 टन/हे. की विपणन योग्य उपज उत्पन्न हुई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा शक्ति की

The research, extension and development activities of ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research are being carried out under six research programmes and nine adhoc/externally funded projects. Most of the projects are inter-disciplinary and aimed at taking studies on all aspects to achieve the targets as per objectives. In addition, production and distribution of onion seed and garlic planting material, contract research projects and farmer oriented extension activities including demonstrations, training, exhibitions etc. were also conducted by the Directorate. This year, ICAR-DOGR signed MoU with R.K Engineering, a small scale industry for manufacturing and sale of ICAR-DOGR motorized onion grader. Considering importance and advantages of precision farming in onion and garlic cultivation to tackle various biotic and abiotic stress situations, ICAR-DOGR started a pilot project with idea Forge on "Scope and application of UAV in onion and garlic cultivation". The salient achievements in the ongoing R&D programmes during the year 2017-18 are summarized below briefly.

Crop Improvement

Two red onion varieties *viz.;* Bhima Light Red and Bhima Safed and one garlic variety Bhima Purple of ICAR-DOGR were notified vide Gazette Notification S.O. 261 (E) dated 16thJanuary 2018. RGP-3, RGP-4, DOGR-1605, and DOGR-1606 onion lines were introduced in AINRPOG trial. RGP-3 an onion line was found suitable for *rabi* season. This line produced 38.47 t/ha marketable yield which is 24.70% higher than the best check Bhima Shakti. This line is early in maturity (103 days after transplanting). The RGP-4 line produced 35.76 t/ha marketable yield which is 15.92% higher than the best check Bhima Shakti. The onion line DOGR-1605 produced 41.85 t/ha of marketable yield which is 24.43% higher than the

तुलना में 24.43 प्रतिशत अधिक है। डीओजीआर–1606 वंशक्रम रबी मौसम के लिए उपयुक्त है। इस वंशक्रम में 40.46 टन/हे. की विपणन योग्य उपज उत्पन्न हुई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा शक्ति के मुकाबले में 20.31 प्रतिशत अधिक है।

बाजार की दृष्टि से कंद आकार और परिपक्वता के समय में एकरूपता के महत्व को देखते हुए, डीओजीआर हाइब्रिड–6 प्याज संकर को अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधानन परियोजना कार्यक्रम में शामिल किया गया। पिछले दो वर्षों में, इस संकर में 41.86 टन/हे. की विपणन योग्य उपज पैदा हुई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा किरन (35.52 टन/हे.) की तुलना में 17.87 प्रतिशत अधिक है। पतली ग्रीवा के साथ इसका औसत कंद भार 70.0 ग्राम है। इसके कंदों की खुदाई रोपाई के 108 दिनों बाद की जाती है और इसकी भण्डारण क्षमता भी अच्छी है।

प्याज में, विभिन्न लाल एवं सफेद प्रगत तथा प्रारंभिक प्रजनन वंशक्रमों का मूल्यांकन विपणन योग्य उपज, भण्डार क्षमता, कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश आदि के लिए किया गया जबकि लहसुन के श्रेष्ठ वंशक्रमों में बड़ी कली आकार, उच्च भण्डारण क्षमता तथा कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश आदि के लिए छंटाई की गई। जायाजनन का उपयोग करके अंत: प्रजात वंशक्रमों का विकास करने में लगभग 20 डीएच वंशक्रम विकसित किए गए। आण्विक मार्करों का उपयोग करके आशाजनक जननद्रव्य का लक्षणवर्णन किया गया और साथ ही आईएलपी आण्विक मार्करों की डिजाइनिंग तथा प्रमाणन द्वारा जीनोमिक संसाधन का विकास किया गया।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में, पछेती खरीफ (186 प्राप्तियां), रबी (40 बहुगुणक प्याज सहित 169 प्राप्तियां) तथा खरीफ (40 बहुगुणक प्याज सहित 145 प्राप्तियां) के दौरान लाल प्याज का तथा इसी प्रकार खरीफ (45 प्राप्तियां) तथा पछेती खरीफ (35 प्राप्तियां) के दौरान सफेद प्याज का तुलनीय किस्मों के साथ मूल्यांकन किया गया । लहसुन में, उपज एवं उपज को बढ़ाने वाले अन्य गुणों के लिए रबी में कुल 126 प्राप्तियों और खरीफ में कुल 440 प्राप्तियों का मूल्यांकन किया गया। दीर्घ दिवस वाली परिस्थितियों के तहत चयनित किए गए प्याज व लहसुन वंशक्रमों का मूल्यांकन किया गया। वन्य *एलियम* में, 18 अल्प दोहिता *एलियम* प्रजातियों का लक्षणवर्णन विभिन्न पर्णीय गुणों के लिए किया गया। पुन: प्राथमिकता आधार पर उपलब्ध *एलियम* प्रजातियों यथा *ए. फिस्टुकलोसम, ए. टयूबरोसम* तथा *ए. फ्रेगरेन्सर* के साथ अंतर–विशिष्ट संकरण का प्रयास किया गया । *एलियम सीपा* के साथ कुल 175 फूलों का क्रास कराया गया।

प्याज थ्रिप्स के विरूद्ध वन्य *एलियम* प्रविष्टियां एनजीबी–9969, एनएमके–3216, एनएमके–3227, एनएमके–3246, *एलियम सीपा*–एल–*उज्बेकिस्तान* एएलएल–1595 अत्यधिक प्रतिरोधी पाई गईं, हालांकि, खेत परिस्थितियों में कुल 18 विभिन्न प्याज वंशक्रमों में प्रतिरोधिता देखने को मिली। प्याज प्रविष्टि डब्ल्यू–

best check Bhima Shakti. DOGR-1606 is an onion line suitable for *rabi* season. This line produced 40.46 t/ha marketable yield which is 20.31% higher than the best check Bhima Shakti.

Looking importance of uniformity in bulb size and time of maturity in market point of view, DOGR Hy-6 onion hybrid introduced in AINRPOG. In last two years, this hybrid produced 41.86 t/ha marketable yield which is 17.87% higher than best check Bhima Kiran (35.52 t/ha). The average bulb weight is 70.0 g with a thin neck. Its bulbs harvested in 108 days after transplant and good in storage.

In onion, different red and white advance and initial breeding lines were evaluated for marketable yield, storability, TSS content etc. while in garlic elite line where screened for big clove size, high storability, TSS etc. In the development of inbred lines using gynogenic, around 20 DH line has been developed. Promising germplasm were characterized using molecular markers as well as a genomic resource has been developed by designing and validating ILP molecular markers.

At ICAR-DOGR, red onion germplasm was evaluated during late *kharif* (186 accessions), *rabi* (169 accessions including 40 multiplier onion) and *kharif* (145 accessions including40 multiplier onion) along with checks and white onion, during *kharif* (45 accessions) and during late *kharif* (35 accessions) were evaluated. In garlic, 126 accession during *rabi* and 440 accessions during kharif were evaluated for yield and contributing traits. At long day condition also selected onion and garlic lines were evaluated. In wild alliums, 18 underutilized *Allium* species were characterized for different foliage traits. Further, an attempt of inter-specific hybridization with available *Allium* species- *A. fistulosum, A. tuberosum* and *A. fragrance* has been initiated on priority. Total 175 flowers were crossed with *A. cepa*.

Wild *Allium* entries NGB-9969, NMK-3216, NMK-3227, NMK-3246, *Allium cepa*-L-*Uzbekistan* All-1595 found to be highly resistant against onion thrips, however, total eighteen different onion lines showed resistance in field condition. Onion entry W-402 AD-4 reported lowest PDI of 8 against anthracnose

402– एडी–4 में खरीफ मौसम के दौरान एंथ्रेक्नॉज रोग के विरूद्ध 8 का न्यूनतम पीडीआई स्कोर पाया गया और डब्ल्यू–306 में *एस. एक्सिगुआ* के कारण होने वाली क्षति प्रतिशत सबसे कम पाई गई। कुल 13 तथा 7 प्याज प्रविष्टियों की पहचान क्रमश: सूखा सहिष्णु और जल भराव सहिष्णु के रूप में की गई।

फसल उत्पादन

थर्मोथेरेपी तथा विभज्योतक टिप संवर्धन के माध्यम से *स्व: पात्रे* वायरस मुक्त सूक्ष्म कंदिका तथा लहसुन पादप विकसित किए गए और हासिल पादपकों को सफलतापूर्वक खेत में स्थानान्तरित किया गया। खेत में सीधे स्थानान्तरित की गईं सूक्ष्म कंदिका में बहु कलियों के साथ अच्छन गुणवत्ता वाले कंद विकसित हुए।

विभिन्न फसलचक्र प्रणाली में प्याज उत्पादन और मृदा उर्वरता स्थिति पर स्थाफई खाद प्रयोग के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया जिसमें प्रदर्शित हुआ कि पूर्ववर्ती फसल के रूप में मक्का को शामिल करने और वर्मी कम्पोस्ट के साथ अजैविक उर्वरक का प्रयोग करने पर उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक कंद उपज मिली। अजैविक उर्वरकों का अकेले प्रयोग करने की तुलना में वर्मी कम्पोस्ट और अजैविक उर्वरकों का एकसाथ प्रयोग करने पर पौधा शुष्क पदार्थ उपज, पौधा फॉस्फोरस, पोटासियम और सल्फर मात्रा, मृदा जैविक कार्बन उपलब्ध नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व सल्फर में बढ़ोतरी हुई।

प्याज की उपज, पोषक तत्वों की मात्रा और कंद की गुणवत्ता पर फॉस्फारस घुलनशील जीवाणु तथा माइकोराइजल टीके के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया जिसमें पता चला कि फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु उपचार के बिना माइकोराइजल टीकाकरण और कंट्रोल की तुलना में फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु का टीकाकरण करने पर कंद उपज में 2–3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु + माइकोराइजल टीकाकरण से प्याज के पौधों में पेरॉक्सीडेज गतिविधि और प्रोटीन मात्रा बढ़ी।

जल भराव दबाव के लिए प्याज की फसल में सर्वाधिक संवेदनशील बढ़वार अवस्था की पहचान करने के प्रयोजन से एक अध्ययन आयोजित किया गया जिसमें पता चला कि पौध रोपण के 20–90 दिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण बढ़वार अवस्था होती है क्यों कि इस अवस्था में अन्य बढ़वार अवस्थाओं की तुलना में पौधा उत्तरजीविता दर, कंद गठन और उपज कहीं अधिक प्रभावित होती है। सूखा दबाव की प्रतिक्रिया में प्याज प्रविष्टियों में आयोजित किए गए जड़ अध्ययनों में प्रदर्शित हुआ कि सूखा दबाव परिस्थिति के तहत लाल प्रविष्टि यथा प्राप्ति 1656 एवं 1663 जबकि सफेद प्रविष्टि यथा डब्ल्यू 397 व डब्ल्यू441 द्वारा अन्य प्रविष्टियों के मुकाबले जड़ लंबाई एवं अन्य आशाजनक आकृतिविज्ञान गुणों के संबंध में बेहतर प्रदर्शन किया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित किस्मों में सूखा दबाव के तहत जड़ प्रदर्शन के संबंध में

during *kharif* season and W-306 registered lowest per cent damage of *S. exigua*. Total thirteen and seven onion entries were identified as a drought tolerant and water logging tolerant respectively.

Crop Production

In-vitro virus free micro-bulbils and garlic plantlets through thermotherapy and meristem tip culture was developed and the resultant plantlets were successfully transferred in field. Micro-bulbils directly transferred to the field have developed good quality of bulb with multiple cloves.

Effect of permanent manurial experiment on onion production and soil fertility status in different cropping system were evaluated that showed, inclusion of maize as preceding crop and application of inorganic fertilizer along with vermicompost gave significantly higher bulb yield. Application of inorganic fertilizers and vermicompost together increased plant dry matter yield, phosphorus, potassium and sulphur content, soil organic carbon (SOC), available nitrogen, phosphorus and sulphur as compared to inorganic fertilizer alone.

Effect of Phosphorus solubilizing bacteria (PSB) and Mycorrhizal inoculation on onion yield, nutrient concentration and bulb quality were evaluated that showed, inoculation of PSB increased bulb yield by 2-3% compared to Mycorrhizal inoculated and control without PSB inoculation treatments. PSB plus Mycorrhizal inoculation increased peroxidase enzyme activity and protein content of onion plants.

The study conducted to identify the most sensitive growth stage in onion crop for water-logging stress showed 20-90 days after transplanting is the most critical growth stage as at this stage plant survival rate, bulb formation and yield get severely affected as compared to other growth stages. Root studies was conducted in onion entries in response to drought stress showed that red entries viz. Acc. 1656 and Acc. 1663 whereas, the white entries viz. W 397 and W 441 performed superiorly over the other entries w.r.t. root length and other promising morphological traits under drought stress. Among the ICAR-DOGR varieties Bhima Safed performed better followed by Bhima Red and Bhima Shweta in terms of root performance under drought stress.

क्रमश: भीमा सफेद, भीमा रेड़ और भीमा श्वेता का प्रदर्शन बेहतर रहा। गुणवत्ता प्याज बीज उत्पादन पर परागकों के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया जिसके परिणामों में पता चला कि प्याज की बीज फसल पर भोजन की तलाश में भ्रमण करने में हाइमिनोप्टेरान मधुमक्खियां प्रमुख कीट वंश थीं और इनके द्वारा लेपिडोप्टेरा और डिप्टेरा की तुलना में भोजन की तलाश में लगभग 97.14 प्रतिशत भ्रमण शामिल किया जाता है। प्याज के फूल खिलने और परागकों के भ्रमण के बीच समकालिकता का मूल्यांकन किया गया जिसमें प्रदर्शित हुआ कि इष्टतम परागण एवं प्याज बीज उपज हासिल करने में अनुपूरक मधुमक्खी छत्ते जरूरी हैं। मधुमक्खी द्वारा भोजन की तलाश में गतिविधि, फसल कैनोपी के आसपास वायु तापमान और आपेक्षिक आर्द्रता के बीच सह–संबंध विश्लेषण से तापमान के कारण उल्लेखनीय सकारात्मक सह–संबंध जबकि मधुमक्खी गतिविधि के कारण आपेक्षिक आर्द्रता में नकारात्मक सह–संबंध का पता चला। परागक निषेध अथवा अपवर्जन विधि के माध्यम से प्याज बीज उपज में परागकों की भूमिका का मूल्यांकन किया गया। परिणामों में पता चला कि परागकों की पहुंच वाली परिस्थिति में परागकों की बिना पहुंच वाली परिस्थिति के मुकाबले बीज उपज 3.35 गुणा अधिक थी। रबी 2016–17 के रबी मौसम के दौरान प्याज की फसल में खरपतवार निकलने से पूर्व विभिन्न शाकनाशियों की खरपतवार नियंत्रण प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। खरपतवार निकलने से पूर्व पेन्डी मिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग और साथ ही पौध रोपण के 40–60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई–गुडाई करने पर बेहतर खरपतवार नियंत्रण प्रभावशीलता के साथ 166 प्रतिशत उच्चतर कंद उपज हासिल की गई। अत: प्याज में रीति पैकेज में सुधार करते समय इस उपचार को शामिल किया जा सकता है।

फसल सुरक्षा

अनेक रोगों एवं कीट नाशीजीवों के कारण होने वाले जैविक दबाव से प्याज व लहसुन में उपज एवं गुणवत्ता सीमित हो रही है। इनमें से, कवकीय रोग यथा *स्टेमफाइलियम* अंगमारी, पर्पल धब्बा तथा *एंथ्रेक्नॉज*, तथा कीट नाशीजीव नामत: *थ्रिप्स टैबेकी* प्रमुख जैविक एजेन्ट, हैं जिनके कारण गंभीर उपज नुकसान होता है।

आईटीएस (केवाई 611807) अनुक्रम (568 बीपी)के आधार पर *एंथ्रेक्नॉज* से संक्रमित *एलियम एन्गुलोसम* की पहचान *कोलेटोट्राइकम ट्रंकैटम* के रूप में जबकि *एलियम लाडेबॉरियेनम* में *सी. स्पीथियेनम* के रूप में की गई। एक्टिन (एमएफ582476) तथा जीडीपीएच (एमएफ282477) अनुक्रमों द्वारा अनुक्रम की पुन: पुष्टि की गई।

गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस, लहसुन का एक प्रमुख व्यापक प्रसार वाला अपक्षयी विषाणु है। गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस, के विरूद्ध प्रतिरोधी/सहिष्णु जननद्रव्य कोर समूह की पहचान करने के लिए सभी उपलब्ध कोर समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली 31 लहसुन

The effect of pollinators on quality onion seed production were evaluated the results revealed that Hymenopteran bees were the predominant insect order visiting onion seed crop and it covers about 97.14% of forage visit as compared to Lepidoptera and Diptera. Synchrony between onion flower opening and pollinators visit were evaluated that showed the supplementary bee hives are essential to achieve optimum pollination and onion seed yield. The correlation analysis between bee foraging activity, air temperature and relative humidity around the crop canopy revealed a significantly positive correlation as influenced by temperature, whereas relative humidity showed negative correlation as influenced by bee activity. Role of pollinators in onion seed yield were evaluated through pollinator exclusion method. The results showed that seed yield under pollinators accessible condition was 3.35 time higher than pollinator under non accessible condition. Weed control efficiency of different pre emergence herbicides were evaluated in onion crop during *Rabi* 2016-17. The pre-emergence application of Pendimethalin 30% EC with one hand weeding at 40-60 days after transplanting produced 166% higher bulb yield with better weed control efficiency. Hence this treatment could be incorporated while modifying the production package of practice in onion.

Crop Protection

Biotic stresses caused by a number of diseases and insect pests are limiting yield and quality in onion and garlic. Among them, fungal diseases like *Stemphilium* blight, purple blotch and anthracnose, and insect pests namely, *Thrips tabaci* are major biotic agents that cause severe yield loss.

Anthracnose infecting *Allium angulosum* was identified as *Collectotrichum truncatum* whereas, *C. spaethianum* in *Allium ledebourianum* based on ITS (KY611807) sequences (568bp). The sequence was further confirmed by Actin (MF582476) and GDPH (MF282477) sequences.

Garlic common latent virus (GarCLV) is an important widespread degenerative virus of garlic. In order to identify the resistant / tolerant germplasm core group against GarCLV, quantitative real-time PCR (qRT-PCR) using SYBR green was performed for 31

प्राप्तियों के लिए एसवाईबीआर ग्रीन का उपयोग करके मात्रात्मक यथार्थ समय पीसीआर (qRT-PCR) किया गया । प्राप्ति संख्या 176, 266 व 355 में गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस, का सबसे कम टिट्रे पता चला। इसके अलावा, जीसीएलवी का पता लगाने के लिए लूप–मीडिएटिड आइसोथर्मल एम्पलीफिकेशन किया गया। नैदानिकी प्राइमरों के आधार पर, जीसीएलवी की मौजूदगी के लिए लहसुन पत्ती नमूनों की छंटाई की गई और अनुक्रमण करके एम्पलीकॉन की पुष्टि की गई।

स्टेमफाइलियम वैसीकैरियम का बलपूर्वक टीकाकरण करके *स्टेमफाइलियम* अंगमारी के लिए 48 प्याज जीनप्ररूपों की छंटाई की गई। परिणामों में *स्टेमफाइलियम* अंगमारी रोग के विरूद्ध प्राप्ति 1613, 1624 व आरजीपी 4 संतुलित प्रतिरोधी पाई गईं जबकि प्राप्ति 1605, 1629 एवं 546–डीआर संवेदनशील अथवा सुग्राह्यशील पाई गईं। पुन: *स्टेमफाइलियम* अंगमारी रोग के विरूद्ध स्क्रीनिंग करने के लिए प्रकाश एवं तापमान में बदलाव करके पत्ती डिस्क आमाप विकसित किया गया जैसा कि पारम्परिक खेत और गमला स्क्रीनिंग से छांटे जाने वाले जीनप्ररूपों की संख्या सीमित होती है। *स्टेमफाइलियम* अंगमारी रोग के विरूद्ध प्याज जीनप्ररूपों की जांच करके इस विधि का प्रमाणीकरण किया गया। इसी दौरान, भारत में पहली बार *एलियम टयूबरोसम* पर *स्लेरोटियम राल्फेसॉई* का तथा *एलियम एन्गुलोसम* पर *कोलेटोट्राइकम ट्रंकैटम* के प्रकोप की रिपोर्ट मिली।

एलियासिये परिवार के सदस्य एक क्षमताशील कीटनाशक, मैन्नोज बाइन्डिंग लेक्टिन के लिए विख्यात हैं। इसलिए, थ्रिप्स प्रकोप के लिए चयनित *एलियम* प्रजाति यथा *ए. फिस्टुलोसम*, *ए. सीपा शेक्सपियर्स*, *ए. टयूबरोसम*, *ए. हुकराई*, *ए. शूनोप्रैजम*, *ए. सेनेसेन्स* तथा *ए. एन्गुलोसम* की स्क्रीनिंग की गई। पुन: लेक्टिन जीन को लक्षित करने वाले प्राइमरों की डिजाइन तैयार की गई। विभिन्न *एलियम* प्रजातियों से लेक्टिन जीन को प्रवर्धित किया गया। पुन: प्रत्येक थ्रिप्स में आईवाईएसवी और *टी. टैबेकी* की लैंगिक वंशावली की पहचान के लिए प्रोटोकॉल का विकास किया गया।

प्याज के प्रमुख कीट नाशीजीवों और रोगों के विरूद्ध पछेती खरीफ 2017–18 के दौरान कवकनाशी कैबरियोटॉप के साथ संयोजन में अथवा अकेले नए कीटनाशक सिन्ट्रानिलिप्रोल के प्रयोग के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। खेत परिस्थितियों में कुल छ: उपचार आजमाए गए जिनमें (i) जल का छिड़काव तथा (ii) फिप्रोनिल एवं प्रोपिकोनाजॉल का उपयोग क्रमश: कीटनाशी और कवकनाशी के रूप में किया गया। प्रभावशीलता डाटा से पता चला कि सिन्ट्रानिलिप्रोल (0.9 मिलि./लि.) अकेले तथा कवकनाशी (सिन्ट्रानिलिप्रोल 0.9 मिलि./लि.) के साथ संयोजन में प्रयोग करने पर नियंत्रण की तुलना में थ्रिप्स संख्या(में उल्लेखनीय कमी प्रदर्शित हुई।

रबी, 2017–18 के दौरान खेत परिस्थितियों में लहसुन पर *थ्रिप्स टैबेकी* के विरूद्ध दो सुगन्धित तेल नामत: यूकेलिप्टस तेल एवं

garlic accessions representing all available core groups. Accession no. 176, 266 and 355 revealed lowest titre of GarCLV. Besides, Loop-mediated isothermal Amplification (LAMP) for detection of GCLV was done. Based on diagnostic primers, garlic leaf samples were screened for presence of GCLV and the amplicon was confirmed by sequencing.

Forty eight onion genotypes were screened for *Stemphylium* blight using forced inoculation of *Stemphylium vasicarium*. Results revealed that accessions 1613, 1624 and RGP-4 were found to be moderately resistant, whereas accessions 1605, 1629 and 546-DR were relatively susceptible to *stemphylium* blight. Further, leaf disk assay was developed by altering light and temperature conditions for screening against *Stemphylium* blight, as the conventional field and pot screening limits numbers of genotypes to be screened. This method was validated by testing the genotypes of onion against stemphylium blight. Meanwhile, Incidence of *Sclerotium rolfsii* on *Allium tuberosum* and *Colletotrichum truncatum* on *Allium angulosum* were first reported from India.

Members of the family Alliaceae are well known for their mannose binding lectin, a potent insecticide. Therefore, selected Allium species such as *A. fistulosum, A. cepa shakespearse, A. tuberosum, A. hookari, A. schoenoprasum, A. senescens, A. angulosum* were screened for thrips incidence. Further, primers targeting lectin gene were designed. The lectin gene from various *Allium* species was amplified. Further, The protocol for detection of IYSV in individual thrips and sexual lineage of *T tabaci* was developed.

New insecticide cyantraniliprole, alone and in combinations with fungicide cabriotop were evaluated during Late *kharif*, 2017-18 against major insect pests and diseases of onion. Total of six treatments were imposed under field conditions, of which (i) water spray and (ii) fipronil and propiconazole were used as control for insecticide and fungicide, respectively. Efficacy data revealed that cyantraniliprole (@ 0.9 ml/lit) alone and in combination with fungicide (cyantraniliprole (@ 0.9 ml/lit) + cabriotop 2g/lit) showed significant reduction of thrips population over control.

Two essential oils namely, Eucalyptus oil and Lemongrass oil each at two concentrations (2ml/lit and 4 ml/lit) were evaluated against *Thrips tabaci* on

लेमनग्रास तेल प्रत्येक का दो मात्राओं यथा (2 मिलि./लि. एवं 4 मिलि./लि.) में मूल्यांकन किया गया। परिणामों में पता चला कि थ्रिप्स की संख्या/ में कमी लाने (26.82 से 50.43 प्रतिशत) में यूकेलिप्टस तेल 4 मिलि./लि. का प्रयोग सर्वाधिक प्रभावी था। पुन: प्याज थ्रिप्स में वोल्टेज गेटिड सोडियम चैनल जीन, सम्बद्ध पायरेथ्रॉइड प्रतिरोधिता में उत्परिवर्तन की जांच करने के लिए एक अध्ययन किया गया। जीन का आंशिक प्रवर्धन एवं अनुक्रमण (177 बीपी) किया गया। प्रवर्धित रीजन के भीतर प्याज थ्रिप्स में पायरेथ्राइड प्रतिरोधिता से संबंधित कोई ऐसा विशिष्टि उत्परिवर्तन नहीं खोजा गया।

फसलों की रोपाई की प्रत्येक तारीख के लिए मौसम सूचकांक आधारित समाश्रयण मॉडल विकसित किए गए। वर्ष 2000 से 2015 के दौरान पुणे जिले में विभिन्न मौसमों में पाक्षिक अंतराल (15 जून, 01 जुलाई, 15 जुलाई, 01 अगस्त, 15 अगस्त, 01 सितम्बर, 15 सितम्बर, 01 अक्तूबर, 15 अक्तूबर, 01 नवम्बर, 15 नवम्बर, 01 दिसम्बर, 15 दिसम्बर, 01 जनवरी तथा 15 जनवरी) को विभिन्न तारीखों पर खेत परीक्षणों में बुवाई की गई। स्वतंत्र परिवर्त के रूप में मौसम सूचकांक का उपयोग करके मॉडल विकसित किए गए जबकि अध्ययन के तहत गुण अथवा लक्षण जैसे कि थ्रिप्स के पहली बार दिखाई देने पर फसल की आयु (वाई 1); थ्रिप्स् की अति व्यस्त संख्या पर फसल आयु (वाई 2) एवं अधिकतम थ्रिप्स संख्या (वाई 3) का उपयोग प्याज फसल के लिए स्वतंत्र परिवर्त के रूप में किया गया। सभी मॉडलों में उल्लेखनीय परिवर्त का चयन करने के लिए चरणबद्ध तरीके से समाश्रयण तकनीक का उपयोग किया गया। रोपण की विभिन्न तारीखों में भिन्न लक्षणों के लिए किए गए पूर्वानुमान हासिल परिणामों के समान ही थे। निर्धारण के सभी गुणांक के साथ मॉडल अच्छी तरह से उपयुक्त रहे। इसलिए, रोपण के सप्ताह से प्रारंभ करके फसल बढ़वार के छ: सप्ताह तक साप्ताहिक मौसम डाटा के आधार पर इन मॉडलों का प्रयोग थ्रिप्स के विश्वसनीय पूर्वानुमान के लिए किया जा सकता है।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा की गई नियमित मॉनीटरिंग एवं प्याज नाशीजीव निगरानी के परिणामस्वरूप लेपिडोप्टेरान, प्याज में एक उभरता हुआ नाशीजीव पाया। वर्ष 2017–18 के दौरान प्याज फसल में लेपिडोप्टेरान नाशीजीव यथा स्पोडोप्टेरा उप–प्रजाति कॉम्पलेक्स के प्रकोप को दर्ज किया गया। तथापि इसे गौण नाशीजीव माना गया लेकिन इसका हालिया संक्रमण स्तर अधिक पाया गया जो कि प्याज उत्पादन के लिए एक गंभीर खतरा है। खेत से अण्डा द्रव्यमान अथवा पिंड एकत्रित किए गए और उन्हें प्रयोगशाला परिस्थितियों के तहत पाला गया। पुन: *स्पोडोप्टेकरा लिटुरा* एवं *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* के रूप में उनके वयस्क पंख शिराविन्यास पैटर्न के आधार पर नमूनों की पहचान की गई। साथ–साथ एलसीओ 1480 एवं एचसीओ 1298 प्राइमरों का उपयोग करके डीएनए बारकोडिंग के माध्यमों से इसकी पुष्टि की गई। एम्पलीकॉन्सं का अनुक्रमण किया गया और उन्हें एनसीबीआई जीनबैंक डाटाबेस में जमा कराकर *एस. एक्सिगुआ* तथा *एस. लिटुरा*

garlic under field conditions during Rabi, 2017-18. Results revealed that Eucalyptus oil @ 4 ml/lit was most effective for thrips population reduction (26.82 to 50.43 %). Further, a study was conducted to investigate the mutation in voltage gated sodium channel gene, associated pyrethroid resistance in onion thrips. The gene was partially amplified and sequenced (177 bp). Within the amplified region no such specific mutation pertaining pyrethroid resistance in onion thrips was detected.

Weather indices based regression models were developed for each date of planting of crops. The field trials were sown on different dates at fortnightly intervals (15-June, 01-July, 15-July, 01-Aug, 15-Aug, 01-Sep, 15-Sep, 01-Oct, 15-Oct, 01-Nov, 15-Nov, 01-Dec, 15-Dec, 01-Jan and 15-Jan) in different seasons at Pune during 2000 to 2015. Models were developed using weather indices as independent variables, while character under study such as crop age at first appearance of thrips (Y1), crop age at peak population of thrips (Y2) and maximum thrips population (Y3) was used as dependent variable for onion crop. Stepwise regression technique has been used for selecting significant variables in all the models. The forecasts for different character in various date of planting were at par with the observed one. The models fitted well with all the coefficients of determination. Therefore these models, based on weekly weather data starting from week of planting up to six weeks of crop growth, can be used for reliable forewarning of thrips.

Regular monitoring and onion pest surveillance by ICAR-DOGR found lepidopterans as emerging pests in onion. Incidences of lepidopteran pest *viz., Spodoptera spp.* Complex was recorded in onion during 2017-18. Though considered as minor pest, their recent infestation levels were found to be high, posing serious threat to onion production. Egg masses from the field were collected and reared under laboratory conditions. Further, specimens were identified based on their adult wing venation patterns as *Spodoptera litura* and *Spodoptera exigua*. Simultaneously, it confirmed through DNA bar coding using LCO 1480 and HCO 1298 primers. Ampilcons were sequenced and submitted to NCBI GenBank Database and recieved Nucleotide

के लिए क्रमश: न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम प्राप्ति संख्या एमजी 745792 एवं एमजी 745793 प्राप्त की गई। तदुपरान्त *एस. लिटुरा* एवं *एस. एक्सिगुआ* दोनों के जीवविज्ञान का अध्ययन प्रयोगशाला में किया गया।

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों नामत: भीमा किरन, भीमा शक्ति, भीमा राज, भीमा रेड़, भीमा डार्क रेड़, भीमा सुपर, भीमा श्वेता और भीमा शुभ्रा की निर्जलीकरण एवं पुनर्जलीकरण विशेषताओं का मूल्यांकन किया गया। पुन: प्रारंभिक नमी मात्रा, कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश एवं अन्य जैव–रासायनिक पैरामीटरों का विश्लेषण किया गया।भीमा सुपर में निर्जलीकरण अनुपात और भीमा शुभ्रा में पुनर्जलीकरण अनुपात सबसे ज्यादा पाया गया।

प्रसार

कुल मिलाकर रबी, खरीफ और पछेती खरीफ मौसम के दौरान तीन राज्यों क्रमश: महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में छ: अग्रिम पंक्तिप्रदर्शन लगाए गए। निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों के बीजों को इन राज्यों के चयनित प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। स्थानीय किस्मों की व्यवस्था किसानों द्वारा स्वयं की गई। सभी प्रदर्शनों में स्थानीय तुलनीय किस्मों के मुकाबले में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित किस्मों का प्रदर्शन कहीं बेहतर पाया गया। प्रशिक्षण हस्तक्षेपों के कारण प्याज व लहसुन की खेती करने वाले किसानों द्वारा अर्जित जानकारी एवं कौशल पर एक प्रभाव अध्ययन आयोजित किया गया जिसमें केवल व्याख्यान विधि आजमाने पर सबसे कम अधिगम सूचकांक (3.12) प्रदर्शित हुआ। यह सूचकांक व्याख्यान + चर्चा +प्रदर्शन विधि को आजमाने पर सबसे अधिक (7.28) पाया गया। परिणामों से पता चला कि प्रशिक्षण की अन्यन विधियों की तुलना में व्याख्यान के उपरांत चर्चा करने और प्रदर्शन करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कहीं अधिक सफल रहा। वर्ष के दौरान, मेरा गांव मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना और आत्मा योजना के तहत किसानों के लिए कुल 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 1971 किसानों ने भाग लिया। निदेशालय द्वारा दस कुशल सहायी कर्मचारियों के लिए भी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्याज व लहसुन की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आठ प्रदर्शनियों में भाग लिया।

विविध

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा दिनांक 16 जून, 2017 को अपना 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सद्भावना दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, साम्प्रदायिक सद्भावना सप्ताह, संविधान दिवस, कृषि शिक्षा

sequence accession No. MG745792 for *S. exigua* and MG745793 for *S. litura*. Subsequently biology of both *S. litura* and *S. exigua* were studied under laboratory conditions.

Post-Harvest Technology

Dehydration and rehydration characteristics of DOGR onion varieties (Bhima Kiran, Bhima Shakti, Bhima Raj, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Super, Bhima Shweta and Bhima Shubhra) were evaluated. Further, initial moisture content, total soluble solids (TSS) and other biochemical parameters were also analysed. Dehydration ratio was found maximum in Bhima Super and rehydration ratio was found maximum in Bhima Shubhra.

Extension

In total, six front-line demonstrations were conducted in three states *viz.,* Maharashtra, Karnataka and Gujarat during *rabi, kharif* and late *kharif* seasons, respectively. The seeds of onion varieties developed by the Directorate were provided to the selected progressive farmers of these states. Seeds of local varieties were arranged by the farmers. ICAR-DOGR varieties were performed better than local varieties in all demonstrations. An impact study conducted on knowledge and skill gained by onion and garlic farmers due to training interventions showed least Learning Index (3.12) when applied the lecture method. It was highest (7.28) for Lecture + Discussion + Demonstration method. Findings indicated that when lecture followed by discussion and demonstration, the training was more successful than the training programmes in which other methods were followed.

During the year, twenty-eight trainings were conducted for the farmers under *Mera Gaon Mera Gaurav*, Tribal Sub-Plan and ATMA scheme which were attended by 1971 farmers. One training programme was also organized for 10 Skilled Supporting Staff by the Directorate. ICAR-DOGR participated in eight exhibitions to showcase onion and garlic technologies.

Miscellaneous

The Directorate celebrated its 20th Foundation Day on 16th June 2017. It also celebrated International Yoga Day, Sadbhavana Diwas, Rashtriya Ekata Diwas, Communal Harmony Week, Constitution Day,

दिवस तथा स्वच्छ भारत पखवाड़ा आदि भी मनाया गया। निदेशालय द्वारा निर्धारित समय–सारणी के अनुसार अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना, अनुसंधान सलाहकार समिति, संस्थान प्रबंधन समिति आदि सहित सभी जरूरी बैठकों का आयोजन किया गया। समय समय पर भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा, सतर्कता सप्ताह एवं स्वच्छ भारत अभियान गतिविधियों तथा अन्य सरकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नियमित रूप से निदेशालय की वेबसाइट पर किसानों के लाभ हेतु प्याज व लहसुन फसल के लिए मासिक परामर्श को अपलोड किया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा 71.88 लाख रूपये का राजस्व सृजित किया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने 324 किसानों 86 सरकारी एवं 115 निजी बीज उत्पादक संगठनों व कम्पनियों को प्याज बीज एवं लहसुन की रोपण सामग्री की आपूर्ती की।

Agricultural Education Day, Swachh Bharat Pakhwara etc. The Directorate organized all mandatory meetings including Annual group meeting of AINRPOG, RAC, IMC, etc as per schedule. ICAR-DOGR also organized Hindi Pakhwara, Vigilance week and Swachh Bharat Abhiyan activities and other official events time to time. Monthly advisory for onion and garlic crop for the farmers' benefit uploaded on website of the Directorate regularly. ICAR-DOGR also generated the revenue of 71.88 lakhs during the year. ICAR-DOGR supplied onion seed and garlic planting material to 324 farmers, 86 government and 115 private seed producing organizations and companies.

परिचय
Introduction

निदेशालय

देश में प्याज व लहसुन के महत्व को महसूस करते हुए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) द्वारा वर्ष 1994 में आठवीं योजना के दौरान नासिक में प्याज एवं लहसुन के लिए एक राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया गया। बाद में, दिनांक 16 जून, 1998 को केन्द्र का स्थानान्तरण राजगुरूनगर में किया गया। प्याज एवं लहसुन की अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियों का विस्तार होने के कारण, दिसम्बर, 2008 में केन्द्र का उन्नयन प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के रूप में किया गया। मुख्य संस्थान में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के साथ साथ भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के अंतर्गत देशभर में 9 सहभागी केन्द्रों और 14 स्वैच्छिक केन्द्रों के साथ अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना भी है।

अवस्थिति एवं मौसम

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का मुख्यालय पुणे–नासिक राजमार्ग पर पुणे, महाराष्ट्र से लगभग 45 किमी. दूर राजगुरूनगर में स्थित है। यह स्थान औसत समुद्र तल से 553.8 मीटर की ऊंचाई पर 18.32 उत्तर एवं 73.51 पूर्व में स्थित है और यहां का तापमान 5.5° सेल्सियस से 42.0° सेल्सियस के बीच तथा वार्षिक औसत वर्षा 660 मिमी. रहती है।

बुनियादी सुविधा

केन्द्र के पास राजगुरूनगर में बारहमासी सिंचाई सुविधाओं के साथ 55 एकड़ कृषि फार्म, कालुस में 56 एकड़ और मंजरी में 10 एकड़ का कृषि फार्म है। केन्द्र में आधुनिक स्टेट ऑफ दि आर्ट उपकरणों के साथ जैव–प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, पौधा सुरक्षा, बीज प्रौद्योगिकी और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं। केन्द्र के पुस्तकालय में एलियम पर पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा ई–सोर्स का व्यापक संकलन है। साहित्य तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन्टरनेट और ई–मेल कनेक्टीविटी सुविधाओं को मजबूती प्रदान की गई है। केन्द्र की अपनी वेबसाइट http://dogr.res.in है जिसके माध्यम से प्याज

The Directorate

Realizing the importance of onion and garlic in the country, Indian Council of Agricultural Research (ICAR) established National Research Centre for Onion and Garlic in VIII Plan at Nasik in 1994. Later, the Centre was shifted to Rajgurunagar on 16 June 1998. Due to expansion of R&D activities of onion and garlic, the centre was rechristened and upgraded to Directorate of Onion and Garlic Research in December 2008. Besides the R&D at main Institute, ICAR-DOGR also has All India Network Research Project on Onion and Garlic with 9 participating centres and 14 voluntary centres across the country.

Location and weather

The Head Quarter of Directorate located at Rajgurunagar, is about 45 km from Pune, Maharashtra on Pune -Nashik Highway. It is 18.32 N and 73.51 E at 553.8 m above m.s.l. with a temperature range of 5.5 °C to 42.0 °C and having annual average rainfall of 669 mm.

Infrastructure

The centre has 55 acres of research farm with perennial irrigation facilities at Rajgurunagar, 56 acres at Kalus and 10 acres at Manjari. The centre has research laboratories for biotechnology, soil science, plant protection, seed technology and post-harvest technology with modern state of the art equipments. The library at the centre has extensive collection of books, journals, e-sources on Alliums. The internet and e-mail connectivity has been strengthened for easy literature access. The centre has its own website: http://dogr.res.in, which provides rapid updates and all relevant

एवं लहसुन पर सभी प्रासंगिक जानकारी और भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के प्रशासनिक मामलों की नवीनतम जानकारी को शीघ्रता से उपलब्ध कराया जाता है।

दृष्टि

प्याज एवं लहसुन के उत्पादन, उत्पादकता, निर्यात में सुधार लाना तथा मूल्य–वर्धन करना।

लक्ष्य

गुणवत्ता उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण के संबंध में प्याज एवं लहसुन की समग्र वृद्धि को बढ़ावा देना।

अधिदेश

- प्याज एवं लहसुन के उत्पादन में वृध्दि करने एवं इसे सतत बनाए रखने के लिए आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, फसल सुधार तथा उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर बुनियादी कार्यनीतिक और प्रायोगिक अनुसंधान ।
- प्याज एवं लहसुन की उत्पादकता में वृध्दि करने के लिए प्रौद्योगिकी अंतरण और हितधारकों का क्षमता निर्माण ।
- प्याज और लहसुन पर एआईएनआरपी के जरिए अनुसंधान समन्वय एवं प्रौद्योगिकियों का वैधीकरण।

information on onion and garlic and administrative matters of ICAR-DOGR.

Vision

To improve production, productivity, export and add on value of onion and garlic.

Mission

To promote overall growth of onion and garlic in terms of enhancement of quality production, export and processing.

Mandate

- Basic, strategic and applied research on genetic resource management, crop improvement and production technologies for enhancing and sustaining production of onion and garlic.
- Transfer of technology and capacity building of stakeholders for enhancing productivity of onion and garlic.
- Coordinate research and validation of technologies through AINRP on onion and garlic.

संगठन रूपरेखा
Organogram



प्रगति प्रतिवेदन
Progress Report
फसल सुधार
Crop Improvement

परियोजना 1 : *एलियम* प्रजातियों के आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण, लक्षणवर्णन एवं उपयोगिता

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय *एलियम* प्रजातियों के लिए राष्ट्रीय सक्रिय जननद्रव्य स्थल के रूप में कार्य कर रहा है। वर्तमान में अपने खेत जीनबैंक में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के पास लगभग प्याज जननद्रव्य की 1700 प्राप्तियों, 700 लहसुन तथा 27 अन्य *एलियम* प्रजातियों का संग्रहण है जिसमें खाने योग्य *एलियम* यथा *ए. फिस्टुलोसम*, *ए. टयूबरोसम*, *ए. एम्पेलेप्रैजम*, *ए. शूनोप्रैजम* आदि शामिल है। कुछ *एलियम* प्रजातियों को भारत के हिमालयन और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अल्प दोहिता के रूप में पुन: लगाया गया है। ये सभी वन्य *एलियम* प्रजातियां खोजे नहीं गए जीनों का भरपूर स्रोत हैं। इन *एलियम* प्रजातियों के संकलन, संरक्षण और लक्षणवर्णन पर वर्तमान स्थिति को नीचे दर्शाया गया है।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर में वन्य *एलियम* का संकलन, संरक्षण एवं प्रलेखन

वर्तमान में भाकृअनुप– प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर में 27 विभिन्न *एलियम* प्रजातियां मौजूद हैं जिनमें से कुछ प्रजातियों का वर्गीकरण अध्ययन किया जा रहा है अथवा अभी तक इनकी वानस्पतिक दृष्टि से पहचान नहीं की जा सकी है। अत: ज्ञात 18 प्रजातियों का लक्षणवर्णन विभिन्न गुणों के लिए किया गया जैसे कि पौधा ऊंचाई, प्रति दोजी पत्तियों की संख्या, प्रति पौधा दोजियों की संख्या, पहली बार पुष्पन में लगने वाला समय (दिनों में) तथा 50 प्रतिशत पुष्पन में लगने वाला समय (दिनों में)। मूल्यांकन की गई विभिन्न प्रजातियों में, *ए. प्रिज्वल्सकियेनम* में न्यूनतम पौधा ऊंचाई, पत्तियों की कम संख्या के साथ साथ प्रति पौधा दोजियों की न्यूनतम संख्या देखने को मिली हालांकि, सबसे अधिक पौधा ऊंचाई *ए. एम्पेलेप्रैजम* में और प्रति पौधा अधिकतम दोजियां *ए. फ्रैगरेन्स* में पाई गई। प्रजाति *एलियम टयूबरोसम* में प्रति पौधा दोजियों की संख्या के लिए उल्लेखनीय भिन्नता (1.8–30.6) पाई गई। विभिन्न 27 *एलियम* प्रजातियों में, सात प्रजातियों में पुष्पन पाया गया। एक वंशक्रम *एलियम आल्टाइकम* पाल ईसी – 328485 में रोपाई के 174 दिन बाद प्रथम पुष्पन दर्ज किया गया। *एलियम फिस्टुलोसम* में, सभी वंशक्रमों में रोपाई के 103–244

Project 1: Conservation, characterization, and utilization of genetic resources of *Allium* species

खरीफ मौसम के दौरान जल भराव की दबाव परिस्थितियों में सर्वाधिक संवेदनशील बढ़वार अवस्था का पता लगाने के लिए कृत्रिम जल भराव परिस्थिति में एक प्रयोग किया गया जिसमें प्याज की किस्म भीमा सुपर का उपयोग किया गया। कुल 45 दिन पुरानी पौध को प्लास्टिक के गमलों में रोपा गया और प्याज फसल की सम्पूर्ण बढ़वार अवधि को 11 विभिन्न बढ़वार चरणों में बांट दिया गया। प्रत्येक बढ़वार चरण के दौरान लगातार दस दिनों के लिए पौधों को गड्ढे में उत्पन्न की गई जल भराव परिस्थिति में रखा गया और उसके बाद सम्पूर्ण बढ़वार अवधि के दौरान सामान्य सिंचाई समय–सारणी का अनुपालन किया गया। जब पौध रोपण के 70–90 दिनों बाद जल भराव दबाव उत्पन्न किया गया तब पौद की उत्तरजीविता प्रतिशत बहुत कम पाई गई। प्रारंभिक शाकीय अवस्था यथा पौध रोपण के 1–20 दिन बाद और कंदीय परिपक्वता अवस्था यथा पौध रोपण के 90–110 दिन बाद जल भराव उपचार दबाव का प्रभाव अपेक्षाकृत कम पाया गया जैसा कि इस दबाव के बाद अधिकांश पौधे उत्तरजीवी बने रहने और दबाव से बाहर निकलने में सफल रहे (चित्र 3.3)। जल भराव दबाव के कारण पौधे की समग्र बनावट विशेषकर पौधा ऊंचाई, पत्ती की लंबाई तथा पत्ती क्षेत्रफल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । पौध रोपण के 1–20 दिन बाद की प्रारंभिक फसल बढ़वार अवधि और कंद परिपक्वता अवस्था (पौध रोपण के 90–110 दिन बाद) जल भराव दबाव के प्रति कम संवेदनशील पाई गई। इस परिस्थिति में आकृतिविज्ञान पैरामीटर बने रहे जिनका कि जल भराव परिस्थितियों के तहत बेहतर प्रदर्शन करने में योगदान हो सकता है (चित्र 3.4)। पौधा ऊंचाई और पत्तीय लंबाई जैसे वृद्धि प्रदर्शन के लिए कंट्रोल पौधों की तुलना में पौध रोपण के 10–20 दिन बाद के दौरान जल भराव उपचार उल्लेखनीय रूप से कहीं बेहतर पाया गया (चित्र 3.5)। जब जल भराव दबाव को पौध रोपण के 20–30 दिन आजमाया गया तब प्रकाश संश्लेषण में योगदान करने वाले पैरामीटर यथा क्लोरोफिल मात्रा उल्लेखनीय रूप से कम पाई गई जबकि अन्य बढ़वार अवस्थाओं में क्लोरोफिल स्तर पर जल भराव का कोई विशेष प्रभाव देखने को नहीं मिला। प्रारंभिक कंद पहल के दौरान एवं तदुपरान्त परिपक्वता अवस्था में जल भराव दबाव की परिस्थिति बने रहने फसल में फिनोल तथा फ्लेवोनॉइड्स मात्रा बनी रही। इसके विपरीत, पौध रोपण के 20–30 दिन बाद जल भराव दबाव वाले पौधों में उपरोक्त उपापचय में अभूतपूर्व कमी दर्ज की गई (चित्र 3.6)। जल भराव दबाव की प्रतिक्रिया वाले नियंत्रण पौधों की तुलना में दबावग्रस्त वाले पौधों में उल्लेखनीय रूप से उच्चतर प्रति–ऑक्सीकारक सक्रियता दर्ज की गई हालांकि, अन्य बढ़वार अवस्थाओं के मुकाबले में पौध रोपण के 1–20 दिन बाद प्रारंभिक फसल बढ़वार अवस्थां में बेहतर प्रतिक्रिया देखने को मिली। कंद विकास अवस्था (पौध रोपण के 20–80 दिन बाद) के दौरान जल

Identification of sensitive growth stage in onion crop for water logging stress

An experiment was conducted under artificial water-logging condition to identify the most sensitive growth stage for water logging stress in onion variety Bhima Super during *kharif*. The 45 days old seedlings were transplanted in plastic pots and the entire growth period of onion crop was divided into 11 different growth phases. Plants were subjected to water-logging condition created in pit for continuous 10 days during each growth phase and thereafter normal irrigation schedule was followed through-out the growth period. The survival percentage of seedlings was found to be low when water-logging stress was imposed 70-90 days after transplanting (DAT). The flooding treatment during early vegetative stage i.e. 1- 20 DAT and towards the bulb maturity stage i.e. 90-110 DAT was found to be less detrimental as most of the plants are able to survive and recovered after the stress (Fig. 3.3). Water logging stress adversely affects the overall plant architecture particularly, the plant height, leaf length and leaf area. The initial crop growth period from 1-20 DAT and towards bulb maturity stage (90-110 DAT) was found to be less sensitive to flooding as it maintained its morphological parameters that might contributes to its better performance under water-logging condition (Fig.3.4). The water-logging treatment during 10-20 DAT was found to be significantly superior over control plants for growth performance like plant height and leaf length (Fig.3.5). Photosynthesis contributing parameter viz. chlorophyll content found to be significantly lower when stress was imposed 20-30 DAT whereas, there was non-significant affect of flooding on chlorophyll level in other growth stages. The water-logging stress during the early bulb initiation followed by bulb maturity stage is able to maintain its phenol and flavanoids content. In contrast, plants subjected to water logging stress during 20-30 DAT recorded a drastic reduction in the above metabolites (Fig.3.6). The significantly higher antioxidant activity was recorded in stressed subjected plants as compared to control plants in response to water-logging however, early crop growth stage (1-20 DAT) responded superiorly as compared to other growth stages.

भराव दबाव में अच्छी गुणवत्ता वाले विपणन योग्य कंद उत्पन्न नहीं हुए। जबकि प्रारंभिक शाकीय चरण (पौध रोपण के 1–20 दिन बाद) और बढ़वार अवस्था में दिखने वाला कंदीय परिपक्वता चरण जल भराव दबाव के प्रति कम संवेदनशील पाया गया क्योंकि पौधे विपणन योग्य आकार, भार और गुणवत्ता वाले कंदों का उत्पादन करने में समर्थ हैं और पुन: यह पौधे उल्लेखनीय रूप से नियंत्रण पौधों के कंदों के समतुल्य पाए गए (चित्र 3.3)। पौध रोपण के 20 से 90 दिनों बाद वाली फसल बढ़वार अवधि को एकसाथ देखने पर वह जल भराव दबाव के प्रति संवेदनशील पाई गई जैसा कि इस दौरान पौधों के विभिन्न आकृतिविज्ञान गुणों, उत्तरजीविता दर, कंद गुणवत्ता विशेषताओं में कमी देखने को मिली और साथ ही ये पौधे विपणन योग्य आकार वाले कंद को उत्पन्न करने में असफल रहे। हालांकि, पौध रोपण के 20–30 दिन बाद वाली बढ़वार अवधि (कंद गठन प्रारंभ होने की अवस्था) सर्वाधिक नाजुक अवस्था पाई गई क्योंकि इस दौरान कंद गठन प्रारंभ नहीं हो सका और साथ फसल बढ़वार और गुणवत्ता में सम्यक कमी आई। इसके विपरीत, प्रारंभिक शाकीय चरण (पौध रोपण के 1–20 दिन बाद) तथा कंद परिपक्वता अवस्था (पौध रोपण के 90–110 दिन बाद) के दौरान जल भराव स्थिति कम नुकसादायक पाई गई क्यों कि इस दौरान अधिकांश पौधे बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीवित बचे रहे और

Water-logging stress during the bulb development stage (20- 80 DAT) failed to produce marketable size bulbs of good quality. Whereas, the early vegetative phase (1-20 DAT) and growth stage reflecting bulb maturity phase found to be less prone to flooding stress as the plants are able to produce bulbs of marketable size, weight and quality that are further found to be significantly at par with bulb from control plants (Fig.3.3). Taken together the crop growth period from 20 to 90 days after transplanting (DAT) is found to be sensitive to water logging stress as the plants showed reduction in various morphological traits, survival rate, bulb quality traits and failed to produce marketable size bulbs. However, the growth period from 20-30 DAT (Bulb initiation stage) is found to be the most critical one as it failed to initiate the bulb formation with overall reduction in crop growth and quality. In contrast, the flooding during early vegetative phase (1-20 DAT) and towards the bulb maturity stage (90-110 DAT) was found to be less damaging as most of the plants are able to







चित्र 3.3 : प्याज की फसल में उत्तरजीविता प्रतिशत क्लोरोफिल (पत्ती) तथा पाइरूविक अम्ल (कंद) पर विशिष्ट बढ़वार अवस्था में जल भराव दबाव (10 दिन) का प्रभाव।

Fig.3.3: Effect of water-logging stress (10 days) at specific growth stage on survival percentage chlorophyll (leaf) and pyruvic acid (bulb) in onion crop

टी–1 : पौध रोपण के 1–10 दिन बाद; टी–2 : पौध रोपण के 10–20 दिन बाद; टी–3 : पौध रोपण के 20–30 दिन बाद; टी–4 : पौध रोपण के 30–40 दिन बाद; टी–5 : पौध रोपण के 40–50 दिन बाद; टी–6 : पौध रोपण के 50–60 दिन बाद; टी–7 : पौध रोपण के 60–70 दिन बाद; टी–8 : पौध रोपण के 70–80 दिन बाद; टी–9 : पौध रोपण के 80–90 दिन बाद; टी–10 : पौध रोपण के 90–100 दिन बाद; टी–11 : पौध रोपण के 100–110 दिन बाद; नियंत्रण : सामान्य सिंचाई अनुसूची

T1: 1-10 DAT, T2: 10-20 DAT, T3: 20-30 DAT, T4: 30-40 DAT, T5: 40-50 DAT; T6: 50-60 DAT, T7: 60-70 DAT, T8: 70-80 DAT, T9: 80-90 DAT, T10: 90-100 DAT, T11: 100-110 DAT, Control: Normal irrigation schedule

वे विपणन योग्य आकार के कंदों को उत्पन्न करने में सफल रहे। इस प्रकार अध्य यन के माध्यम से जल भराव दबाव वाली स्थिति के लिए प्याज फसल में सर्वाधिक संवेदनशील बढ़वार अवस्था पौध रोपण के 20–90 दिन बाद पाई गई।

survive with better performance and able to produces marketable size bulbs. The study thus identified 20-90 DAT as the most sensitive growth stage in onion crop for water-logging stress.

चित्र 3.4 : प्याज किस्म भीमा सुपर में विशिष्ट बढ़वार अवस्था में जल भराव दबाव (10 दिन) का प्रभाव।

Fig.3.4: Effect of water-logging stress (10 days) at specific growth stage in onion variety Bhima Super

टी–1 : पौध रोपण के 1–10 दिन बाद; टी–2 : पौध रोपण के 10–20 दिन बाद; टी–3 : पौध रोपण के 20–30 दिन बाद; टी–4 : पौध रोपण के 30–40 दिन बाद; टी–5 : पौध रोपण के 40–50 दिन बाद; टी–6 : पौध रोपण के 50–60 दिन बाद; टी–7 : पौध रोपण के 60–70 दिन बाद; टी–8 : पौध रोपण के 70–80 दिन बाद; टी–9 : पौध रोपण के 80–90 दिन बाद; टी–10 : पौध रोपण के 90–100 दिन बाद; टी–11 : पौध रोपण के 100–110 दिन बाद; नियंत्रण : सामान्य सिंचाई अनुसूची

T1: 1-10 DAT, T2: 10-20 DAT, T3: 20-30 DAT, T4: 30-40 DAT, T5: 40-50 DAT; T6: 50-60 DAT, T7:60-70 DAT, T8: 70-80 DAT, T9: 80-90 DAT, T10: 90-100 DAT, T11: 100-110 DAT, Control: Normal irrigation schedule



चित्र 3.5 : प्याज की फसल में आकृतिविज्ञान पैरामीटरों पर विशिष्ट बढ़वार अवस्था में जल भराव दबाव (10 दिन) का प्रभाव ।

Fig.3.5: Effect of water-logging stress (10 days) at specific growth stage on morphological parameters in onion crop

टी–1 : पौध रोपण के 1–10 दिन बाद; टी–2 : पौध रोपण के 10–20 दिन बाद; टी–3 : पौध रोपण के 20–30 दिन बाद; टी–4 : पौध रोपण के 30–40 दिन बाद; टी–5 : पौध रोपण के 40–50 दिन बाद; टी–6 : पौध रोपण के 50–60 दिन बाद; टी–7 : पौध रोपण के 60–70 दिन बाद; टी–8 : पौध रोपण के 70–80 दिन बाद; टी–9 : पौध रोपण के 80–90 दिन बाद; टी–10 : पौध रोपण के 90–100 दिन बाद; टी–11 : पौध रोपण के 100–110 दिन बाद; नियंत्रण : सामान्य: सिंचाई अनुसूची

T1: 1-10 DAT, T2: 10-20 DAT, T3: 20-30 DAT, T4: 30-40 DAT, T5: 40-50 DAT, T6: 50-60 DAT, T7: 60-70 DAT, T8: 70-80 DAT, T9: 80-90 DAT, T10: 90-100 DAT, T11: 100-110 DAT, Control: Normal irrigation schedule



चित्र 3.6 : प्याज की फसल में जैव–रासायनिक पैरामीटरों पर विशिष्ट बढ़वार अवस्था में जल भराव दबाव (10 दिन) का प्रभाव ।

Fig. 3.6: Effect of water-logging stress (10 days) at specific growth stage on biochemical parameters in onion crop

टी–1 : पौध रोपण के 1–10 दिन बाद; टी–2 : पौध रोपण के 10–20 दिन बाद; टी–3 : पौध रोपण के 20–30 दिन बाद; टी–4 : पौध रोपण के 30–40 दिन बाद; टी–5 : पौध रोपण के 40–50 दिन बाद; टी–6 : पौध रोपण के 50–60 दिन बाद; टी–7 : पौध रोपण के 60–70 दिन बाद; टी–8 : पौध रोपण के 70–80 दिन बाद; टी–9 : पौध रोपण के 80–90 दिन बाद; टी–10 : पौध रोपण के 90–100 दिन बाद; टी–11 : पौध रोपण के 100–110 दिन बाद; नियंत्रण : सामान्य सिंचाई अनुसूची

T1: 1-10 DAT, T2: 10-20 DAT, T3: 20-30 DAT, T4: 30-40 DAT, T5: 40-50 DAT, T6: 50-60 DAT, T7: 60-70 DAT, T8: 70-80 DAT, T9: 80-90 DAT, T10: 90-100 DAT, T11: 100-110 DAT, Control: Normal irrigation schedule

सूखा दबाव की प्रतिक्रिया में प्याज प्रविष्टियों में जड़ अध्ययन

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों सहित 20 प्याज प्रविष्टियों में जड़ वृद्धि पर सूखा दबाव के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रयोग किया गया। 45 दिन पुरानी पौद का रोपण 1200cc आकार के जड़ ट्रेनर्स में किया गया जहां इसे 30 दिनों तक बढ़ने दिया गया। इसके बाद, लगातार 25 दिनों तक सिंचाई को रोककर पौधों में सूखा दबाव उत्पन्न किया गया। कंट्रोल पौधों को संस्तुत सिंचाई समय–सारणी के अनुसार सिंचाई की जाती रही। जल की कमी की प्रतिक्रिया में पौधों की उत्तरजीविता प्रतिशत और सठियाव दर के लिए उनकी दैनिक निगरानी की गई। 25 दिन के सूखा उपचार के बाद, जड़ों को नुकसान पहुंचाये बिना ही पौधों को उखाड़ा गया ताकि दृश्य तथा चित्र विश्लेषण के माध्यम से सभी प्रविष्टियों में जड़ वृद्धि और आर्कीटेक्चर का विश्लेषण किया जा सके। सीमित जलापूर्ति के अंतर्गत जड़ लंबाई और अन्य आशाजनक आकृतिविज्ञान गुणों के संदर्भ में लाल प्याज की प्रविष्टियों यथा प्राप्ति 1656 व प्राप्ति 1663 जबकि सफेद प्रविष्टियों यथा डब्ल्यू 397 एवं डब्ल्यू 441 का प्रदर्शन अन्य प्रविष्टियों की तुलना में बेहतर पाया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों के बीच भीमा सफेद एवं तदुपरान्त क्रमश: भीमा रेड़ एवं भीमा श्वेता का सूखा दबाव परिस्थितियों में जड़ के संदर्भ में बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला (चित्र 3.7)। पिछले दो वर्षों के खेत अध्ययनों में बेहतर जड़ आकृतिविज्ञान के साथ छांटी गई उपरोक्त प्रविष्टियों की पहचान सूखा सहिष्णु प्रविष्टियों के रूप में की गई।

Root studies in onion entries in response to drought stress

An experiment was conducted to evaluate the effect of drought stress on root growth in 20 onion entries including the ICAR-DOGR varieties. The 45 days old seedlings were transplanted in root trainers of size 1200cc where it was allowed to grow for 30 days. Thereafter, plants were subjected to drought stress by with-holding irrigation for continuous 25 days. The controlled plants were irrigated as per the recommended irrigation schedule. The plants were monitored daily for its survival percentage and senescence rate in response to deficit water. After 25 days of drought treatment the plants were uprooted without damaging the roots in order to analyze the root growth and architecture in all the entries through visual and image analysis. The red entries viz. Acc. 1656 and Acc. 1663 whereas, the white entries viz. W 397 and W 441 performed superiorly over the other entries with respect to root length and other promising morphological traits under limited water supply. Among the ICAR-DOGR varieties Bhima Safed performed better followed by Bhima Red and Bhima Shweta in terms of root performance under drought stress (Fig.3.7). The above screened out entries with better root morphology was also identified as drought tolerant entries from our last two years field study.



चित्र 3.7 : प्याज की 20 प्रविष्टियों और भाकृअनुप–डीओजीआर किस्मों में जड़ बढ़वार पर सूखा दबाव का प्रभाव
Fig.3.7: Effect of drought stress on root growth in 20 onion entries and ICAR-DOGR varieties

प्याज परागक : गुणवत्ता बीज उत्पादन में स्थिति, आगन्तुक व्यवहार एवं भूमिका

प्याज परागकों की आगन्तुक दौरा गतिशीलता

वर्ष 2017 के रबी मौसम में प्याज किस्म भीमा किरन के साथ प्याज के विभिन्न कीट परागकों की भोजन की तलाश में आगन्तुक दौरा दर का अध्ययन किया गया। परिणामों से पता चला कि प्याज में तीन कीट क्रम अथवा वंश नामत: हाइमिनोप्टेरा (परिवार : एपिडे तथा वेस्पिडे), लेपिडोप्टेरा (परिवार : पियरीडे तथा डैनेडे) तथा डिप्टेरा (परिवार : सिरफिडे तथा मस्कीडे) परागक थे। इनमें से, हाइमिनोप्टेरा मधुमक्खी सबसे प्रमुख कीट वंश था जो कि प्याज पर भ्रमण कर रहा था और इसके द्वारा चारे के लिए लगभग 97.14 प्रतिशत आगन्तुक भ्रमण किया जाता है। रॉक मधुमक्खी, *एपिस डॉर्सेटा* द्वारा लगभग 51.34 प्रतिशत चारा दौरा किया जाता है जबकि इसके उपरान्त पश्चिमी मधुमक्खी, *एपिस मेल्लीफेरा*

Onion pollinators: Status, forage behaviour and role in quality seed production

Forage visit dyanamics of onion pollinators

The forage visitation rate of different insect pollinator of onion were studied with onion variety Bhima Kiran during *rabi*, 2017. The results revealed that three insect orders namely Hymenoptera (Family; Apidae and Vespidae), Lepidoptera (Family; Pieridae and Danaidae) and Diptera (Family; Syrphidae and Muscidae) were the pollinators in onion. Of these, Hymenopteran bees were the predominant insect order visiting onion and it covers about 97.14% of forage visit. Rock bee, *Apis dorsata* covers about 51.34% of forage visits

(18.18 प्रतिशत) द्वारा भोजन की तलाश में दौरा किया जाता है। लेपिडोप्टेरा और डिप्टेरा की कीट प्रजातियों द्वारा खुली परागित परिस्थिति के अंतर्गत शेष 2.73 प्रतिशत चारे की तलाश में दौरे किए जाते हैं (तालिका 3.9)।

followed by westen bee, *Apis mellifera* (18.18%). Insects species of Lepidotera and Diptera coves remaining 2.73% forage visits under open pollinated condition (Table 3.9).

तालिका 3.9 : प्याज में कीट परागकों की भोजन की तलाश में भ्रमण गतिशीलता

Table 3.9. Forage dynamics of insect pollinator in onion

वंश Order	परिवार Family	वैज्ञानिक नाम Scientific Name	भोजन की तलाश में दौरा प्रतिशत Forage visit (%) 2017
हाइमिनोप्टेरा Hymenoptera	एपीडे Apidae	*एपिस डॉर्सेटा* फैब/*Apis dorsata* Fab	51.34
		एपिस सेरेना फैब/*Apis cerena Fab*	15.97
		एपिस मेल्लीफेरा फैब/*Apis mellifera* Fab	18.18
		एपिस फ्लोरिया एल./*Apis florea* L.	5.67
		ट्राइगोना प्रजाति/*Trigona* sp	3.93
		जायलोकोपा प्रजाति/*Xylocopa* sp	2.05
	वेस्पीडे/Vespidae	*वेस्पो ओरियण्टलिस* एल./*Vespa orientalis* L.	0.16
लेपिडोप्टेरा/Lepidoptera	पाईरीडिये/Pieridae	*पाईरिस रेपी* एल./*Pieris rapae* L.	0.42
	डैनेडिये/Danaidae	*डेनेइस क्राइसिपस* एल./*Danais chrysippus* L.	0.87
डिप्टेरा/Diptera	सिरफिडे/Syrphidae	*एरिसटैलिस* प्रजाति/*Eristalis* sp	0.97
	मस्कीडे/Muscidae	*मस्का डोमेस्टिका* एल./*Musca domestica* L.	0.47

प्याज पुष्प खिलने और परागक दौरा के बीच समकालिकता

अति व्यस्त पुष्पन अवस्था के दौरान फूल खिलने और परागकों की भोजन की तलाश में दौरा अथवा भ्रमण दर के बीच समकालिकता का पता लगाने के लिए विभिन्न समय अन्तराल पर मधुमक्खियों द्वारा भोजन की तलाश में किए गए दौरे और उसके सादृश्य पुष्पन सघनता को दर्ज किया गया। डाटा से एक निश्चित समय पर गैर समकालिकता का पता चला। इससे सुझाव मिलता है कि प्याज फसल में इष्टतम परागण और बीज उपज को हासिल करने के लिए विशेषकर अति व्यस्त बीज स्थापन के दौरान इस प्रकार की गैर समकालिकता को रोकने के लिए अनुपूरक मधुमक्खी छत्तों का रखना जरूरी होता है (चित्र 3.8)। ऐसा प्रचलित मौसम कारकों और पुष्प गुणों के कारण हो सकता है।

Synchrony between onion flower opening and pollinators visit

To perceive the synchrony between onion flower opening and pollinator visit rate during peak blooming, forage visit of bees were observed at different time intervals and corrresponding flowering intensity also recorded. The data reveals asynchrony at certain time. This suggests that, in onion to achieve optimum pollination and seed yield, placing supplementray bee hives is seems to be essential to avoid such asynchrony particularly, during peak seed setting (Fig.3.8). This could be because of prevailing weather factors and flower traits.



चित्र 3.8 : प्याज में कीट परागक की सघनता बनाम फूल खिलना

Fig.3.8: Intensity of insect pollinators vs flower opening in onion

वायु तापमान तथा आपेक्षिक आर्द्रता के संबंध में फसल कैनोपी में एवं उसके आसपास मधुमक्खियों द्वारा भोजन की तलाश में भ्रमण

मधुमक्खियों द्वारा भोजन की तलाश में किए जाने वाले भ्रमण पर प्रणालीबद्ध आकलन करके मधुमक्खियों द्वारा भोजन की तलाश में किए गए दौरों, फसल कैनोपी में एवं इसके आसपास प्रचलित वायु तापमान तथा आपेक्षिक आर्द्रता के बीच संबंध की जांच की गई। दिन में विभिन्न समय अन्तराल पर अति व्यस्त पुष्पन के दौरान आकलन किए गए। जांच करते समय फसल कैनोपी में एवं इसके आसपास प्रचलित वायु तापमान व आपेक्षिक आर्द्रता को पोर्टेबल थर्मो हाइग्रोमीटर का प्रयोग करके मापा गया। भोजन की तलाश में किए गए भ्रमण, तापमान और आपेक्षिक आर्द्रता के बीच सह–संबंध विश्लेषण से तापमान द्वारा प्रभावित उल्लेखनीय सकारात्मक सह–संबंध (r= +0.874)पाया गया जबकि मधुमक्खियों की गतिविधि के कारण आपेक्षित आर्द्रता में नकारात्मक सह–संबंध (r = -0.737) प्रदर्शित हुआ (तालिका 3.10)।

Bees forage in relation to air temperature and relative humidity in and around the crop canopy

The relation between bee foraging activity, air temperature and relative humidity prevailing in and around the crop canopy were investigated with systemic observation on bees forage visits. The observations were made during peak bloom at different time intervals in a day. The prevailing air temperature and relative humidity around the crop canopy at the time of observations was measured using portable thermo-hygrometer. The correlation analysis between the forage visits, temperature and RH reveals significantly positive correlation (r = +0.874) as influenced by temperature, whereas relative humidity showed negative correlation (r = -0.737) as influenced by bee activity (Table 3.10).

तालिका 3.10 : प्याज में वायु तापमान, आपेक्षिक आर्द्रता और मधुमक्खी द्वारा भोजन की तलाश में दौरे के बीच संबंध

Table 3.10 Relation between air temperature, relative humidity and bee forage visits in onion

दिन का समय (घंटे) Time of the day (hr)	मधुमक्खी (संख्या /वर्ग मीटर) / Bees (Nos./m^2)		वायु तापमान Air Temp (°C)	आपेक्षिक आर्द्रता RH (%)
	2016	2017		
09:30	1.47^{e}	0.84^{d}	23.00	76.00
10:30	2.54^{cd}	1.03^{d}	26.33	75.00
11:30	2.74^{b}	1.36^{c}	27.67	74.33
12:30	2.98^{a}	2.07^{b}	29.33	30.33
13:30	2.94^{a}	2.47^{a}	31.33	30.00
14:30	2.94^{a}	2.65^{a}	31.67	30.33
15:30	2.67^{a}	2.19^{b}	31.33	25.33
16:30	2.37^{bc}	1.47^{c}	31.00	25.33

प्याज बीज उपज में परागकों की भूमिका

परागक निषेध अथवा अपवर्जन विधि के माध्यम से प्याज परागण में कीट परागकों की भूमिका का परिमाणन किया गया। प्रयोग की योजना दो सेट में तैयार की गई, एक खुले परागण में जहां पुष्पछत्र सभी परागकों के लिए उपलब्ध थे (पिंजरा रहित)। दूसरे सेट में पुष्प छत्रों को परागकों को वहां आने से रोकने के लिए फूल खिलने से पहले एक कीट रोधी जाली (2 x 2 मीटर पिंजरा) से ढ़ंक कर रखा गया था। खुली परागित परिस्थितियों के तहत 2 वर्ग मीटर क्षेत्र में कुल बीज उपज 154.6 ग्राम थी वहीं कीट रोधी पिंजरा वाली परिस्थिति में यह 46.2 ग्राम थी। पिंजरा रहित अथवा खुले और पिंजरा वाली परिस्थिति में प्रति पुष्पछत्र औसत बीज उपज क्रमश: 1.66 ग्राम एवं 0.50 ग्राम थी। परागकों की पहुंच रहित परिस्थितिके मुकाबले में परागकों की पहुंच वाली स्थितिमें बीज उपज 3.35 गुणा अधिक थी। अत: गुणवत्ता प्याज बीज जमाव तथा उपज को हासिल करने में कीट परागकों की सेवा महत्वपूर्ण है।

प्याज फसल में खरपतवार प्रबंधन

रबी 2016–17 के दौरान 15 विभिन्न उपचारों के साथ प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा किरन की खरपतवार नियंत्रण प्रभावशीलता पर विभिन्न शाकनाशियों के प्रभाव को जांचने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया (तालिका 3.11)। परिणामों से पता चला कि खरपतवार निकलने से पहले पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग करने और पौध रोपण के 40 60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई–गुडाई (टी 4) करने पर उच्चतर विपणन योग्य उपज एवं बेहतर खरपतवार नियंत्रण प्रभावशीलता हासिल की गई (चित्र 3.9, 3.10)। उपचार टी–12 के तहत खरपतवार वाले

Role of pollinators in onion seed yield

Role of insect pollinators in onion pollination has been quantified through pollinator exclusion method. Experiment planned in two sets, one with open pollination where umbels were accessible to all the pollinators (non-caged). In another set, umbels were covered with an insect proof mesh (2 x 2m cage) before florets opening for disallowing the pollinators. The total seed yield was 154.6 g in 2 sq. m area under open pollinated condition while, it was 46.2 g in 2 sq. m area under insect proof cage. The average seed yield per umbel was 1.66g and 0.50g in non-caged and caged conditions, respectively. The seed yield under pollinators accessible condition was 3.35 time higher than pollinator under non accessible condition. Hence, service of insect pollinators is critical to achieve quality onion seed set and yield.

Weed management in onion crop

A field experiment was conducted to evaluate the effect of different herbicides on weed control efficiency of onion cv. Bhima Kiran with 15 treatments during *Rabi* 2016-17 (Table 3.11). The results showed that pre-emergence application of Pendimethalin 30% EC and one hand weeding at 40-60 days after transplanting (T4) produced higher marketable yield with better weed control efficiency (Fig.3.9,3.10). Four times hand weeded

तालिका 3.11 : रबी मौसम के दौरान प्याज की फसल में खरपतवार प्रबंधन हेतु उपचार

Table 3.11 Treatments for Weed management in onion crop during *rabi* season

उपचार Treatments	विवरण Details
टी 1/T1	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 40–60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + one hand weeding at 40-60 days after transplanting
टी 2/T2	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 40–30 दिन बाद फलूजिफॉप–पी–बुटाइल 12.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + Fluazifop-p-butyl 12.5% EC application 30 days after transplanting
टी 3/T3	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 40–30 दिन बाद फलूजिफॉप–पी–बुटाइल 12.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + Fluazifop-p-butyl 12.5% EC application 30 days after transplanting + one hand weeding 60 days after transplanting

Continued on next page...

Continued from previous page...

उपचार Treatments	विवरण Details
टी 4/T4	रोपण से पहले पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 40–60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई Pendimethalin 30% EC application before planting + one hand weeding at 40-60 days after transplanting
टी 5/T5	रोपण से पहले पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 40–30 दिन बाद फ्लूजिफॉप–पी–बुटाइल 12.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Pendimethalin 30% EC application before planting + Fluazifop-p-butyl 12.5% EC application 30 days after transplanting
टी 6/T6	रोपण से पहले पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद फ्लूजिफॉप–पी–बुटाइल 12.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई Pendimethalin 30% EC application before planting + Fluazifop-p-butyl 12.5 EC application 30 days after transplanting + one hand weeding 60 days after transplanting
टी 7/T7	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + Quizalofop Ethyl 5% EC 30 days after transplanting
टी 8/T8	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + Quizalofop Ethyl 5% EC 30 days after transplanting + one hand weeding 60 days after transplanting
टी 9/T9	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद फ्लूजिफॉप–पी–बुटाइल 12.5 प्रतिशत ईसी एवं क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + Fluazifop-p-butyl 12.5% EC and Quizalofop Ethyl 5% EC 30 days after transplanting
टी 10/T10	रोपण से पहले ऑक्सीफ्लूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई + पौध रोपण के 60 दिन बाद क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Oxyflurofen 23.5% EC application before planting + one hand weeding at 30 days after transplanting + Quizalofop Ethyl 5% EC application at 60 days after transplanting
टी 11/T11	रोपण से पहले पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई + पौध रोपण के 60 दिन बाद क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग Pendimethalin 30 % EC application before planting+ one hand weeding at 30 days after transplanting + Quizalofop Ethyl 5% EC application at 60 days after transplanting
टी 12/T12	खरपतवार मुक्त नियंत्रण (पौध रोपण के 15, 30, 45 तथा 60 दिनों बाद चार बार हाथ से निराई गुडाई) Weed free check (four hand weeding at 15, 30, 45 and 60 days after transplanting)
टी 13/T13	जैविक पलवार (धान/मक्का /गेहूं पुआल/कोई अन्य बायोमास पलवार) Organic mulch (Paddy/maize/wheat straw/any other biomass mulch)
टी 14/T14	प्लास्टिक पलवार/Plastic mulch
टी 15/T15	खरपतवार नियंत्रण/Weedy check

प्लॉट की चार बार हाथ से निराई–गुडाई की गई, खरपतवार निकलने से पहले ऑक्सीफलूरोफन 23.5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग + पौध रोपण के 30 दिन बाद एक बार हाथ से निराई–गुडाई की गई तथा टी–10 उपचार के तहत पौध रोपण के 60 दिन बाद क्विजालोफॉप इथिल 5 प्रतिशत ईसी का प्रयोग किया गया। पौध रोपण से पहले व खरपतवार निकलने से पूर्व पेन्डीमिथालिन 30 प्रतिशत ईसी का प्रयोग करने और साथ ही पौध रोपण के 40–60 दिन बाद एक बार हाथ से निराई गुडाई करने पर खरपतवार नियंत्रण की तुलना में 166 प्रतिशत उच्चतर कंद उपज प्रदर्शित हुई। रबी मौसम के दौरान अनुपचारित नियंत्रण की तुलना में सभी उपचारों के अंतर्गत कुल खरपतवार संख्या में उल्लेखनीय कमी प्रदर्शित हुई।

plot (T12) and pre-emergence application of Oxyflurofen 23.5% EC + one hand weeding at 30 days after transplanting and post-emergence application of Quizalofop Ethyl 5% EC at 60 days after transplanting (T10). Pre-emergence application of Pendimethalin 30% EC application before planting and one hand weeding at 40-60 days after transplanting showed 166% higher bulb yield compared to weedy check. All treatments showed significant reduction in total weed population compared to untreated control during the *rabi* season.



चित्र 3.9 : रबी मौसम के दौरान खरपतवार नियंत्रण प्रभावशीलता पर खरपतवार प्रबंधन का प्रभाव; उपचार विवरण तालिका 3.11 में दिया गया है।

Fig.3.9: Effect of weed management on weed control efficiency (WCE) during *Rabi* season; treatment details given in Table 3.11



चित्र 3.10 : रबी मौसम के दौरान प्याज की विपणन योग्य उपज (टन/हे.) पर खरपतवार प्रबंधन का प्रभाव; उपचार विवरण तालिका 3.11 में दिया गया है।

Fig.3.10: Effect of weed management on onion marketable yield (t/ha) during *Rabi* season; treatment details given in Table 3.11

फसल सुरक्षा
Crop Protection

परियोजना 4 : प्याज एवं लहसुन में क्षति को न्यूनतम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए समेकित नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन

अनेक रोगों और कीट नाशीजीवों के कारण होने वाले जैविक दबाव से प्याज और लहसुन में उपज एवं गुणवत्ता सीमित हो रही है। *स्टेमफाइलियम* अंगमारी, बैंगनी धब्बा तथा एंथ्रेक्नॉज जैसे कवकीय रोगों के कारण अधिक क्षति होती है। साथ ही कीट नाशीजीवों में, थ्रिप्स सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि ये न केवल सीधा भक्षण करके नुकसान पहुंचाते हैं वरन् आइरिस पीला धब्बा विषाणु जैसे अनेक विषाणुओं के लिए वाहक के रूप में भी कार्य करते हैं। वर्तमान नाशीजीव और रोग परिदृश्य को देखते हुए भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा रोगजनकों व कीटों के लक्षणवर्णन पर अनुसंधान करने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य एकीकृत नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन रीतियों का विकास करके प्याज व लहसुन में होने वाली क्षति में कमी लाना है। रिपोर्टाधीन वर्ष में इस दिशा में किए गए अध्ययनों की रिपोर्ट यहां प्रस्तुत है।

Project 4: Integrated pest and disease management for minimization of losses and improving productivity of onion and garlic

Biotic stresses caused by a number of diseases and insect pests are limiting yield and quality in onion and garlic. Fungal diseases like *Stemphilium* blight, purple blotch and anthracnose cause major loss. Meanwhile among insect pests, thrips are the most important as they cause damage not only by direct feeding, but also act as vector for several viruses like Iris yellow spot virus. Considering the current pest and disease scenario, ICAR- DOGR has focused its research on characterization of pathogens and insects. This projects aims in reducing losses in onion and garlic by developing integrated pest and disease management practices. The studies conducted in this direction in the year under report are presented.



चित्र 4.1 : क्यूआरटी–पीसीआर का उपयोग करके 32 जननद्रव्य लहसुन कोर सेट में GarCLV टिट्रे का परिमाणन
Fig.4.1: Quantification of GarCLV titre in 32 germplasm garlic core set using qRT-PCR

लहसुन जननद्रव्य कोर सेट में गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस का परिमाणन

गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस भारत में लहसुन का एक प्रमुख व्यापक प्रसार वाला अपक्षयी विषाणु है। इस अध्ययन का प्रयोजन विभिन्न कोर समूहों के साथ विभिन्न गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस की गतिशीलता को समझने और गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस के विरूद्ध प्रतिरोधी/सहिष्णु जननद्रव्य कोर समूह की पहचान करना था। गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस,के विरूद्ध प्रतिरोधी/सहिष्णु जननद्रव्य कोर समूह की पहचान करने के लिए सभी उपलब्ध कोर समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली 31 लहसुन प्राप्तियों के लिए एसवाईबीआर ग्रीन का उपयोग करके मात्रात्मक यथार्थ समय पीसीआर (qRT-PCR) किया गया । प्राप्ति संख्या 176, 266 तथा 355 में गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस का न्यूनतम टिट्रे पाया गया।

आईवाईएसवी तथा थ्रिप्स प्रजातियों का पता लगाना

प्रत्येक थ्रिप्स में आइरिस पीला धब्बा वायरस की और *टी. टैबेकी* की लैंगिक वंशावली की पहचान के लिए प्रोटोकॉल का विकास किया गया। यह प्रोटोकॉल वंशावली विशिष्ट विखंडन mtCOA तथा mtCOT के डीएनए प्रवर्धन पर और *टी. टैबेकी* आन्तरिक नियंत्रण न्यूक्लियर जीन एल्फा इलोन्गेशन फैक्टर (α-EF) पर आधारित था। इस प्रोटोकॉल में वायरस मूल के न्यूक्लिओकैप्सिड एन–जीन को लक्षित किया गया था। इस प्रोटोकॉल का प्रमाणन खेत से संकलित *टी. टैबेकी* नमूनों की जांच करके किया गया।

Quantification of Garlic common latent virus (GarCLV) in garlic germplasm core set

Garlic common latent virus (GarCLV) is an important widespread degenerative virus of garlic in India. This study was taken up to identify the resistant / tolerant germplasm core group against GarCLV and to understand the dynamics of various GarCLV with different core groups. Total 31 garlic accessions representing all available core groups were subjected to quantitative real-time PCR (qRT-PCR) for GarCLV using SYBR green. The lowest titre of GarCLV was observed in accession no. 176, 266 and 355.

Detection of IYSV and Thrips species

The protocol for detection of IYSV in individual thrips and sexual lineage of *T. tabaci* was developed. This protocol was based on DNA amplification of lineage specific fragments mtCOA and mtCOT and *T. tabaci* internal control nuclear gene alpha-elongation factor (α-EF). Nucleocapsid N-gene of virus origin was targeted in this protocol. This protocol was validated by testing field collected *T. tabaci* samples.



चित्र 4.2 : प्याज जीनप्ररूपों पर *स्टेमफाइलियम* अंगमारी की रोग प्रतिक्रिया

Fig.4.2: Disease reaction of *Stemphylium* blight on onion genotypes

स्टेमफाइलियम अंगमारी रोग के लिए प्याज जननद्रव्य की स्क्रीनिंग

ऐसे जीनप्ररूप जिनमें पहले *स्टेमफाइलियम* अंगमारी के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया प्रदर्शित हुई थी, की स्क्रीनिंग *स्टेमफाइलियम वैसीकैरियम* का बलपूर्वक टीकाकरण करके की गई। 15 दिनों के अन्तराल पर आंकडों को दर्ज किया गया। कुल 48 जीनप्ररूपों में से, प्राप्ति 1613, 1624 तथा आरजीपी–4 में *स्टेमफाइलियम* अंगमारी के प्रति संतुलित प्रतिरोधी प्रतिक्रिया देखने को मिली। जबकि *स्टेमफाइलियम* अंगमारी के प्रति प्राप्ति 1605, 1629 तथा 546–डीआर अपेक्षाकृत रूप से संवेदनशील पाई गईं।

स्टेमफाइलियम अंगमारी स्क्रीनिंग के लिए पत्ती डिस्क आमाप का विकास

स्टेमफाइलियम अंगमारी, प्याज का एक प्रमुख रोग है। यह व्यापक प्रसार प्रवृति वाला रोग है। वर्तमान में, इस रोग की प्रतिरोधिता के लिए जीनप्ररूपों की स्क्रीनिंग खेत परिस्थितियों में अथवा गमलों में नियंत्रित परिस्थितियों में की जाती है। खेत में तथा गमला स्क्रीनिंग में सीमित संख्या में ही जीनप्ररूपों की स्क्रीनिंग की जा सकती है। इससे बड़ी संख्या में जीनप्ररूपों की छंटाई अथवा स्क्रीनिंग करने के लिए एक मजबूत उच्च थ्रूपुट स्क्रीनिंग विधि की तत्काल आवश्यकता है। रोगजनक की अनुकूलतम बढ़वार को बढ़ावा देने के लिए प्रकाश एवं तापमान परिस्थितियों में बदलाव करके एक पत्ती डिस्क विधि विकसित की गई। इस विधि को *स्टेमफाइलियम* अंगमारी के विरूद्ध प्याज जीनप्ररूपों की जांच करके प्रमाणित किया गया था।

Screening of onion germplasm for *Stemphylium* blight

Genotypes that had previously exhibited contrast reactions to stemphylium blight were screened using forced inoculation of *Stemphylium vasicarium*. The observations were recorded at 15 days interval. Out of total 48 genotypes, accession 1613, 1624 and RGP-4 exhibited moderately resistant reaction to *Stemphylium* blight. Whereas, accession 1605, 1629 and 546-DR were found to be relatively susceptible to *Stemphylium* blight.

Development of leaf disk assay for *Stemphylium* blight screening

Stemphylium blight is an important disease of onions. This disease is widespread in nature. At present, genotypes for resistance to this disease are screened under field condition or under controlled conditions in pots. In field and pot screening limited numbers of genotypes can be screened. This warrants a robust high throughput screening method to screen large number of genotypes. A leaf disk method is developed by altering light and temperature conditions to facilitate the optimum growth of the pathogen. This method was validated by testing the genotypes of onion against *Stemphylium* blight.

चित्र 4.3 : प्याज *स्टेमफाइलियम* अंगमारी का पत्ती डिस्क आमाप
Fig.4.3: Leaf disk assay of onion *Stemphylium* blight

कीटनाशी लेक्टिन के लिए वन्य *एलियम* की स्क्रीनिंग

पौधा आधारित लेक्टिन कम से कम एक गैर–उत्प्रेरक डोमेन पर गैर–प्रतिरक्षक मूल वाले प्रोटीनों का विषमजात समूह होते हैं जो कि विशेष रूप से कार्बोहाइड्रेट्स से बंधे होते हैं। इन्हें कीट नाशीजीवों के विरूद्ध सक्षम कीटनाशक गुणों के लिए जाना जाता है। एलियासि

Screening of wild alliums for insecticidal lectins

Plant based lectins are heterogeneous group of proteins of non-immune origin possessing at least one non-catalytic domain that specifically binds to carbohydrates. These are known for their potent insecticidal property against insect pests. Members

परिवार के सदस्यों को अपनी लेक्टिन मात्रा विशेषकर मैन्नोज बाइन्डिंग कीटनाशक लेक्टिन के लिए जाना जाता है। इसलिए चयनित *एलियम* प्रजाति यथा *ए. फिस्टुलोसम*, *ए. सीपा शेक्सपियर्स*, *ए. टयूबरोसम*, *ए. हुकेरी*, *ए. शूनोप्रैजम*, *ए. सेनेसेन्स* तथा *ए. एन्गुलोसम* की स्क्रीनिंग थ्रिप्स प्रकोप का पता लगाने के लिए की गई। पुन: लेक्टिन को लक्षित करने वाले प्राइमरों की डिजाइन तैयार की गई। विभिन्न *एलियम* प्रजातियों से लेक्टिन जीन का प्रवर्धन किया गया।

of the family Alliaceae are very well known for their lectin content, especially mannose binding insecticidal lectins. Therefore, the selected *Allium* species such as *A. fistulosum, A. cepa shakespearse, A. tuberosum, A. hookari, A. schoenoprasum, A. senescens, A. angulosum* were screened for thrips incidence. Further, primers targeting lectin gene were designed. The lectin gene from various *Allium* species was amplified.



1 : ए. फिस्टुलोसम (172 bp) ; 2 : ए. सीपा शेक्सपियर्स (239 bp) ; 3 : ए. टयूबरोसम (165 bp) ; 4 : ए. हुकराई (216 bp) ; 5 : ए. शूनोप्रैजम (222 bp) ; 6 : ए. सेनेसेन्स (205 bp) ; 7 : ए. एन्गुलोसम (216 bp) ; एम :100 bp लैडर

1: *A. fistulosum* (172 bp), 2: *A. cepa shakespearse* (239 bp), 3: *A. tuberosum* (165 bp), 4: *A. hookari* (216 bp), 5: *A. schoenoprasum* (222 bp), 6: *A. senescens* (205bp), 7: *A. angulosum* (216 bp), M: 100 bp ladder

चित्र 4.4 : वन्य एलियम में आंशिक लेक्टिन जीन का प्रवर्धन

Fig.4.4: Amplification of partial lectin genes in wild *Alliums*

एलियम *टयूबरोसम* पर स्कलेरोटियम राल्फसॉई की पहली रिपोर्ट

एलियम टयूबरोसम एल. (गार्लिक चाइव्स) एक खेती करने योग्य *एलियम* प्रजाति है जो कि अपनी औषधीय विशेषताओं और पाककला उपयोगिता के लिए जानी जाती है। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे, भारत के परीक्षणात्मक खेत में *स्कलेरोटियम* सड़न के विशिष्ट लक्षणों को दर्शाने वाली *ए. टयूबरोसम* को पाया गया। लक्षणों को मुख्यत: मृदा रेखा के निकट स्केल्स पर देखा गया। प्रभावित पौधों में कमतर वृद्धि, सड़ी हुई तथा मुरझाई हुई पत्तियां दिखाई दीं जिससे कि पौधा मुरझान को बढ़ावा मिला। पुन: स्केल्स और मृदा सतह पर सफेद माइसीलियल परत फैली, तने पर *स्कलेरोटिया* दिखाई दिए तथा मृदा सतह के निकट तने पर अधिकतम संख्या में *स्कलेरोटिया* को देखा गया। *ए. टयूबरोसम* के पौधों पर रोग प्रकोप 15 से 20 प्रतिशत की सीमा में था। rDNA इंटरनल ट्रांसक्राइब्ड स्पेसर रीजन को प्रवर्धित किया गया और ITS1 एवं ITS4 प्राइमर सेट का उपयोग करके अनुक्रमण किया गया। इस प्राइमर सेट की डिजाइन इस प्रकार तैयार की गई ताकि 5.8 S- कोडिंग अनुक्रम जो कि राइबोसोमल ऑपेरॉन के लघु उप यूनिट कोडिंग अनुक्रम (SSU)

First report of Sclerotium rolfsii on *Allium tuberosum*

Allium tuberosum L. (Garlic chives) is a cultivated *Allium* species known for its medicinal properties and culinary utility. *A. tuberosum* showing distinct symptoms of *Sclerotium* rot were observed at experimental field ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune, India. Symptoms were observed mainly on scales near the soil line. Affected plants showed poor growth, rotted and blighted leaves which eventually lead to death of plants. Further, white mycelial mat spread on the scales and soil surface, sclerotia were visible on stems and the maximum numbers of sclerotia were observed on the surface of stem near the soil line. Incidence of the disease was ranged from 15-20% on *A. tuberosum* plants. rDNA internal transcribed spacer region (ITS) was amplified and sequenced using ITS1and ITS4 primer set. This primer set was designed to amplify the highly variable ITS1 and ITS2 sequences surrounding the

तथा दीर्घ उप यूनिट कोडिंग अनुक्रम के बीच स्थित है, के आसपास अत्यधिक परिवर्तनीय आईटीएस 1 एवं आईटीएस 2 अनुक्रमों का प्रवर्धन किया जा सके । 621बीपी अंतिम अनुक्रम को जीनबैंक (प्राप्ति संख्या एमएफ 967562) में जमा कराया गया। ब्लास्ट खोज तुलना से संयुक्त राज्य अमेरिका (प्राप्ति संख्या जेएन 241560) से विलगित *अथेलिया राल्फसॉई* के प्रति 97 प्रतिशत समजातीयता का पता चला।

भारत में माउज लहसुन (*एलियम एन्युलोसम*) में *कोलेटोट्राइकम ट्रंकैटम* के कारण एथ्रेक्नॉज रोग की पहली रिपोर्ट

माउज लहसुन *(एलियम एन्युलोसम)* मसाले, सब्जी और सजावटी पौधे के रूप में अपने उपयोग के लिए आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होता है। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे, भारत के परीक्षणात्मक खेत में *एंथ्रेक्नॉज* रोग के लक्षणों वाले *ए. एन्युलोसम* पौधों को पाया गया। लगातार दो वर्ष रोग गंभीरता 30 से 45 प्रतिशत थी। *कोलेटोट्राइकम ट्रंकैटम* श्रेन के साथ आकृतिविज्ञान विशेषताएं निरन्तर बनी रहीं। तीन पृथक्कों के आणविक लक्षणवर्णन के लिए, राइबोसोमल डीएनए (rDN) के इंटरनल ट्रांसक्राइब्ड स्पेसर रीजन, ग्लाइसिरल्डेहाइड 3 फॉस्फेट डिहाइड्रोगिनेज जीन, तथा एक्टिन जीन के एक आंशिक अनुक्रम का प्रवर्धन प्राइमर युग्मों क्रमश: ITS1/ITS4, GDF1/GDR1 तथा ACT-512F/ACT-783R के साथ किया गया। इन पृथक्कों के आईटीएस अनुक्रम (केवाई 611807) और जीएपीडीएच जीन (एमएफ 282477) की क्रमश: सोयाबीन (जेक्यू 9336249) और *कैप्सिकम एनुअम* (केवाई 435779) से *सी. ट्रंकैटम* के साथ 99 प्रतिशत पहचान पाई गई। इसी प्रकार, एसीटी जीन (एमएफ 582476) द्वारा *साइनैनकम पैनीकुलेटम* (केएफ 488581) से *सी. ट्रंकैटम* के साथ 98 प्रतिशत पहचान स्थापित की गई।

एंथ्रेक्नॉज से संक्रमित *एलियम* प्रजातियों की पहचान

एंथ्रेक्नॉज प्रजातियों से संक्रमित माउज लहसुन (*एलियम एन्युलोसम*) की पहचान *कोलेटोट्राइकम ट्रंकैटम* के रूप में की गई। संवर्धन का लक्षणवर्णन आईटीएस (केवाई 611807) अनुक्रम (568 bp) पर आधारित *सी. ट्रंकैटम* के रूप में किया गया। अनुक्रम की पुन: पुष्टि एक्टिन (एमएफ 582476) व जीडीपीएच (एमएफ 282477) अनुक्रमों द्वारा की गई। आईटीएस और जीडीपीएच तथा *सी. ट्रंकैटम* के एक्टिन जीन के लिए क्रमश: 99 प्रतिशत व 98 प्रतिशत अनुक्रम समानता पाई गई। *एंथ्रेक्नॉज* से संक्रमित *एलियम लॉडेबॉरियेनम* की पहचान *सी. स्पीथियेनम* के रूप में की गई। संवर्धन का लक्षणवर्णन आईटीएस अनुक्रम (577 bp) पर आधारित *सी. स्पीथियेनम* के रूप में किया गया। अनुक्रम की पुन: पुष्टि एक्टिन व जीडीपीएच अनुक्रमों द्वारा की गई। आईटीएस, जीडीपीएच तथा

5.8S-coding sequence and is situated between the Small Sub Unit-coding sequence (SSU) and the Large Sub Unit-coding sequence (LSU) of the ribosomal operon. The final sequence of 621bp was deposited in GenBank (accession no. MF967562). BLAST search comparison revealed 97% homologus to *Athelia rolfsii* isolate from USA (Accession No. JN241560).

First Report of *Colletotrichum truncatum* causing Anthracnose of Mouse Garlic (*Allium angulosum*) in India

Mouse garlic (*Allium angulosum* L.) is economically important for its use as a spice, vegetable, and ornamental plant. *A. angulosum* plants with symptoms of anthracnose were observed in the wild *Allium* garden at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune, India. Disease severity was up to 30 to 45% during the two consecutive years. Morphological characteristics were consistent with *Colletotrichum truncatum* (Schwein.). For molecular characterization of three isolates, the internal transcribed spacer (ITS) region of ribosomal DNA (rDNA), glyceraldehyde-3-phosphate dehydrogenase (GAPDH) gene, and a partial sequence of the actin (ACT) gene were amplified with the primer pairs ITS1/ITS4, GDF1/GDR1 and ACT-512F/ACT-783R, respectively. The ITS sequence (KY611807) and GAPDH gene (MF282477) of these isolates shared 99% identity with *C. truncatum* from soybean (JQ9336249) and *Capsicum annum* (KY435779) respectively. Similarly, the ACT gene (MF582476) shared 98% identity with *C. truncatum* from *Cynanchum paniculatum* (KF488581).

Identification of Anthracnose infecting *Allium* species

Anthracnose species infecting mouse garlic (*Allium angulosum*) was identified as *Collectotrichum truncatum.* The Culture was characterised as *C. truncatum* based on ITS (KY611807) sequences (568bp). The sequence was further confirmed by Actin (MF582476) and GDPH (MF282477) sequences. Sequence similarity of 99% was observed for ITS and GDPH and 98% for Actin gene of *C. truncatum.* Anthracnose infecting *Allium ledebourianum* was identified as *C. spaethianum.* The Culture was characterised as *C. spaethianum* based

सी. स्पीथियेनम के एक्टिन जीन के लिए क्रमश: 99 प्रतिशत, 98 प्रतिशत एवं 97 प्रतिशत अनुक्रम समानता पाई गई।

जीसीएलवी की पहचान के लिए लूप मीडिएटिड आइसोथर्मल एम्पलीफिकेशन

एनसीबीआई से जीसीएलवी आवरण प्रोटीन अनुक्रम पर आधारित लूप मीडिएटिड आइसोथर्मल एम्पलीफिकेशन प्रयोग के लिए प्राइमरों की डिजाइन तैयार की गई। प्राइमर थे : एफआईपी तथा बीआईपी, एफ3पी तथा बी3पी (200bp) RNA तथा cDNA संश्लेषण के विलगन के लिए लहसुन पत्ती नमूनों का उपयोग किया गया। नैदानिकी प्राइमरों के आधार पर, जीसीएलवी की मौजूदगी का पता लगाने के लिए नमूनों की छंटाई की गई। अनुक्रमण द्वारा एम्पलीकॉन्स की पुष्टि की गई। बीएसटी पॉलीमिरेज के साथ बिटैन (0.8M) तथा $MgSO_4$ (5mM) का उपयोग करके 56° पर लूप मीडिएटिड आइसोथर्मल एम्पलीफिकेशन का इष्टतमीकरण किया गया।

on ITS sequences (577bp). Sequence was further confirmed by Actin and GDPH sequences. Sequence similarity of 99% was observed for ITS, 98% with GDPH and 97% for Actin gene of *C. spaethianum.*

Loop-mediated isothermal Amplification (LAMP) for detection of GCLV

Primers for LAMP experiment were designed based on GCLV coat protein sequence from NCBI. The primers were FIP and BIP, F3P and B3P (200bp). Garlic leaf samples were used of isolation of RNA and cDNA synthesis. Based on diagnostic primers, samples were screened for presence of GCLV. Amplicon was confirmed by sequencing. LAMP was optimised at 56°C using betaine (0.8M) and $MgSO_4$ (5mM) with BST polymerase.



चित्र 4.5 (क) जीसीएलवी के आवरण प्रोटीन जीन के 200 बीपी एम्पलीकॉन का पीसीआर प्रवर्धन; (ख) विभिन्न तापमानों पर लूप मीडिएटिड आइसोथर्मल एम्पलीफिकेशन

Fig.4.5: (a) PCR amplification of 200bp amplicon of coat protein gene of GCLV, (b) LAMP at different temperatures

प्याज के कीट नाशीजीवों के लिए सिन्ट्रानिलिप्रोल का मूल्यांकन

पछेती खरीफ 2017–18 के दौरान कवकनाशी कैब्रियोटॉप के साथ संयोजन में तथा अकेले नए कीटनाशी सिन्ट्रानिलिप्रोल का मूल्यांकन प्रमुख कीट नाशीजीव (प्याज थ्रिप्स, *थ्रिप्स टैबेकी*, कटवॉर्म, *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति) और प्याज के रोगों के विरूद्ध प्रभावशीलता का पता लगाने के लिए किया गया। खेत परिस्थितियों में कुल छ: उपचार आजमाये गये जिनमें से 1) जल छिड़काव तथा 2) फिप्रोनिल व प्रोपीकोनाजॉल का उपयोग क्रमश: कीटनाशी एवं कवकनाशी के रूप में नियंत्रण के तौर पर किया गया। इस परीक्षण में प्याज किस्म भीमा शक्ति को लिया गया। फसल को 2 x 3 वर्ग मीटर आकार वाली समतल क्यारियों में रोपा गया। प्रत्येक उपचार के लिए, तीन पुनरावृतियों को आजमाया गया। पौध रोपण के 30, 40 और 60

Evaluation of cyantraniliprole for insect pests of onion

New insecticide cyantraniliprole, alone and in combinations with fungicide cabriotop were evaluated during Late *kharif*, 2017-18 against major insect pests (Onion thrips, *Thrips tabaci*, cutworms, *Spodoptera* sp) and diseases of onion. Total of six treatments were imposed under field conditions, of which (i) water spray and (ii) fipronil and propiconazole were used as control for insecticide and fungicide, respectively. Onion variety Bhima Sakthi was taken. Crop was planted in flat beds of 2 x 3 m^2 size. For each treatment, three replications were maintained. Treatments were imposed at 30 DAP (days after transplanting), 40

दिन बाद उपचार किए गए। छिड़काव के 5 दिनों तक थ्रिप्स की संख्या में कमी देखने को मिली। विभिन्न लक्षित नाशीजीवों में से केवल थ्रिप्स को ही पूरी अध्ययन अवधि के दौरान दर्ज किया गया। प्रभावशीलता आंकडों से पता चला कि अकेले सिन्ट्रानिलिप्रोल (@ 0.9 मिलि./लि.) और कवकनाशी (सिन्ट्रानिलिप्रोल @ 0.9 मिलि./लि. + कैब्रियोटॉप 2 ग्राम/लि.) के साथ संयोजन में प्रयोग करने पर नियंत्रण के मुकाबले थ्रिप्स संख्या में उल्लेखनीय कमी देखने को मिली। सिन्ट्रानिलिप्रोल से उपचारित प्लॉटों में पौध रोपण के 40, 50 व 60 दिनों बाद थ्रिप्स की संख्या में क्रमश: 67.32, 73.19 व 50.68 प्रतिशत कमी पाई गई। जबकि सिन्ट्रानिलिप्रोल + कैब्रियोटॉप से उपचारित प्लॉटों में पौध रोपण के 40, 50 व 60 दिनों बाद थ्रिप्स की संख्या में क्रमश: 75.86, 70.88 व 57.64 प्रतिशत कमी पाई गई (तालिका 4.1)।

लहसुन में प्याज थ्रिप्स, *थ्रिप्स टैबेकी* लिंडमैन के लिए सुगन्धित तेल का मूल्यांकन

रबी 2017–18 के दौरान खेत परिस्थितियों में लहसुन पर *थ्रिप्स टैबेकी* के विरूद्ध दो सुगन्धित तेल नामत: यूकेलिप्टस तेल तथा लेमनग्रास तेल की प्रभावशीलता का पता लगाने के लिए मूल्यांकन किया गया। परीक्षण में लहसुन की किस्म भीमा ओंकार को शामिल किया गया। डिबलिंग के 40 दिन बाद से वांछित मात्रा में व्यावसायिक तेलों का प्रयोग किया गया। प्रत्येक तेल के लिए, दो मात्राओं (2 मिलि./लिटर एवं 4 मिलि./लिटर) का निर्धारण किया गया और उनका परीक्षण किया गया। कंट्रोल के तहत नीम तेल @3 प्रतिशत का प्रयोग किया गया। प्रत्येक उपचार के लिए तीन पुनरावृतियों को दोहराया गया। यादृच्छिक विधि से छांटे गए 5 पौधों में से छिड़काव के पहले और 3, 5 और 7 दिन बाद थ्रिप्स की संख्या को दर्ज किया गया। साथ साथ ही विभिन्न उपचारों से प्राकृतिक शत्रु संघटक को भी दर्ज किया गया। यूकेलिप्टस तथा लेमनग्रास दोनों को उच्चतर मात्रा (4 मिलि./लि.) पर प्रयोग करने पर नीम तेल @3 मिलि./लि. से उपचारित प्रक्षेत्रों की तुलना में थ्रिप्स की संख्या को प्रभावी तरीके से कम किया जा सका। सभी उपचारों में, प्रयोग करने के 5 दिन बाद तक उल्लेखनीय रूप से थ्रिप्स की संख्या में कहीं अधिक कमी पाई गई। कुल मिलाकर, यूकेलिप्टस तेल @4 मिलि./लि. सबसे अधिक प्रभावी पाया गया जिसमें थ्रिप्स की संख्या में 26.82 से 50.43 प्रतिशत की कमी आई (तालिका 4.2)। लहसुन इकोसिस्टम में पाया गया प्रमुख प्राकृतिक शत्रु कॉक्सीनेलिड, *कॉक्सीनेला सेक्समैकुलेटा* था। सभी उपचारों में प्राकृतिक शत्रु संख्या का रूझान एकजैसा था। प्रत्येक लहसुन पौधे में संख्या की सीमा 1.4 से 1.8 वयस्क भृंग थी। प्रति पौधा 1.9 भृंग की अधिकतम संख्या टी 4 लेमनग्रास तेल @4 मिलि./लिटर से छिड़काव किए गए प्रक्षेत्रों में पाई गई (चित्र 4.6)।

DAP and 60 DAP. Thrips population reduction was observed upto 5 days of spray. Of these various targeted pests, only thrips was recorded throughout the period of study. Efficacy data revealed that cyantraniliprole (@ 0.9 ml/lit) alone and in combination with fungicide (cyantraniliprole (@ 0.9 ml/lit) + cabriotop 2g/lit) showed significant reduction of thrips population over control. Per cent reduction in thrips populations at cyantraniliprole treated plots were 67.32, 73.19 and 50.68 at 40, 50 and 60 days after planting, respectively. Whereas, in cyantraniliprole + cabriotop treated plot thrips population reduction was 75.86, 70.88 and 57.64 % at 40, 50 and 60 days after planting, respectively (Table 4.1).

Evaluation of essential oil for onion thrips, *Thrips tabaci* Lindeman in garlic

Two essential oils namely, Eucalyptus oil and Lemongrass oil were evaluated against *Thrips tabaci* on garlic under field conditions during Rabi, 2017-18. The experiment was laid out with garlic variety Bhima omkar. The commercial oils at desired doses were applied from 40 days after dibbling. For each oil, two concentrations (2ml/lit and 4 ml/lit) was fixed and tested. Neem oil @ 3% was used as control. Three replications were maintained for each treatment. Observation on thrips population was made before and after 3rd, 5th and 7th day after spray from 5 randomly selected plant. Natural enemy component from various treatments was also recorded simultaneously. At higher dose (4ml/lit) both Eucalyptus and Lemongrass oils were effective in reducing the thrips population as that of neem oil @ 3 ml/lit treated plots. In all the treatments, considerably higher population reduction observed up to 5 days after application. Over all Eucalyptus oil @ 4 ml/lit was most effective, the population reduction ranged from 26.82 to 50.43 % (Table 4.2). The major natural enemy (NE) observed in garlic ecosystem was coccinellid, *Coccinella sexmaculata*. More over NE population trend was similar all treatments. The population range was 1.4 to 1.8 adult beetles per garlic plant. The maximum number of 1.8 beetle per plant was noticed in T4-Lemongrass oil @ 4 ml/lit sprayed plot (Figure 4.6).

तालिका 4.1 : प्याज थ्रिप्स में सिन्ट्रानिलिप्रोल की जैव प्रभावशीलता

Table 4.1: Bio-efficacy of cyantraniliprole to onion thrips

उपचार Treatment	पौध रोपण के 40 दिन बाद पहला छिड़काव First spray at 40 DAP					पौध रोपण के 50 दिन बाद दूसरा छिड़काव Second Spray at 40 DAP					पौध रोपण के 60 दिन बाद तीसरा छिड़काव Third Spray at 60 DAP					औसत कमी Mean reduction (%)
	पूर्व संख्या Pre-count	1st	3nd	5th	कमी reduction %	पूर्व संख्या Pre-count	1st	3nd	5th	कमी reduction %	पूर्व संख्या Pre-count	1st	3nd	5th	कमी reduction %	
टी–1 सिन्ट्रानिलिप्रोल T1- Cyantraniliprole	18.67	3.07	3.34	3.68	67.32	42.53	9.40	11.28	13.53	73.19	22.00	9.40	11.28	11.87	50.68	63.73
टी 2 कैब्रियोटॉप T2- Cabrio Top	21.80	12.60	13.73	15.11	38.02	38.00	28.60	34.32	41.19	8.74	13.33	10.00	9.33	11.20	23.63	23.46
टी 3 कैब्रियोटॉप + सिन्ट्रानिलिप्रोल T3- CabrioTop + Cyantraniliprole	18.40	4.00	4.36	4.80	75.86	36.13	11.67	9.04	10.85	70.88	16.67	8.20	6.00	7.00	57.64	68.12
टी 4 फिप्रोनिल T4- Fipronil	20.80	2.40	2.62	2.88	87.35	17.47	5.00	6.00	7.20	65.31	10.67	3.93	2.96	2.67	70.19	74.28
टी 5 प्रोपीकोनाजोल T5- Propiconazol	21.80	15.60	17.00	18.70	21.55	46.80	36.40	43.68	52.42	5.64	22.00	19.67	16.00	19.20	16.86	15.01
टी 6 नियंत्रण T6- Control	21.47	20.27	22.09	24.30	-3.49	54.53	51.67	62.00	65.44	-9.48	54.53	51.67	62.00	65.44	-9.48	-7.48
क्रान्तिक भिन्नता CD (0.05%)		0.47	0.50	0.52			0.54	0.71	0.79			0.83	0.79	0.82		

तालिका 4.2 : प्याज थ्रिप्स से संक्रमित लहसुन के लिए सुगन्धित तेल का जैव प्रभावशीलता परीक्षण

Table 4.2: Bio-efficacy testing of essential oils for onion thrips infesting garlic

उपचार Treatment	प्रति पौधा थ्रिप्स की औसत संख्या (तीन पुनरावृति का औसत ; 5 पौधों की प्रत्येक पुनरावृति के लिए आकलन) Avg. No. of thrips/plant (Mean of three replication; observation for each replication consist of five plants)														
	पहला छिड़काव First Spray					दूसरा छिड़काव Second spray					तीसरा छिड़काव Third spray				
	पूर्व संख्या Pre Count	3 DAS	5th DAS	7th DAS	संख्या कमी popl. reduction %	पूर्व संख्या Pre Count	3 DAS	5th DAS	7th DAS	संख्या कमी popl. reduction %	पूर्व संख्या Pre Count	3 DAS	5th DAS	7th DAS	संख्या कमी popl. reduction %
टी 1–यूकेलिप्टस तेल 2 मिलि./लि.	4.93	3.80	3.77	6.03	8.10	18.00	12.53	9.89	16.00	28.84	19.93	13.40	10.20	21.93	23.86
टी 2–यूकेलिप्टस तेल 4 मिलि./लि.	2.67	1.60	0.95	2.55	36.18	19.27	6.33	5.05	17.27	50.43	17.27	10.31	8.33	19.27	26.82
टी 3–लेमनग्रास तेल 2 मिलि./लि. T3- Lemongrass oil @ 2 ml/lit	3.33	2.73	2.30	4.70	2.66	19.53	12.87	10.25	17.47	30.75	27.07	18.44	16.73	29.07	20.88
टी 4–लेमनग्रास तेल 4 मिलि./लि. T4- lemongrass oil @ 4 ml/lit	3.47	1.80	1.17	2.97	42.95	19.87	10.80	7.04	17.87	40.09	18.47	11.78	10.13	20.47	23.51
टी 5–नीम तेल 3 मिलि./लि. T5- neem oil @ 3 ml/lit	2.67	1.67	0.87	2.54	36.51	19.67	7.07	5.75	16.00	51.15	24.33	11.04	9.73	26.33	35.47
टी 6 –नियंत्रण/T6-control	4.00	4.33	4.04	9.92	-52.44	20.13	20.00	25.99	24.13	-28.84	29.67	28.64	31.40	31.67	-23.86
क्रान्तिक भिन्नता CD (0.05%)	*NS*	0.22	0.22	0.25		*NS*	0.35	0.20	0.22		*NS*	0.21	0.23	0.27	



चित्र 4.6 : सुगन्धित तेल से उपचारित लहसुन प्लॉटों में *कॉक्सीनेला सेक्समैकुलेटा* का रूझान
Fig.4.6: Trend of *Coccinella sexmaculata* in essential oil treated garlic plots

प्याज थ्रिप्स में सोडियम चैनल जीन का लक्षणवर्णन

वोल्टेज गेटिड सोडियम चैनल जीन जो कि प्याज थ्रिप्स में पायरेथ्राइड प्रतिरोधिता से जुड़ा हुआ है, में उत्परिवर्तन अथवा म्यूटेशन की जांच करने के लिए अध्ययन किया गया। मानक प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए डीओजीआर के प्रयोगात्मक फार्म से संकलित प्याज थ्रिप्स से जीनोमिक डीएनए को अलग किया गया। जीन का आंशिक तौर पर प्रवर्धन और अनुक्रमण (177 बीपी) किया गया। प्रवर्धित क्षेत्र के भीतर प्याज थ्रिप्स में पायरेथ्राइड प्रतिरोधिता से संबंधित ऐसा कोई विशिष्ट उत्परिवर्तन नहीं पाया गया। न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम को एनसीबीआई डाटाबेस (प्राप्ति संख्या एमजी 725629) में जमा कराया गया।

थ्रिप्स के लिए मौसम आधारित पूर्वानुमान मॉडल का विकास

फसल रोपण की प्रत्येक तारीख के लिए मौसम सूचकांक आधारित समाश्रयण मॉडल्स विकसित किए गए। वर्ष 2000 से 2015 की अवधि के दौरान पुणे में विभिन्न मौसमों में विभिन्न तारीखों पर पाक्षिक अन्तराल (15 जून, 01 जुलाई, 15 जुलाई, 01 अगस्त, 15 अगस्त, 01 सितम्बर, 15 सितम्बर, 01 अक्तूबर, 15 अक्तूबर, 01 नवम्बर, 15 नवम्बर, 01 दिसम्बर, 15 दिसम्बर, 01 जनवरी, 15 जनवरी) पर की गई बुवाई पर खेत परीक्षण किए गए। अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, प्रात:कालीन आपेक्षिक आर्द्रता एवं सायंकालीन आपेक्षिक आर्द्रता तथा खिली हुई धूप वाले घंटों जैसे मौसम परिवर्त पर विचार किया गया। स्वतंत्र परिवर्त के रूप में मौसम सूचकांक का उपयोग करके मॉडल विकसित किए गए जबकि अध्ययन के तहत गुण अथवा लक्षण जैसे कि थ्रिप्स के पहली बार दिखाई देने पर फसल की आयु (वाई 1); थ्रिप्स की अति व्यस्त संख्या पर फसल आयु (वाई 2) एवं अधिकतम थ्रिप्स संख्या (वाई 3) का उपयोग प्याज फसल के लिए स्वतंत्र परिवर्त के रूप में किया गया। सभी मॉडलों में उल्लेखनीय परिवर्त का चयन करने के लिए चरणबद्ध तरीके से समाश्रयण तकनीक का उपयोग किया गया। अनुवर्ती वर्षों पर डाटा जिसे

Characterization sodium channel gene in onion thrips

Study conducted to investigate the mutation in voltage gated sodium channel gene which is associated pyrethroid resistance in onion thrips. Genomic DNA was isolated from onion thrips collected from DOGR experimental farm using standard protocol. The gene was partially amplified and sequenced (177 bp). Within the amplified region no such specific mutation pertaining pyrethroid resistance in onion thrips was detected. Nucleotide sequence was submitted to NCBI data base (Accession number, MG725629).

Development of weather based forecast models for thrips

Weather indices based regression models were developed for each date of planting of crops. The field trials were sown on different dates at fortnightly intervals (15-June, 01-July, 15-July, 01-Aug, 15-Aug, 01-Sep, 15-Sep, 01-Oct, 15-Oct, 01-Nov, 15-Nov, 01-Dec, 15-Dec, 01-Jan and 15-Jan) in different seasons at Pune during 2000 to 2015. Weather variables on maximum temperature, minimum temperature, morning relative humidity and evening relative humidity and bright-sunshine hours were considered. Models were developed using weather indices as independent variables, while character under study such as crop age at first appearance of thrips (Y_1), crop age at peak population of thrips (Y_2) and maximum thrips population (Y_3) was used as dependent variable for onion crop. Stepwise regression technique has been used for selecting significant variables in all

मॉडल का विकास करने में शामिल नहीं किया गया था, का उपयोग करके मॉडलों का प्रमाणन किया गया।

विभिन्न गुणों के लिए रोपण की भिन्न तारीखों हेतु निर्धारण गुणांक के साथ साथ मौसम सूचकांक आधारित समाश्रयण मॉडल्स को तालिका 4.3 में प्रस्तुत किया गया है। अनुवर्ती वर्षों में मौसम सूचकांक आधारित समाश्रयण मॉडलों पर आश्रित रोपण की भिन्न तारीखों में भिन्न गुणों अथवा लक्षणों के लिए पाए गए तथा पूर्वानुमान आंकडों को तालिका 4.4 में प्रस्तुत किया गया है। इन तालिकाओं से पता चलता है कि रोपण की भिन्न तारीखों पर विभिन्न गुणों अथवा लक्षणों के लिए किए गए पूर्वानुमान पाए गए आंकडों के समान ही थे। मौसम सूचकांक आधारित समाश्रयण मॉडल्स में रोपण की भिन्न तारीखों पर भिन्न गुणों के लिए पूर्वानुमान के प्रतिशत विचलन से पता चला कि थ्रिप्स के पहली बार प्रकट होने पर फसल की आयु (वाई 1) और थ्रिप्स की अति व्यस्त संख्या पर फसल की आयु (वाई 2) के लिए विचलन कम है जबकि थ्रिप्स की अधिकतम संख्या (वाई 3) के लिए विचलन कहीं ज्यादा है , ऐसा सैम्पलिंग में उतार–चढ़ाव के कारण हो सकता है। थ्रिप्स के पहली बार प्रकट होने पर फसल की आयु (वाई 1), थ्रिप्स की अति व्यस्त संख्या पर फसल की आयु (वाई 2) तथा थ्रिप्स की अधिकतम संख्या के लिए इस युक्ति पर आधारित पूर्वानुमान विचलन प्रतिशत न्यूनतम है। थ्रिप्स के पहली बार प्रकट होने पर फसल की आयु (वाई 1), थ्रिप्स की अति व्यस्त संख्या पर फसल की आयु (वाई 2) तथा थ्रिप्स की अधिकतम संख्या के लिए माध्य सम्पूर्ण प्रतिशत त्रुटि क्रमश: 6.06, 9.04 तथा 95.2 थी। थ्रिप्स की अधिकतम संख्या (वाई$_3$) के लिए MAPE कहीं ज्यादा है जो कि नमूनों में उतार–चढ़ाव के कारण हो सकता है। आमतौर पर, मॉडल्स निर्धारण के सभी गुणांकों के साथ अच्छी तरह से उपयुक्त थे। मॉडल्स पूर्वानुमान अनुवर्ती वर्षों में पाए गए मानों के अत्यंत निकट पाए गए। इसलिए, रोपण के सप्ताह से प्रारंभ करके फसल बढ़वार के छ: सप्ताह तक साप्ताहिक मौसम डाटा पर आधारित इन मॉडल्स का उपयोग थ्रिप्स के विश्वसनीय पूर्वानुमान के लिए किया जा सकता है।

प्याज में ऑर्मी वॉर्म, *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति कॉम्पलेक्स की पहचान

रबी 2016 के दौरान भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के परीक्षणात्मक प्रक्षेत्रों से *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति कॉम्पलेक्स को दर्ज किया गया। तथापि, पहले इसकी रिपोर्ट प्याज में एक गौण नाशीजीव के रूप में पाई गई थी, लेकिन आजकल यह नुकसान पहुंचाने वाले स्तर में पाया गया है जिस पर कि कीट नाशीजीव प्रबंधकों और किसानों को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। खेतों से अण्डा पिंड अथवा द्रव्यमान को संकलित किया गया और उन्हें प्रयोगशाला परिस्थितियों के तहत पाला गया। इनके वयस्क पंख शिराविन्यास पैटर्न के आधार पर

the models. Models have been validated using data on subsequent years which were not included in developing the models.

Weather indices based regression models along with coefficient of determination for different date of planting for various characters are presented in table 4.3. Observed and forecast for different characters in various date of planting based on weather indices based regression models in subsequent years is given in table 4.4. These tables revealed that the forecasts for different character in various date of planting at par with the observed one. The percentage deviation of forecast for different character in various date of planting based on weather indices based regression models reveals that the deviation is low for crop age at first appearance of thrips (Y_1) and crop age at peak population of thrips (Y_2) while deviation is higher for maximum population of thrips (Y_3) this may be due to the sampling fluctuations. The forecasts deviation (in %) based on this approach for crop age at first appearance of thrips, crop age at peak population of thrips and maximum thrips population is minimum. Mean Absolute Percentage Error (MAPE) for crop age at first appearance of thrips, crop age at peak population of thrips and maximum thrips population were 6.06, 9.04 and 95.2 respectively. The MAPE is litter higher side for maximum population of thrips (Y_3) this may be due to the sampling fluctuations. In general, the models fitted well with all the coefficients of determination. Forecasts from the models were very close to the observed values in subsequent years. Therefore these models, based on weekly weather data starting from week of planting up to six weeks of crop growth, can be used for reliable forewarning of thrips.

Identification of army worm, *Spodoptera spp* complex in onion

Spodoptera spp complex has been recorded from experimental plots at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR), Pune, during *rabi* 2016. Though reported earlier as a minor pest in onion, now-a-days found in damaging levels that urges great attention from insect pest managers and farmers. Egg masses from the field were

तालिका 4.3 : निर्धारण गुणांक के साथ मौसम सूचंकांक आधारित मॉडल्स

Table 4. 3: Weather indices based models along with coefficient of determination

बुवाई की तारीख / Date of Sowing	मॉडल / Model	R^2
15 जून 15 June	$Y_1 = -14.473 + 1.159 Z_{41} + 0.017 Z_{240}$	0.83
	$Y_2 = -140.785 + 0.024 Z_{141} + 0.025 Z_{231}$	0.97
	$Y_3 = -177.130 + 0.290 Z_{121} + 0.019 Z_{130} + 0.073 Z_{131}$	0.94
01 जुलाई 1 July	$Y_1 = -63.356 + 1.792 Z_{31} - 0.001 Z_{340}$	0.85
	$Y_2 = 51.144 + 0.110 Z_{151}$	0.78
	$Y_3 = 283.778 + 0.119 Z_{141} - 0.031 Z_{130}$	0.93
15 जुलाई 15 July	$Y_1 = -29.404 + 0.015 Z_{131} + 0.014 Z_{451}$	0.67
	$Y_2 = 201.112 - 0.266 Z_{30} + 0.810 Z_{41}$	0.85
	$Y_3 = 4.778 + 0.034 Z_{251}$	0.85
01 अगस्त 1 August	$Y_1 = 11.810 + 1.025 Z_{41}$	0.55
	$Y_2 = 58.496 + 6.695 Z_{50} + 0.150 Z_{131}$	0.74
	$Y_3 = -198.586 + 0.155 Z_{241} - 0.137 Z_{250}$	0.89
15 अगस्त 15 August	$Y_1 = 14.465 + 0.007 Z_{231}$	0.96
	$Y_2 = -42.849 - 0.182 Z_{120} + 0.326 Z_{121}$	0.88
	$Y_3 = 97.579 + 0.022 Z_{141} + 2.535 Z_{31}$	0.91
01 सितम्बर 1 September	$Y_1 = 61.595 + 1.516 Z_{11}$	0.56
	$Y_2 = 43.287 + 2.268 Z_{31} - 0.122 Z_{251}$	0.83
	$Y_3 = -345.007 + 1.833 Z_{31}$	0.96
15 सितम्बर 15 September	$Y_1 = 13.062 + 0.053 Z_{151}$ $0.008 Z_{231}$	0.70
	$Y_2 = 233.680 + -0.022 Z_{250}$ $2.266 Z_{31}$	0.92
	$Y_3 = -445.109 + 0.009 Z_{240} + 2.716 Z_{31} + 0.297 Z_{451}$	0.98
01 अक्तूबर 1 October	$Y_1 = 24.028 + 0.045 Z_{351} + 0.006 Z_{450}$	0.71
	$Y_2 = 101.213 - 0.054 Z_{250} + 0.250 Z_{251}$	0.86
	$Y_3 = -36.248 + 2.307 Z_{31} + 0.265 Z_{151}$	0.84
15 अक्तूबर 15 October	$Y_1 = -5.731 + 0.0389 Z_{450} + 2.271 Z_{51}$	0.97
	$Y_2 = -128.731 + 5.917 Z_{21}$	0.78
	$Y_3 = 1078.907 + 0.540 Z_{151} + 12.358 Z_{11}$	0.87

Continued on next page...

Continued from previous page...

बुवाई की तारीख / Date of Sowing	मॉडल / Model	R^2
01 नवम्बर 1 November	$Y_1 = 12.5446 + 1.973 Z_{11} + 0.018 Z_{451} + 0.168 Z_{31}$	0.96
	$Y_2 = -41.005 + 0.0176 Z_{131} + 3.889 Z_{11} - 0.006 Z_{230}$	0.92
	$Y_3 = 3.508 + 0.0118 Z_{251} + 0.0001 Z_{341}$	0.89
15 नवम्बर 15 November	$Y_1 = -76.184 + 4.649 Z_{11} + 0.395 Z_{451}$	0.85
	$Y_2 = 243.604 + 0.0072 Z_{31} + 0.0203 Z_{21}$	0.86
	$Y_3 = 1.703 + 0.0009 Z_{131} + 0.0002 Z_{350} - 0.0054 Z_{10}$	0.99
01 दिसम्बर 1 December	$Y_1 = 17.992 + 0.021 Z_{121} + 0.032 Z_{151}$	0.91
	$Y_2 = -152.722 + 3.455 Z_{11}$	0.84
	$Y_3 = -1.712 + 0.0005 Z_{131} + 0.002 Z_{151}$	0.98
15 दिसम्बर 15 December	$Y_1 = 15.401 + 0.0010 Z_{11} + 0.0044 Z_{151}$	0.89
	$Y_2 = 42.11 + 0.0434 Z_{241} + 0.0616 Z_{131}$	0.73
	$Y_3 = -13.793 + 0.043 Z_{10} + 0.067 Z_{31}$	0.89
01 जनवरी 1 January	$Y_1 = 9.797 + 0.555 Z_{251} - 0.008 Z_{231} + 0.005 Z_{341}$	0.99
	$Y_2 = 37.804 + 4.146 Z_{11} + 0.032 Z_{231} + 0.066 Z_{141}$	0.96
	$Y_3 = -0.886 + 0.1367 Z_{11} + 0.0007 Z_{231}$	0.94
15 जनवरी 15 January	$Y_1 = 22.478 + 0.0001 Z_{230} + 0.0194 Z_{351}$	1.00
	$Y_2 = 113.305 + 0.011 Z_{141} - 0.003 Z_{131}$	1.00
	$Y_3 = 1.778 + 0.0028 Z_{451}$	1.00

तालिका 4.4 : रोपण की विभिन्न तारीख में भिन्न गुणों के लिए पाए गए एवं पूर्वानुमान मान

Table 4.4: Observed and Forecast values for different characters in various date of planting

रोपण की तारीख Date of Planting	वर्ष Year	Y_1		Y_2		Y_3	
		पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast	पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast	पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast
15 जून 15 June	2008	24	30	45	58	51.3	52.8
	2009	17	15	59	76	37.3	61.2
01 जुलाई 1 July	2008	28	24	70	62	41.4	78
	2009	21	25	63	55	31.1	63.4
15 जुलाई 15 July	2008	22	21	36	34	19.1	7.9
	2009	22	19	43	43	27.8	43.8

Continued on next page...

Continued from previous page...

रोपण की तारीख Date of Planting	वर्ष Year	Y_1		Y_2		Y_3	
		पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast	पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast	पाए गए आंकडे Observed	पूर्वानुमान Forecast
01 अगस्त 1 Augst	2008	20	17	34	35	9.2	15.6
	2009	20	17	34	42	15.9	5.5
15 अगस्त 15 Augst	2008	19	18	103	69	10.9	13.1
	2009	19	19	89	76	5.2	9.5
01 सितम्बर 1 September	2007	17	18	101	93	41.9	51.6
	2008	17	23	87	98	78.5	47.4
15 सितम्बर 15 September	2007	18	16	86	88	94.5	99.9
	2008	16	15	86	71	27.2	33.7
01 अक्तूबर 1 Octber	2007	22	14	99	67	42.3	70.7
	2008	22	22	92	73	37.5	80.8
15 अक्तूबर 15 Octber	2007	21	20	63	75	86.7	100.6
	2008	21	31	77	72	42.8	48.1
01 नवम्बर 1 November	2008	19	21	61	74	27.9	70.4
	2009	19	24	82	104	57	95.4
15 नवम्बर 15 November	2008	19	21	82	50	25.9	40.4
	2009	19	25	68	54	56.6	101.4
01 दिसम्बर 1 December	2008	17	12	66	61	24.5	25.4
	2009	20	17	52	65	58.4	54.7
15 दिसम्बर 15 December	2008	17	19	57	71	26.1	41.6
	2009	17	23	57	75	41	61.8

नमूनों की पहचान की गई। *एस. लिटुरा* मटमैले भूरे रंग वाले होते हैं और इनके पंख की लंबाई लगभग 30 से 40 मिमी. होती है। इनके अग्र पंख दूधिया रंग जटिलता के साथ मटमैले भूरे होते हैं जिन पर शिराओं के साथ साथ धुंधली रेखाओं के साथ अग्र पंखों पर '4' से मिलते–जुलते निशान होते हैं। जबकि *एस. एक्सिगुआ* में, पंख की लंबाई लगभग 25 से 30 मिमी. होती है और इनके अग्र पंखों में हल्के रंग वाला राजमा की आकृति पैटर्न देखने को मिलता है। पुन लेपिडोप्टेरान विशेषज्ञ (डॉ. पी.आर. शशांक, वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली) द्वारा नमूनों की पुष्टि करने के

collected and reared under laboratory conditions. Specimens were identified based on their adult wing venation patterns. *S. litura* are greyish brown in colour and a wingspan of about 30 to 40 mm. The forewings are greyish brown with cream coloured complex markings resembling "4" on the forewings and with paler lines along the veins, while in *S. exigua*, wing span is about 25 to 30 mm and has light coloured kidney bean shaped pattern in their forewings. Further, specimens were sent to

लिए नमूनों को राष्ट्रीय पूसा संकलन, भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली भेजा गया और वाउचर नमूना संख्या प्रदान की गई : *स्पोडोप्टेरा लिटुरा*–आरएसएस संख्या 1697/17, 1698/17 एवं *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ*–आरएसएस संख्या 1699/17, 1699/17।

National PUSA Collection, ICAR-IARI, New Delhi for confirmation by lepidoteran expert (Dr. P. R. Shashank, Scientist, IARI, New Delhi) and provided the voucher specimen nos: *Spodoptera litura* - RSS No. 1697/17, 1698/17and *Spodoptera exigua* - RSS No. 1699/17, 1699/17.

चित्र 4.7: पंख शिराविन्यास के आधार पर *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति की पहचान
Fig.4.7: Identification of *Spodoptera spp* Complex based on wing venation

साथ साथ ही इसकी पुष्टि डीएनए बारकोड के माध्यम से की गई जिसमें माइटोकॉण्ड्रियल जीन साइटोक्रॉम सी ऑक्सीडेज सबयूनिट I (COI) के एक भाग (600-900 bp के बीच) का डीएनए अनुक्रम विश्लेषण करना शामिल था। अध्ययन के लिए एलसीओ 1480 तथा एचसीओ 1298 प्राइमरों का उपयोग किया गया (फॉमर एवं साथी, 1994)। एम्पलीकॉन्स का अनुक्रमण किया गया और उसे राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र (NCBI) जीनबैंक डाटाबेस, यूएसए भेजा गया प्राप्ति संख्या प्राप्त की गई: न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम प्राप्ति संख्या एमजी 745792–*स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* एवं न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम प्राप्ति संख्या एमजी 745793–*स्पोडोप्टेरा लिटुरा*।

Simultaneously confirmed through DNA barcode which involves DNA sequence analysis of a portion (typically between 600-900 bp) of the mitochondrial gene cytochrome c oxidase subunit I (COI). LCO 1480 and HCO 1298 primers were used for the study (Folmer et al. 1994). Ampilcons were sequenced and submitted to National Centre for Biotechnological Information (NCBI) GenBank Database, USA and received as Nucleotide sequence accession No. MG745792 - *Spodoptera exigua* and Nucleotide sequence accession No. MG745793- *Spodoptera litura*.

प्रयोगशाला परिस्थितियों में *स्पोडोप्टेरा लिटुरा* एवं *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* का जीवविज्ञान

एस. लिटुरा और *एस. एक्सिगुआ* के जीवन चक्र में चार अवस्थाएं होती हैं। औसतन, अण्डा से लेकर वयस्क तक की जीवन चक्र अवधि में *एस. लिटुरा* और *एस. एक्सिगुआ* के लिए क्रमश: 28 से 40 दिन और 25 से 45 दिन का समय लगता है जो कि तापमान पर निर्भर करता है। *एस. लिटुरा* और *एस. एक्सिगुआ* के मामले में, अण्डा उष्मायन अवधि क्रमश: 3–7 दिन एवं 2–4 दिन; लार्वा अवधि क्रमश: लगभग 23–26 दिन एवं 7–11 दिन और प्यूपा अवधि क्रमश: 6–9 दिन एवं 5–7 दिन होती है। अण्डा पिण्ड सपाट सतह पर सीधे पड़े होते हैं। 200 से 300 अण्डों तक एक एकल बैच बनाया जा सकता है (तालिका 4.5)।

Biology of *Spodoptera litura* and *Spodoptera exigua* under laboratory conditions

Life cycle of *S. litura* and *S. exigua* comprises of 4 stages. On an average, duration of the life cycle from egg to adults takes 28-40days and 25-45 days for *S. litura* and *S. exigua* respectively depending on the temperature. In case of *S. litura* and *S. exigua,* egg incubation period is 3-7 days & 2-4 days; larval duration is about 23-26 days & 7-11 days and pupal period is 6-9 days & 5-7 days respectively. Egg mass are laid upright on a flat surface. Scales from the abdomen of the female moths cover the egg mass. A single batch itself can be made up of 200 to 300 eggs (Table 4.5).



चित्र 4.8: *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति के mtCOS जीन के 658bp एम्पलीकॉन का पीसीआर प्रवर्धन

Fig.4.8: PCR amplification of 658 bp amplicon of mtCOI gene of *Spodoptera spp*

तालिका 4.5 : प्याज पर *स्पोडोप्टेरा लिटुरा* व *एस. एक्सिगुआ* का जीवविज्ञान

Table 4.5: Biology of *Spodoptera litura* and *S. exigua* on Onion

कीट की अवस्था Stage of the insect	*स्पोडोप्टेरा लिटुरा/Spodoptera litura*			*स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ /Spodoptera exigua*		
	न्यूनतम Minimum	अधिकतम Maximum	Avg±SE	न्यूनतम Minimum	अधिकतम Maximum	Avg±SE
अंडनिक्षेपण अवधि अण्डा Oviposition Period - Egg	3	7	4.4 ± 0.75	2	4	2.68±0.22
लार्वा अवधि Larval Period						
पहला इनस्टार/1st Instar	2	5	3.4 ± 0.51	2	4	2.82±0.13
दूसरा इनस्टार/2nd Instar	3	6	4.0 ± 0.55	1	3	1.91±0.17
तिसरा इनस्टार/3rd Instar	4	6	4.8 ± 0.37	1	4	1.77±0.20
चौथा इनस्टार/4th Instar	4	6	5.2 ± 0.58	1	4	1.73±0.19
पांचवां इनस्टार/5th Instar	5	9	7.0 ± 0.71	2	5	2.55±0.19
कुल लार्वा अवधि Total Larval period	23	26	24.4 ± 0.60	7	11	10.77±0.36
प्यूपा अवधि Pupal Period	6	9	7.2 ± 0.58	5	7	6.05±0.17
वयस्क अवधि/Adult Period	5	8	5.2 ± 0.58	4	7	5.77±0.23

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी
Post-Harvest Technology

परियोजना 5 : प्याज एवं लहसुन में होने वाली क्षति को न्यूनतम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु फसलोत्तर रखरखाव, भण्डारण तथा प्रसंस्करण तकनीकों का विकास एवं परिष्करण

प्याज एवं लहसुन की फसलों, जो कि जल्दी खराब होने वाली होती हैं, में फसलोत्तर क्षति को कम करने के लिए प्याज एवं लहसुन का फसलोत्तर रख–रखाव, भण्डारण एवं प्रसंस्करण करना महत्वपूर्ण क्रियाएं हैं। पूर्ववर्ती अध्ययनों में खुदाई से पहले एवं उपरान्त हस्तक्षेप करके फसलोत्तर क्षति को न्यूनतम करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया लेकिन 4–5 माह के भण्डारण में प्याज एवं लहसुन में अभी भी क्रमश: 40–50 प्रतिशत और 25 प्रतिशत क्षति पाई जाती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान इन फसलों के प्रसंस्करण तथा उससे जुड़े पहलुओं पर विशेष बल दिया गया जिनकी रिपोर्ट यहां प्रस्तुत है।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों की निर्जलीकरण एवं पुनर्जलीकरण विशेषताएं

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्याज की आठ किस्मों नामत: भीमा किरन, भीमा शक्ति, भीमा राज, भीमा रेड़, भीमा डार्क रेड़, भीमा सुपर, भीमा श्वेता और भीमा शुभ्रा को संस्तुत रीतियों के साथ एक जैसी परिस्थितियों में पछेती खरीफ मौसम के दौरान बोया गया।

उपचार के बाद, प्रयोग के लिए एकसमान और मध्यम आकार के कंदों को लिया गया। प्रत्येक किस्म के बीस कंदों को 3–4 मिमी. चौड़ी कतरनों में काटा गया (चित्र 5.1)। कुल कटे हुए प्याज में से 200 ग्राम का प्रतिनिधि नमूना लिया गया और उसका विश्लेषण नमी की मात्रा, कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश और अन्य जैव–रासायनिक पैरामीटरों के लिए किया गया (तालिका 5.1)। कटे हुए प्याज को सतत नमी होने तक 60°सें तापमान पर एक ट्रे ड्रायर में निर्जलीकृत किया गया। निर्जलीकरण करने के बाद, नमूनों का विश्लेषण नमी की मात्रा का पता लगाने और अन्य जैव–रासायनिक पैरामीटरों के लिए किया गया। सूखे हुए नमूनों में सतत भार वृद्धि होने तक 35°सें तापमान पर पुनर्जलीकरण किया गया (चित्र 5.1)। विभिन्न किस्मों के लिए निर्जलीकरण एवं पुनर्जलीकरण अनुपात की गणना की गई। जहां भीमा सुपर किस्म में निर्जलीकरण अनुपात अधिकतम पाया गया वहीं भीमा शुभ्रा में पुनर्जलीकरण अनुपात सबसे अधिक पाया गया (तालिका 5.1)।

Project 5: Development and refinement of post-harvest handling, storage and processing techniques for minimization of losses and improving productivity of onion and garlic

Post harvest handling, storage and processing of onion and garlic are important practices in order to reduce the post harvest losses in these perishable crops. Previous studies have focused on minimizing the post harvest losses by pre and post harvest interventions, yet the damage of 40-50% in onion and 20-25% in garlic is still recorded in 4-5 months of storage. In order to address this issue, processing of these crops and related aspects were given emphasis during the year and reported here.

Dehydration and rehydration characteristics of ICAR-DOGR onion varieties

Eight onion varieties of ICAR-DOGR (Bhima Kiran, Bhima Shakti, Bhima Raj, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Super, Bhima Shweta and Bhima Shubhra) were grown during late- *kharif* under similar conditions with the recommended practices. After curing, uniform and medium size bulbs were taken for the experiment. Twenty bulbs of each variety were cut into slices of 3-4mm width (Fig.5.1). Representative sample of 200g was taken from the total cut onion and analyzed for initial moisture content, total soluble solids (TSS) and other biochemical parameters (Table 5.1). The cut onion was dehydrated in a tray drier at 60°C till constant moisture. After dehydration, the samples were analyzed for moisture content and other biochemical parameters. The dried samples were rehydrated at 35°C till constant weight gain (Fig.5.1). Dehydration and rehydration ratio were calculated for different varieties. Dehydration ratio was found maximum in Bhima Super and rehydration ratio was found maximum in Bhima Shubhra (Table 5.1).

तालिका 5.1 : प्याज की विभिन्न किस्मों का निर्जलीकरण एवं पुनर्जलीकरण अनुपात

Table 5.1: Dehydration and Rehydration ratio of different varieties of onion

किस्म Variety	कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश Total Soluble Solids (TSS)	निर्जलीकरण अनुपात Dehydration Ratio	पुनर्जलीकरण अनुपात Rehydration Ratio
भीमा सुपर/Bhima Super	10.8	7.69	5.68
भीमा राज/Bhima Raj	10.5	7.32	5.70
भीमा रेड/Bhima Red	11.9	7.32	5.53
भीमा किरन/Bhima Kiran	12.1	7.50	5.38
भीमा डार्क रेड/Bhima Dark Red	11.3	7.14	5.56
भीमा शक्ति/Bhima Shakti	11.1	6.98	5.47
भीमा श्वेता/Bhima Shweta	11.1	6.82	5.59
भीमा शुभ्रा/Bhima Shubhra	10.9	7.50	5.76



चित्र 5.1: ताजे कटे हुए, निर्जलीकृत एवं पुनर्जलीकृत प्याज की तीन सर्वोत्तम किस्में

Fig.5.1: Fresh, dehydrated and rehydrated onion of three best varieties

प्रसार
Extension

परियोजना 6 : प्याज एवं लहसुन का उत्पादन बढ़ाने हेतु पणधारकों की जानकारी एवं कौशल का उन्नयन

किसानों को शिक्षित करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान का अनुप्रयोग करना और कृषि रीतियों की नई जानकारी प्रदान करना कृषि प्रसार है। प्रसार गतिविधियों से प्रौद्योगिकियों का प्रचार–प्रसार करने और साथ ही इनमें पुन: सुधार लाने के लिए इनके प्रभावों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती है। परियोजना का उद्देश्य प्याज एवं लहसुन उत्पादन के संबंध में किसानों, प्रसार कार्मिकों और अन्य हितधारकों की जानकारी और कौशल में सुधार लाना है।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

रबी, खरीफ एवं पछेती खरीफ मौसमों के दौरान क्रमश: तीन राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ में किसानों के खेतों पर कुल छ: प्रदर्शन लगाए गए। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों के बीजों को इन राज्यों में चयनित प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। स्थानीय किस्मों के बीजों की व्यवस्था स्वयं किसानों द्वारा की गई।

महाराष्ट्र में प्रदर्शन : महाराष्ट्र के वासिम जिले में रबी मौसम के दौरान प्रदर्शन के लिए प्याज की किस्मों नामत: भीमा शक्ति, भीमा किरन और भीमा श्वेता को चुना गया। इस प्रयोजन के लिए, निदेशालय द्वारा प्रत्येक किस्म का एक–एक किलो बीज सहित कुल 3 किग्रा. बीज किसानों को दिया गया। दो प्रगतिशील किसानों (मानोली से एक और मंगरूलपिर से दूसरा) के खेतों पर प्रदर्शन लगाए गए। प्रदर्शन प्रयोजन के लिए दोनों किसानों को समान मात्रा में बीज दिए गए।

गुजरात में प्रदर्शन : गुजरात के भावनगर जिले में खरीफ मौसम में प्रदर्शन लगाने के लिए प्याज की किस्मों नामत: भीमा राज, भीमा सुपर, भीमा रेड़, भीमा डार्क रेड़, भीमा शुभ्रा, भीमा श्वेता तथा भीमा सफेद को चुना गया। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक किस्म के एक–एक किलो बीज सहित कुल 7 किग्रा. बीज किसानों को दिए गए। प्रदर्शन के लिए दो प्रगतिशील किसानों (नवा संगना से एक और कलसर से दूसरा) को चुना गया और प्रत्येक किसान को प्रत्येक किस्म का 500 ग्राम बीज दिया गया।

Project 6: Improving knowledge and skill of stakeholders for improving production of onion and garlic

Agricultural extension is the application of scientific research and new knowledge to agricultural practices through farmer education. Extension activities help to disseminate the technology and evaluate its impact for further refinement. The project aims at knowledge and skill improvement in farmers, extension workers and other stakeholders with regard to onion and garlic production.

Frontline demonstrations

Six demonstrations were carried out at farmers' fields in three states *viz.,* Maharashtra, Gujarat and Chhattisgarh during *rabi, kharif* and late *kharif* seasons, respectively. The seeds of ICAR-DOGR onion varieties were provided to the selected progressive farmers of these states. Seeds of local varieties were arranged by the farmers.

Demonstrations in Maharashtra: Onion varieties, Bhima Shakti, Bhima Kiran and Bhima Shweta were selected for *rabi* demonstrations in Washim district of Maharashtra. For the purpose, 3 kg onion seed (1 kg of each variety) was provided by the Directorate. Demonstrations were conducted at the fields of two progressive farmers (one from Manoli and other from Mangrulpir). Seed was equally distributed among the farmers for demonstration purpose.

Demonstrations in Gujarat: Onion varieties, Bhima Raj, Bhima Super, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Shubhra, Bhima Shweta and Bhima Safed were selected for *kharif* demonstrations in Bhavnagar districts of Gujarat. For this purpose, 7 kg onion seed (1 kg of each variety) was provided. Two progressive farmers (one from Nava Sangna and other from Kalsar) were selected for carrying out the demonstrations and each farmer was given 500 g seed of each variety.

छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन : छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पछेती खरीफ प्रदर्शन के लिए प्याज की किस्मों नामत: भीमा राज, भीमा सुपर, भीमा रेड़, भीमा शक्ति, भीमा शुभ्रा, भीमा श्वेता और भीमा सफेद को चुना गया। प्रदर्शन प्रयोजन के लिए दो प्रगतिशील किसानों (कुहरी से एक और बंडोरा से दूसरा) को चुना गया। इस प्रयोजन के लिए, निदेशालय द्वारा कुल 7 किग्रा. प्याज बीज उपलब्ध कराया गया जिसमें प्रत्येक किस्म का एक–एक किग्रा. बीज शामिल था। प्रत्येक किसान को प्रत्येक किस्म का कुल 500 ग्राम बीज उपलब्ध कराया गया।

Demonstrations in Chhattisgarh: Onion varieties, Bhima Raj, Bhima Super, Bhima Red, Bhima Shakti, Bhima Shubhra, Bhima Shweta and Bhima Safed were selected for late *kharif* demonstrations in Mahasamund district of Chhattisgarh. Two progressive farmers (one from Kuhri and other from Bandora) were selected for carrying out the demonstrations. For this purpose, 7 kg onion seed (1 kg of each variety) was provided by the Directorate and distributed in such a way that everybody got 500 g seed of each variety.

तालिका 6.1 : अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन परीक्षणों में चलाए गए विभिन्न कार्यों की समय–सारणी

Table 6.1: Schedule of various operations followed in frontline demonstration trials

कार्य /Work	विभिन्न राज्यों एवं मौसमों में कार्यों की तारीख Date of operation in different states and seasons		
राज्य /State	महाराष्ट्र/Maharashtra	गुजरात/Gujarat	छत्तीसगढ़ /Chhattisgarh
मौसम /Season	रबी /*Rabi*	खरीफ /*Kharif*	पछेती खरीफ /Late *kharif*
पौधाशाला में बुवाई Sowing in nursery	15/10/2016	27/06/2016	30/08/2016
पौध–रोपण Transplanting	09/12/2016	11/08/2016	14/10/2016
आधारीय खुराक Basal dose	गोबर की खाद 15 टन/हे. 40:40:60:30 किग्रा. एनपीकेएस/हे. 8 दिसम्बर, 2016 FYM 15 t/ha 40:40:60:30 kg NPKS/ha 08/12/2016	गोबर की खाद 15 टन/हे. 25:40:40:30 किग्रा. एनपीकेएस/हे. 10 अगस्त, 2016 FYM 15 t/ha 25:40:40:30 kg NPKS/ha 10/08/2016	गोबर की खाद 15 टन/हे. 40:40:60:30 किग्रा. एनपीकेएस/हे. 13 अक्तूबर, 2016 FYM 15 t/ha 40:40:60:30 kg NPKS/ha 13/10/2016
प्रथम छिड़काव मात्रा 1st top dress dose	35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 8 जनवरी, 2017 35 kg N/ha 08/01/2017	25 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 10 सितम्बर, 2016 25 kg N/ha 10/09/2016	35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 13 नवम्बर, 2016 35 kg N/ha 13/11/2016
द्वितीय छिड़काव मात्रा 2nd top dress dose	35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 23 जनवरी, 2017 35 kg N/ha 23/01/2017	25 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 26 सितम्बर, 2016 25 kg N/ha 26/09/2016	35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. 28 नवम्बर, 2016 35 kg N/ha 28/11/2016
सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव Micronutrient spray	5 ग्राम/लिटर/5 g/L 25/01/2017 09/02/2017 24/02/2017	5 ग्राम/लिटर/5 g/L 27/09/2016 12/10/2016 27/10/2016	5 ग्राम/लिटर/5 g/L 29/12/2016 14/01/2017 29/01/2017
तुड़ाई अथवा खुदाई Harvesting	13/04/2017	24/11/2016	18/03/2017

सभी परीक्षणों में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा की गई सिफारिशों का पालन किया गया। विभिन्न परीक्षणों में चलाये गये विभिन्न कार्यों की समय–सारणी को तालिका 6.1 में दर्शाया गया है।

सभी परीक्षणों में प्रचलित संवर्धन रीतियों का विवरण नीचे प्रस्तुत है

पौधाशाला तैयार करना : क्यारी तैयार करने से पहले खेत से पिछली फसलों के मलबे, खरपतवारों तथा पत्थरों को हटाया गया। उठी हुईं क्यारियां (आकार : 1.5 मीटर चौड़ी x 4 मीटर लंबी x 15 सेमी. ऊंची) तैयार की गईं। डैम्पिंग ऑफ रोग से होने वाली क्षति से बचने के लिए बुवाई से पूर्व बीजों को 2 ग्राम/किग्रा. बीज की दर पर थिरॉम से उपचारित किया गया। क्यारी तैयार करते समय उसमें 50 किग्रा. गोबर की खाद और 10 किग्रा. वर्मी कम्पोस्ट को मिलाया गया। बुवाई से पहले, क्यारियों को गीला किया गया और उनमें 2 मिलि./लिटर की दर पर खरपतवारनाशक पेन्डीमिथालिन का छिड़काव किया गया। बीजों को 3 ग्राम/किग्रा. बीज की दर पर कार्बेन्डाजिम से उपचारित किया गया। बीजों (35 ग्राम/क्यारी) को रेत और वर्मी कम्पोस्ट के साथ मिलाकर कतारों में क्यारी में बोया गया। दो कतारों अथवा पंक्तियों के बीच 8 सेमी. का फासला रखा गया और 1–1.5 सेमी. की गहराई पर बीजों को बोया गया। बोए गए बीजों पर मिट्टी की हल्की परत चढ़ा कर हल्की सिंचाई की गई।

जमीन तैयार करना एवं पौध–रोपण: पौध रोपण करने से पूर्व खेत में सही तरीके से जुताई की गई और उसमें पड़े मलबे और पत्थरों को हटाया गया। जमीन तैयार करते समय उसमें 15 टन गोबर की खाद/हे. मिलाई गई। ड्रिप सिंचाई के साथ 15 सेमी. ऊंची और 60 मीटर लंबी चौड़ी क्यारी में 1.2 मीटर चौड़े खांचों में पौध का रोपण किया गया। पौध रोपण से पहले, ड्रिप सिंचाई करके क्यारी को नम अथवा गीला किया गया और खरपतवारनाशक पेन्डीमिथालिन (2 मिलि./लिटर) का छिड़काव किया गया। पौध को उखाड़ने के बाद, पत्तियों के एक–तिहाई हिस्से को काट दिया गया और जड़ों को साफ पानी से धोया गया तथा पौध को एक घंटे के लिए 15 ग्राम कार्बेन्डाजिम वाले 10 लिटर पानी में रखा गया।

नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन: रोगों व कीटों की रोकथाम करने के लिए पौध रोपण के 30 एवं 45 दिन बाद क्रमश: ट्राइसाइक्लाजोल (1ग्राम/लिटर) के साथ कार्बोसल्फॉन (2 मिलि./लि.) तथा हेक्साकोनाजॉल (1ग्राम/लिटर) के साथ प्रोफिनोफॉस (1 मिलि./लिटर) का पर्णीय छिड़काव किया गया।

सिंचाई: दो ड्रिपर्स के बीच 40 सेमी. की दूरी के साथ 16 मिमी. लैटरल के इनलाइन ड्रिपर का उपयोग किया गया और 4 लिटर/घंटे की दर पर पानी को छोड़ा गया। प्रतिदिन दिन में दो बार आधे घंटे के लिए ड्रिप सिंचाई की गई। खुदाई से 20 दिन पहले सिंचाई को रोक दिया गया।

Recommendations made by the Directorate were followed in all trials. The schedule of various operations followed in different trials is given in Table 6.1.

The cultural practices which were common to all trials are described below.

Nursery raising: The debris of previous crops, weeds and stones were removed before bed preparation. Raised beds (size: 1.5 m width x 4 m length x 15 cm height) were prepared. Seeds were treated with thiram @ 2 g/kg seed before sowing to avoid damage from damping off disease. At the time of bed preparation, 50 kg of FYM and 10 kg vermicompost were added. Before sowing, the beds were moistened and sprayed with weedicide pendimethalin @ 2ml/L. Seeds were treated with carbendazim @ 3 g/kg of seeds. The seeds (35 g/bed) were mixed with sand and vermicompost, and sown in line on bed. Distance between two lines was 8 cm and depth of sowing was 1-1.5 cm. Seeds were covered with fine soil followed by light watering.

Land preparation and transplanting: Prior to transplanting, field was ploughed and disked properly to eliminate debris and soil clods. At the time of land preparation, 15 t FYM/ha was added. Seedlings were transplanted on broad bed furrows of 1.2 m width, 15 cm height and 60 m length with drip irrigation. Before transplanting, the bed was wetted by drip irrigation and weedicide pendimethalin (2 ml/L) was sprayed. After uprooting of seedlings, 1/3rd part of leaves was cut and the roots were washed with clean water and seedlings were kept for an hour in 10 L water having 15 g carbendazim.

Pest and disease management: Foliar sprays of carbosulfan (2 ml/L) with tricyclazole (1 g/L) and profenophos (1 ml/L) with hexaconazole (1 g/L) were given 30 and 45 DAT respectively, to control diseases and pests.

Irrigation: Inline dripper of 16 mm lateral with 40 cm distance between two drippers was used and water was discharged @ of 4 L/hour. Drip irrigation was given for half an hour twice a day on daily basis. Irrigation was stopped 20 days before harvesting.

खुदाई अथवा तुड़ाई : 50 से 60 प्रतिशत ग्रीवा पतन अवस्था में खुदाई की गई।

विभिन्न स्थानों पर परीक्षणों के प्रदर्शन को तालिका 6.2 में दर्शाया गया है।

Harvesting: It was done at 50-60% neck fall stage.

The performance of trials at different locations is given in Table 6.2.

तालिका 6.2 : विभिन्न स्थानों पर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन परीक्षणों का प्रदर्शन

Table 6.2: Performance of frontline demonstration trials at different locations

जिला District	मौसम Season	किस्म Variety	अंकुरण प्रतिशत Germination Percentage	औसत कंदीय भार (ग्राम) Av. bulb weight (g)	विपणन योग्य उपज (क्विंटल/हे.) Marketable yield (q/ha)
महाराष्ट्र Maharashtra	रबी *Rabi*	भीमा शक्ति/Bhima Shakti	97	92	400
		भीमा किरन/Bhima Kiran	95	85	350
		भीमा श्वेता/Bhima Shweta	95	82	312
		स्थानीय /Local	82	70	220
गुजरात Gujarat	खरीफ *Kharif*	भीमा सुपर/Bhima Super	98	80	350
		भीमा राज/Bhima Raj	97	78	340
		भीमा रेड़/Bhima Red	97	76	325
		भीमा डार्क रेड़/Bhima Dark Red	95	75	310
		भीमा शुभ्रा/Bhima Shubhra	93	72	300
		भीमा श्वेता/Bhima Shweta	92	70	275
		भीमा सफेद/Bhima Safed	90	70	250
		स्थानीय/Local	75	65	220
छत्तीसगढ़ Chhattisgarh	पछेती खरीफ Late *kharif*	भीमा राज/Bhima Raj	97	85	450
		भीमा सुपर/Bhima Super	97	82	425
		भीमा रेड़/Bhima Red	95	80	420
		भीमा शक्ति /Bhima Shakti	94	80	410
		भीमा शुभ्रा/Bhima Shubhra	92	78	325
		भीमा श्वेता/Bhima Shweta	92	76	320
		भीमा सफेद/Bhima Safed	90	75	310
		स्थानीय /Local	80	70	275

रबी मौसम के दौरान लगाए गए अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों में, प्याज की किस्म भीमा शक्ति में अंकुरण प्रतिशत (97), औसत कंदीय भार (92 ग्राम) तथा उपज (400 क्विंटल/हे.) सबसे अधिक थी। भीमा किरन (350 क्विंटल/हे.) और भीमा श्वेता (312 क्विंटल/हे.) में स्थानीय (220 क्विंटल/हे.) की तुलना में कहीं उपज पाई गई। खरीफ मौसम में लगाये गए प्रदर्शनों में भीमा सुपर किस्म में अंकुरण प्रतिशत (98), औसत कंदीय भार (80 ग्राम) एवं उपज (350 क्विं./हे.) सबसे अधिक पाई गई। स्थानीय किस्म (220 क्विं./हे.) के मुकाबले भीमा राज (340 क्विं./हे.), भीमा रेड़ (325 क्विं./हे.), भीमा डार्क रेड़ (310 क्विं./हे.), भीमा शुभ्रा (300

In *rabi* demonstrations, the germination percentage (97), average bulb weight (92 g) and yield (400 q/ha) of Bhima Shakti were the highest. Bhima Kiran (350 q/ha) and Bhima Shweta (312 q/ha) yielded more than the local variety (220 q/ha). In *kharif* demonstrations, the germination percentage (98), average bulb weight (80g) and yield (350 q/ha) of Bhima Super were the highest. Bhima Raj (340 q/ha), Bhima Red (325 q/ha), Bhima Dark Red (310 q/ha),Bhima Shubhra (300

क्विं./हे.), भीमा श्वेता (275 क्विंटल/हे.) और भीमा सफेद (250 क्विंटल/हे.) में कहीं अधिक उपज पाई गई। पछेती खरीफ मौसम में लगाए गए प्रदर्शनों में भीमा राज की उपज (450 क्विंटल/हे.) सबसे अधिक थी। इसी मौसम में, स्थानीय किस्म (275 क्विंटल/हे.) की तुलना में भीमा सुपर (425 क्विंटल/हे.), भीमा रेड़ (420 क्विंटल/हे.), भीमा शक्ति (410 क्विंटल/हे.), भीमा शुभ्रा (325 क्विंटल/हे.), भीमा श्वेता (320 क्विंटल/हे.) तथा भीमा सफेद (310 क्विंटल/हे.) में कहीं अधिक उपज पाई गई। आयोजित किए गए सभी अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों में स्थानीय तुलनीय किस्मों के मुकाबले में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों का प्रदर्शन कहीं बेहतर पाया गया।

q/ha) and Bhima Shweta (275 q/ha) and Bhima Safed (250 q/ha) also yielded more than local variety (220 q/ha). The yield of Bhima Raj (450 q/ha) was the highest in Late *kharif* demonstrations. Bhima Super (425 q/ha), Bhima Red (420 q/ha), Bhima Shakti (410 q/ha), Bhima Shubhra (325 q/ha), Bhima Shweta (320) and Bhima Safed (310 q/ha) also yielded more than the local variety (275 q/ha) in late *kharif* demonstrations. ICAR-DOGR varieties were performed better than local varieties in all demonstrations.

भीमा सुपर/Bhima Super

भीमा राज/Bhima Raj

भीमा रेड़/Bhima Red

भीमा डार्क रेड़/Bhima Dark Red

भीमा शक्ति /Bhima Shakti

भीमा किरन/Bhima Kiran

भीमा श्वेता/Bhima Shweta

भीमा शुभ्रा / Bhima Shubhra

भीमा सफेद/ Bhima Safed

चित्र 6.1 : प्रदर्शनों में प्रयोग की गईं भाकृअनुप–डीओजीआर की किस्में
Figure 6.1: ICAR-DOGR varieties used in demonstrations

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रभाव विश्लेषण

किसानों के कौशल, जानकारी और दृष्टिकोण में सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना अनिवार्य होता है ताकि किसान आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाने में समर्थ बन सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कारण प्याज एवं लहसुन की खेती करने वाले किसानों की जानकारी एवं कौशल में अभिवृद्धि पर केन्द्रित किया गया। वर्ष 2017–18 के दौरान प्याज एवं लहसुन फसलों की खेती करने वाले किसानों के लिए कुल 27 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें से, दस प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विश्लेषण पांच विधियों यथा 1) व्याख्यान; 2) व्याख्यान + चर्चा; 3) व्याख्यान + प्रदर्शन; 4) चर्चा + प्रदर्शन; तथा 5) व्याख्यान + चर्चा + प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मूल्यांकन तालिका 6.3 में प्रस्तुत है। अधिगम सूचकांक का प्रशिक्षण विधि वार औसत तालिका 6.4 में दिया गया है।

Impact analysis of training programmes

The conduction of farmers' training is essential for improving skill, knowledge and attitude of the farmers to enable them to adopt modern agricultural technologies. The study was focused on gain in knowledge and skill of onion and garlic farmers due to training interventions. Twenty-seven training programmes for farmers growing onion and garlic crops were organized in the year 2017-18. From these, ten trainings were analyzed on the basis of five methods (1. Lecture, 2. Lecture + Discussion, 3. Lecture + Demonstration, 4. Discussion + Demonstration, and 5. Lecture + Discussion + Demonstration). The evaluation of training programmes is given in Table 6.3. Training method wise average of learning indices are given in Table 6.4.

तालिका 6.3 : प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मूल्यांकन
Table 6.3: Evaluation of training programmes

प्रशिक्षण की तारीख Training Date	प्रशिक्षण स्थल Training Place	प्रशिक्षण की विधि Training Method	प्रशिक्षण–पूर्व स्कोर Pre-training score	प्रशिक्षण–उपरांत स्कोर Post training score	अधिगम सूचकांक Learning Index
07/04/2017	गुलानी Gulani	व्याख्यान + प्रदर्शन Lec+Dem	2.64	8.32	5.83
11/04/2017	दौंडकरवाडी Daundkarwadi	व्याख्यान + चर्चा Lec+Dis	4.12	7.81	3.84
12/05/2017	वाफगांव/Wafgaon	व्याख्यान/Lec	1.60	4.63	3.07
26/05/2017	गोसासी Gosasi	चर्चा + प्रदर्शन Dis+Dem	2.99	7.12	4.25
16/06/2017	राजगुरूनगर Rajgurunagar	व्याख्यान + चर्चा + प्रदर्शन Lec+Dis+Dem	3.36	10.35	7.23
15/11/2017	वाफगांव Wafgaon	व्याख्यान + चर्चा Lec+Dis	3.96	7.26	3.43
22/12/2017	खैरेनगर Khairenagar	व्याख्यान + प्रदर्शन Lec+Dem	3.56	9.16	5.80
20/01/2018	खैरेनगर Khairenagar	व्याख्यान + चर्चा + प्रदर्शन Lec+Dis+Dem	3.31	10.40	7.33
23/01/2018	राजगुरूनगर Rajgurunagar	चर्चा + प्रदर्शन Dis+Dem	3.09	7.18	4.22
28/03/2018	राजगुरूनगर Rajgurunagar	व्याख्यान Lec	1.13	4.28	3.18

(Lec = Lecture, Dem = Demonstration and Dis = Discussion)

तालिका 6.4 : अधिगम सूचकांक का प्रशिक्षण विधि वार औसत

Table 6.4: Training method wise average of learning indices

प्रशिक्षण विधि Training Method	औसत अधिगम सूचकांक / Av. Learning Index
व्याख्यान + प्रदर्शन / Lecture + Demonstration	5.81
व्याख्यान + चर्चा / Lecture + Discussion	3.63
व्याख्यान / Lecture	3.12
चर्चा + प्रदर्शन / Discussion + Demonstration	4.23
व्याख्यान + चर्चा + प्रदर्शन / Lecture + Discussion + Demonstration	7.28

व्याख्यान विधि का उपयोग करने पर अधिगम सूचकांक सबसे कम (3.12) पाया गया। जबकि यह व्याख्यान + चर्चा + प्रदर्शन विधि का प्रयोग करने पर सबसे ज्यादा (7.28) था। परिणामों से पता चला कि व्याख्यान के उपरान्त चर्चा और प्रदर्शन करने पर प्रशिक्षण में अन्य विधियों की तुलना में कहीं अधिक सफलता मिली।

Learning Index was least (3.12) when applied lecture method. It was highest (7.28) for Lecture + Discussion + Demonstration method. Findings indicated that when lecture followed by discussion and demonstration, the training was more successful than the other methods of trainings.

चित्र 6.2 : परिसर में तथा परिसर के बाहर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

Figure 6.2: Different training programmes organized on and off campus

अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना
All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG)

क. फसल सुधार

प्याज एवं लहसुन जननद्रव्य

वर्ष 2017 के दौरान कर्नाटक राज्य के विभिन्न जिलों यथा बागलकोट, कोप्पल, बेलगाम, बीजापुर तथा बेल्लारी से प्याज की 29 प्राप्तियों (प्राप्ति 1693 से प्राप्ति 1721) का संकलन किया गया जबकि देश के विभिन्न भागों से लहसुन की 15 प्राप्तियों का संकलन किया गया।

खरीफ मौसम के दौरान प्याज में लाल जननद्रव्य की 936 (769.33), 1054 (762), 1306 (752), 1631 (738.67) तथा 1048 (720) और सफेद जननद्रव्य की डब्ल्यू –302 (435), भीमा शुभ्रा (360), डब्ल्यू –344 (333), डब्ल्यू –009 (307) तथा डब्ल्यू –321 (294.00) की 11 प्राप्तियों सहित कुल 168 प्राप्तियों में 200 क्विंटल/हे. से भी अधिक की विपणन योग्य उपज पाई गई । पछेती खरीफ मौसम के दौरान, लाल जननद्रव्य की 1647 (664), 1214 (631.11), 1199 (618), 1459 (546.67) तथा 1416 (518.67) और सफेद जननद्रव्य की डब्ल्यू 301 (427) सहित 27 प्राप्तियों में 400 क्विंटल/हे. से भी अधिक की विपणन योग्य उपज दर्ज की गई। हालांकि, रबी मौसम के दौरान, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर में लाल जननद्रव्य की 1650 (490), 571 (380), 1653 (373.33), 1577 (366.67) तथा 916 (328) सहित कुल 9 प्राप्तियों में 300 क्विंटल/हे. से भी अधिक की विपणन योग्य उपज दर्ज की गई थी।

बहुगुणक प्याज के मामले में, खरीफ मौसम के दौरान सबसे अधिक कुल उपज प्राप्ति 1546 –एग्रे (260.03 क्विंटल/हे.) में एवं तदुपरान्त क्रमश: 1549 –एग्रे (240.10 क्विंटल/हे.), 1525 – एग्रे (238.05 क्विंटल/हे.), 1541– एग्रे (224.19 क्विंटल/हे.) तथा 1550 –एग्रे (214.14 क्विंटल/हे.) में पाई गई जबकि रबी मौसम के दौरान, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर में सबसे अधिक कुल उपज 1537 – एग्रे (175.76 क्विंटल/हे.) में एवं तदुपरान्त क्रमश: 1549 एग्रे (172.44 क्विंटल/हे.), 1543– एग्रे (172.25 क्विंटल/हे.), 1546 – एग्रे (166.30 क्विंटल/हे.) तथा 1538 – एग्रे (164.89 क्विंटल/हे.) में दर्ज की गई।

A. Crop Improvement

Onion and garlic germplasm

Twenty nine accessions (Acc. 1693 to Acc. 1721) of onion were collected from different districts i.e. Bagalkot, Koppal, Belgum, Bijapaure and Bellari of Karnataka during 2017 whereas 15 accession of garlic were collected from different parts of county.

In onion, during *kharif* season, more than 200 q/ha marketable yield was recorded in 168 accessions including 936 (769.33), 1054 (762), 1306 (752), 1631 (738.67) and 1048 (720) of red germplasm and 11 accessions including W-302 (435.00), Bhima Shubhra (360), W-344 (333), W-009 (307) and W-321 (294) of white germplasm. During late *kharif* season, more than 400 q/ha marketable yield was recorded in 27 accessions including 1647 (664), 1214 (631.11), 1199 (618), 1459 (546.67) and 1416 (518.67) of red germplasm and accession W-301 (427) of white germplasm. However, during *rabi* season, more than 300 q/ha marketable yield was recorded in 9 accessions including 1650 (490), 571 (380), 1653 (373.33), 1577 (366.67) and 916 (328) of red germplasm at ICAR- DOGR, Rajgurunagar.

In case of multiplier onion during *kharif* season, highest total yield was recorded in accession 1546-Agg (260.03 q/ha) followed by 1549-Agg (240.10 q/ha), 1525-Agg (238.05 q/ha), 1541-Agg (224.19 q/ha) and 1550-Agg (214.14 q/ha) whereas during *rabi* season, highest total yield was recorded in 1537-Agg (175.76 q/ha) followed by 1549-Agg (172.44 q/ha), 1543-Agg (172.25 q/ha), 1546-Agg (166.30 q/ha) and 1538-Agg (164.89 q/ha) at ICAR-DOGR, Rajgurunagar.

लहसुन में खरीफ मौसम के दौरान रोपण किए गए कुल 272 लहसुन जननद्रव्यों में से केवल 110 प्राप्तियों में कंद गठन हो सका। प्राप्तियों नामत: 710 (33.30 क्विंटल/हे.), 444 (31.40 क्विंटल/हे.), 413 (30.40 क्विंटल/हे.) में सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा पर्पल (17.10 क्विंटल/हे.) की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर उपज हासिल हुई। अधिकतम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश जीनप्ररूप 24 (42.52%) में एवं तदुपरान्त 458 (40.68%) और 9 (40.20%) में पाया गया। हालांकि रबी मौसम के दौरान, तुलनीय किस्म सहित कुल 67 लहसुन प्राप्तियों का मूल्यांकन उपज और उपज को बढ़ाने वाले गुणों के लिए किया गया। तुलनीय किस्म भीमा पर्पल (41.10 क्विंटल/हे.) की तुलना में प्राप्ति नामत: 662 (54.70 क्विंटल/हे.), 752 (47.90 क्विंटल/हे.), 709 (42.20 क्विंटल/हे.) में उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक उपज पाई गई। अधिकतम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश जीनप्ररूप 678 (45.10 प्रतिशत) एवं तदुपरान्त 742 (45.10 प्रतिशत) और 703 (45 प्रतिशत) में पाया गया।

प्याज किस्मों/संकरों के मूल्यांकन परीक्षण

क. आईईटी किस्म खरीफ परीक्षण 2016–17

परियोजना के तकनीकी कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। पूर्ण सत्र में सिफारिशों को अंतिम रूप दिया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. आनन्द कुमार सिंह, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भाकृअनुप, नई दिल्ली ने की। डॉ. पी.एस. राठौर, कुलपति, एसकेएनएयू, जोबनेर इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शोभायमान थे। राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर में आयोजित इस समूह बैठक में डॉ. एस.के. खण्डेलवाल आयोजन सचिव थे। डॉ. के.ई. लवांडे की अध्यक्षता वाली एक किस्मीय निर्मुक्ति समिति जिसमें डॉ. आर.पी. गुप्ता, डॉ. ए.एस. धत तथा डॉ. विजय महाजन सदस्य रूप में शामिल थे, द्वारा रबी मौसम के लिए जोन II (दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर तथा पंजाब) में खेती के लिए जारी करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की लाल प्याज की किस्म सेल. 153–1 (OSR1347) की सिफारिश की गई और एनएचआरडीएफ की लाल प्याज किस्म Col 819 (OSR1344) की सिफारिश रबी मौसम के लिए जोन II(दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर तथा पंजाब) तथा जोन V (गुजरात एवं महाराष्ट्र) में खेती करने के लिए जारी करने हेतु की गई।

डॉ. मेजर सिंह ने निदेशक का पदभार ग्रहण किया

डॉ. मेजर सिंह ने दिनांक 13 अप्रैल, 2017 को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे के निदेशक का पदभार ग्रहण किया। डॉ. मेजर सिंह का जन्म 20 जून, 1960 को हुआ। इससे पहले वह परियोजना समन्वयक, सब्जी फसलों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना, भाकृअनुप – भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के पद पर कार्यरत थे। डॉ. मेजर सिंह, कृषि अनुसंधान विशेषकर सब्जी प्रजनन एवं जैव प्रौद्योगिकी में अपने योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हैं। इन्होंने अपनी एम.एससी. (कृषि) की शिक्षा गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर से और आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन में पीएच.डी. की शिक्षा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, हिसान से ग्रहण की। इन्होंने पिछले 30 वर्षो में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इनके कार्य को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय

New Delhi were special invitee and gave valuable input for refining the technical programme of AINRPOG. Recommendations were finalized in plenary session which was chaired by Dr. A.K. Singh, DDG (HS), New Delhi, ICAR, New Delhi. Dr. P.S. Rathore, Vice-Chancellor, SKNAU, Jobner was chief guest on thisoccasion. Dr. S.K. Khandelwal was organizing Secretary for the group meeting at RARI, Jaipur. A varietal release committee under the Chairmanship of Dr. K.E. Lawande, with members Dr. R.P. Gupta, Dr. A.S. Dhatt and Dr. Vijay Mahajan recommended Sel. 153-1 (OSR-1347) red onion variety from IARI for release in Zone II (Delhi, Rajasthan, Haryana, J&K Jammu and Punjab) for *rabi* season and Col. 819 (OSR-1344) red onion variety from NHRDF for release in Zone II (Delhi, Rajasthan, Haryana, J&K Jammu and Punjab) and Zone V (Gujarat & Maharashtra) for *rabi* season.

Dr. Major Singh assumed the charge of Director

Dr. Major Singh (20 June, 1960) assumed the charge of Director, ICAR-DOGR on 13 April, 2017. Earlier he was Project Coordinator, All India Coordinated Research Project on Vegetable Crops, ICAR-IIVR, Varanasi. Dr. Major Singh is known nationally and internationally for his contribution to agricultural research particularly in vegetable breeding and biotechnology. He did M. Sc. Agriculture from GB Pant University of Agriculture and Technology, Pantnagar and Ph.D. in Genetics and Plant Breeding from CCS University, Hisar. He has been serving ICAR for last 30 years in various capacities. His

पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया है। नि:संदेह इनके कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे को लाभ होगा।

कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा नए निदेशक महोदय का स्वागत

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे के स्टाफ की ओर से कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा अपने नए निदेशक, डॉ. मेजर सिंह का स्वागत किया गया। डॉ. विजय महाजन, पूर्व कार्यकारी निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे ने नए निदेशक महोदय का स्वागत करते हुए उन्हें कर्मचारी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। डॉ. मेजर सिंह ने कर्मचारीयों को सम्बोधित करते हुए निदेशालय, किसानों व राष्ट्र कल्याण के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

work has been published in reputed national and international journals. ICAR-DOGR will surely be benefited by his able guidance and support.

Staff Welfare Committee welcomes new Director

On behalf of the ICAR- DOGR staffs, Staff Welfare Committee welcomed new Director, Dr. Major Singh. Former Acting Director, ICAR- DOGR, Dr. Vijay Mahajan welcomed the new Director and gave best wishes on behalf of the staff. Dr. Major Singh addressed the staff and assured his full support for the welfare of the institute, farmers and nation.

पदमश्री डॉ. के.एल. चड्ढ़ा एवं सहायक महानिदेशक (बागवानी) डॉ. डब्ल्यू.एस. ढ़िल्लों का दौरा

पदमश्री डॉ. के.एल. चड्ढ़ा एवं पूर्व उप महानिदेशक (बागवानी) एवं अध्यक्ष, इंडियन सोसायटी ऑफ हॉर्टिकल्चर, नई दिल्लीने डॉ. डब्ल्यू.एस. ढ़िल्लो, सहायक महानिदेशक (बागवानी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के साथ दिनांक 1 मई, 2017 को भा.अनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का दौरा किया। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें निदेशालय के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और निदेशालय और किसानों के कल्याण के लिए सम्यक गतिविधियों हेतु सभी जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक ने निदेशालय के बारे संक्षिप्त जानकारी देते हुए इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। डॉ. के.एल. चड्ढ़ा जो कि एक प्रतिष्ठित बागवानी विशेषज्ञ एवं दूरदृष्टा हैं और आठवीं योजना में राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र के रूप में इस केन्द्र को प्रारंभ करने में प्रमुख व्यक्ति थे, द्वारा इस निदेशालय की उत्पत्ति के बारे में तथा इसे वर्तमान स्वरूप में लाने में किए गए

Visit of Padma Shree Dr. K. L. Chaddha and ADG (Hort.) Dr. W. S. Dhillon

Padma Shree Dr. K. L. Chaddha, Ex-DDG (Horticulture) and President, India Society of Horticulture, New Delhi, visited ICAR-DOGR on 1 May, 2017 along with ADG (Hort.), ICAR, New Delhi. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR, welcomed the dignitaries and gave brief introduction and assured to take necessary steps for overall activities for the benefit of the Directorate and the farmers. Dr. Vijay Mahajan, Principal Scientist, briefed about the directorate and its achievements. Dr. K. L. Chaddha, a renowned horticulturist and visionary, who was the key person to initiate this centre as NRC in VIII Plan, briefed about the origin of this Directorate and efforts he made to bring in present shape. He encouraged young scientists and staff to work together with zeal for the benefit of the

प्रयासों के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों और कर्मचारियों से किसानों व राष्ट्र के कल्याण के लिए पूरे उत्साह के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए अपनी सेवाएं देने की रूचि प्रकट की। डॉ. चड्ढ़ा ने खाद्य सुरक्षा और उत्पीदकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। डॉ. डब्ल्यू.एस. ढ़िल्लों, सहायक महानिदेशक (बागवानी) ने अपने सम्बोाधन में अनुसंधान के

क्षेत्र में मूल्यवान सुझाव दिए और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने फसल के महत्व पर बल देते हुए आर्थिक रूप से व्यावहारिक भण्डारण संरचनाओं के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कहा। इस अवसर पर, अतिथिगणों द्वारा हिन्दी व मराठी भाषा में क्रमश: प्याज पौधशाला प्रबंधन तथा कंदा रोपवाटिकेचे व्यवस्थापन पर दो तकनीकी फोल्डर जारी किए गए । तदुपरान्त दोनों अतिथिगणों ने निदेशालय की प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र का दौरा किया और निदेशालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों की सराहना की। डॉ. एस.एस. गाडगे द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में स्वच्छ भारत पखवाड़ा

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 16 – 31 मई, 2017

farmers and country and showed his keen interest for further guidance and support in future. He was concerned about the food security and increasing the productivity. Dr. W.S. Dhillon, ADG (Hort.), in his address gave valuable suggestions in the area of research and assured full support from ICAR. He emphasized about the importance of the crop and

to focus on the development of economically viable storage structures. On this occasion two technical folders *viz.,* Pyaj Paudhshala Prabandhan (Hindi) and Kanda Ropvatikeche Vyavasthapan (Marathi) were released by the dignitaries. Later both the dignitaries visited laboratories and research farm and appreciated about the activities and achievements of this Directorate. Meeting was ended with vote of thanks by Dr. S.S. Gadge and National Anthem.

ICAR-DOGR celebrated Swachh Bharat Pakhwara

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune observed Swachh Bharat Pakhwara (Clean India Fortnight) under Swachh Bharat Abhiyan during 16 – 31 May, 2017. During

के दौरान स्वच्छ भारत पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि में निदेशालय परिसर के भीतर स्वच्छता कार्य किए गए। मेरा गांव – मेरा गौरव स्कीम के अंतर्गत निदेशालय द्वारा अंगीकृत किए गए गांवों में वैज्ञानिक टीमों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, अपशिष्ट निपटान आदि के महत्व पर जागरूकता का सृजन किया गया। ग्रामीणों की भागीदारी के साथ इन गांवों के सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य किए गए। निदेशालय परिसर में स्वच्छता संबंधी डिस्पले बोर्ड प्रदर्शित किए गए। निदेशालय का भ्रमण करने वाले किसानों, अधिकारियों व छात्रों को भी स्वच्छ भारत अभियान के बारे में जागरूक किया गया।

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे में स्थापना दिवस समारोह

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे द्वारा दिनांक 16 जून, 2017 को अपना 20वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के वर्तमान एवं पूर्व कर्मचारियों के अलावा, मेरा गांव – मेरा गौरव योजना के अंतर्गत निदेशालय द्वारा अंगीकृत किए गए गांवों के कुल 40 प्रगतिशील किसानों ने भी भाग लिया। डॉ.

the period, cleaning activities were carried out within premises of the Directorate. Awareness was imparted on the importance of cleanliness, hygiene, waste disposal, etc. through various training programmes conducted by the groups of scientists in the villages adopted under *Mera Gaon Mera Gaurav* scheme. Cleaning activities were carried out at the public places of these villages by involving the villagers. Display boards with quotes of cleanliness were displayed at the campus. Awareness of Swachh Bharat Abhiyan was also extended to the farmers, officers and students visiting the Directorate.

ICAR-DOGR celebrated Foundation Day

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar celebrated its 20th Foundation Day on 16 June, 2017. Besides the present and past ICAR-DOGR staff, the programme was attended by 40 progressive farmers from ICAR-DOGR adopted villages under *Mera Gaon Mera Gaurav* scheme. Dr.

के.ई. लवांडे, पूर्व निदेशक, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे एवं पूर्व कुलपति, बीएसकेकेवी, दापोली स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। जबकि डॉ. एस.डी. सावंत, निदेशक, भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र, पुणे; डॉ. के.वी. प्रसाद, निदेशक, भाकृअनुप – पुष्पविज्ञान अनुसंधान निदेशालय, पुणे एवं डॉ. लाखन सिंह, निदेशक, भाकृअनुप– अटारी, पुणे सम्माननीय अतिथियों में शामिल थे। डॉ. विजय महाजन, कार्यकारी निदेशक, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और निदेशालय की उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं सम्माननीय अतिथियों ने निदेशालय द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और निदेशालय कर्मचारियों को

K. E. Lawande, Ex-Director, ICAR-DOGR & Ex-Vice Chancellor, BSKKV, Dapoli was the Chief Guest and Dr. S. D. Sawant, Director, ICAR-NRC Grapes, Pune, Dr. K. V. Prasad, ICAR-DFR, Pune and Dr. Lakhan Singh, Director, ICAR-ATARI, Pune were the guests of honour. Dr. Vijay Mahajan, Acting Director, ICAR-DOGR welcomed the guests and summarized ICAR-DOGR achievements. The Chief Guest and guests of honour appreciated the work being done by the Directorate and congratulated the staff. Five progressive farmers of onion and garlic were felicitated on this occasion. Retired employees of

स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर प्याज व लहसुन की खेती करने वाले पांच प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के सेवानिवृत कर्मचारियों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का एक प्रकाशन ''कांदा साठवण'' (मराठी) जारी किया गया। किसानों को लाभ पहुंचाने के प्रयोजन से डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) द्वारा प्याज व लहसुन की उन्नत कृषि तकनीकों पर एक वार्ता प्रस्तुत की गई। किसानों को निदेशालय में चलाई जा रहीं प्याज व लहसुन संबंधी गतिविधियों को भी दिखाया गया। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

मेरा गांव – मेरा गौरव योजना के अंतर्गत गतिविधियां

मेरा गांव – मेरा गौरव योजना के अंतर्गत भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा कुल 15 गांवों नामत: गडाकवाडी, वरूडे, गुलानी, वाफगांव, जवुलके, रासे, दत्तवाडी, शेल पिम्पलगांव, भोसे, दौंडकरवाडी, गोसासी, मिटगुडवाडी, कान्हुर मेसाई, खैरेवाडी और खैरेनगर में विभिन्न गतिविधियां चलाई गईं। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों द्वारा अंगीकृत किए गए गांवों के किसानों को समय समय पर प्याज व लहसुन की उन्नत तकनीकों के बारे में वैज्ञानिक जानकारी सुलभ कराई गई। इस योजन के तहत अंगीकृत किए गए गांवों में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित की गईं किस्मों की खरीफ प्याज फसल पर कुल 45 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाये गये। कुल मिलाकर, ग्रामीणों के साथ वैज्ञानिकों की कुल 93 बैठकें आयोजित की गईं और ग्रामीणों को कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही *मेरा गांव – मेरा गौरव* कार्यक्रम के तहत अंगीकृत किए गए गांवों में वैज्ञानिक टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता का सृजन किया गया। इन गांवों में विभिन्न विषयों पर कुल 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए। इन विषयों में शामिल थे : नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन; रबी प्याज की खुदाई एवं भण्डारण; खुदाई उपरान्त प्रबंधन; खरीफ प्याज की खेती; पौधशाला तैयार करना आदि। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, ग्रामीणों के लगातार सम्पर्क में बने रहे और किसानों द्वारा विभिन्न फसलों की खेती में आने वाली भिन्न तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के प्रयोजन से निदेशालय के वैज्ञानिकों द्वारा अंगीकृत गांवों का समय समय पर दौरा किया गया। दिनांक 16 जून, 2017 को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का 20वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया जिसमें *मेरा गांव – मेरा गौरव* योजना के तहत अंगीकृत किए गए गांवों के कुल 40 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा प्याज एवं लहसुन की उन्नत खेती तकनीकें विषय पर एक व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर किसानों को निदेशालय में चलाईं जा रहीं प्याज व लहसुन संबंधी गतिविधियों को भी दिखाया गया।

the Directorate were also felicitated for their services to the Directorate. ICAR-DOGR publication "Kanda Sathvan (Marathi)" was also released on this occasion. A talk on advanced cultivation technologies of onion and garlic was delivered by Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension) for the benefit of the farmers. They were also shown the onion and garlic activities being carried out at the Directorate. Dr. S. S. Gadge expressed vote of thanks at the end of the programme.

Activities under Mera Gaon Mera Gaurav scheme

Under *Mera Gaon Mera Gaurav* scheme, activities were carried out in fifteen villages *viz.,* Gadakwadi, Varude, Gulani, Wafgaon, Jawulke, Rase, Dattawadi, Shel Pimpalgaon, Bhose, Daundkarwadi, Gosasi, Mitgudwadi, Kanhur Mesai, Khairewadi and Khairenagar. The scientists of ICAR-DOGR provided scientific information to the farmers about improved technology of onion and garlic time to time. Total 45 Demonstrations on *kharif,* late *kharif and rabi* onion crop of ICAR-DOGR varieties were conducted in the villages adopted in this scheme. In total, 93 meetings of scientists with villagers were organized and information about various schemes related to agriculture was provided to the villagers due to which thousands of farmers benefitted. Awareness was imparted on the importance of cleanliness were conducted by group of scientists in the villages adopted under *Mera Gaon Mera Gaurav* programme. Total 18 training programmes on different topics such as; pest and disease management, *rabi* onion harvesting and storage, post-harvest management, *kharif* onion cultivation, nursery preparation, etc. were organized in the adopted villages. The scientists of ICAR-DOGR were in constant touch with the villagers and visited identified villages to address various technical issues in cultivation of various crops by the farmers. The programme organized on 20th Foundation Day (16 June, 2017) of ICAR-DOGR at the Directorate was attended by 40 progressive farmers from adopted villages under *Mera Gaon Mera Gaurav* scheme. In the programme, a lecture on advanced cultivation technologies of onion and garlic was delivered by Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist. They were also shown the onion and garlic activities being carried out at the Directorate.

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 21 जून, 2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें निदेशालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। श्री यशवन्त बोम्बले, योग अनुदेशक, पतंजलि योग पीठ द्वारा योग के बारे में बताया गया। योग अनुदेशक श्री किरण काम्बले और श्रीमती सुप्रिया काम्बले ने विभिन्न योगासन करने में कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. विजय महाजन, कार्यकारी निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए योग के महत्व के बारे में संक्षेप में बताया। इसके उपरान्त 45 मिनट तक योगाभ्यास कराया गया जिसमें योग अनुदेशकों की निगरानी में कर्मचारी सदस्यों, आरए, एसआरएफ ने विभिन्न योग आसन किए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

ICAR-DOGR celebrated International Yoga Day

The International Yoga Day was organized at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune on 21 June, 2017 in which all staff members participated. Yoga lesson was delivered by Shri Yashwant Bombale, Yoga Instructor, Patanjali Yog Peeth. Yoga instructors Mr. Kiran Kamble and Mrs. Supriya Kamble guided the staff about performing different Yogasanas. After welcoming the guests, Dr. Vijay Mahajan, Director (Acting) briefed on importance of Yoga. This was followed by 45 minutes yoga practice in which various yoga asanas were performed by the staff members, RA, SRF under the supervision of the yoga instructors.

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय एवं आर.के. इन्जीनियरिंग वर्क्स के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

दिनांक 23 अगस्त, 2017 को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के मोटर चालित प्याज श्रेणीकरण यंत्र के उत्पादन एवं बिक्री हेतु भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय,राजगुरूनगर, पुणे तथा मैसर्स आर.के. इन्जीनियरिंग वर्क्स, राजगुरूनगर, पुणे के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से भारत में इस प्याज श्रेणीकरण यंत्र के व्यापक स्तरीय अंगीकरण में तेजी लाई जाएगी और साथ ही अंतिम उपयोगकर्ताओं तक इसकी उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाएगा। समझौता ज्ञापन के अनुसार, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ,राजगुरूनगर, पुणे द्वारा मोटर चालित प्याज श्रेणीकरण यंत्र के निर्माण और बिक्री के लिए आर.के. इन्जीनियरिंग वर्क्स, राजगुरूनगर, पुणे को गैर–विशिष्ट अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया। यह मोटर चालित प्याज श्रेणीकरण यंत्र

ICAR-DOGR Signs MoU with R.K. Engineering Works

A Memorandum of understanding (MoU) has been signed between ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR), Rajgurunagar and M/s R.K. Engineering Works, Rajgurunagar for manufacturing and sale of ICAR-DOGR motorized onion grader on 23 August, 2017. This MoU will accelerate the widespread adoption of this onion grader in India and ensuring its availability to the end users. As per MoU, ICAR-DOGR extended the non-exclusive licence to R.K. Engineering Works, Rajgurunagar, Pune for manufacturing and sale of motorized onion grader. The motorized onion grader works with the 1HP motor grades onion into

एक अश्व शक्ति की मोटर से चलता है और प्याज को पांच श्रेणीयों में बांटता है। इस श्रेणीकरण यंत्र का इस्तेमाल गोलाकृति वाले अन्य फलों व सब्जियों यथा संतरा, चीकू, नींबू आदि की श्रेणीकरण करने में भी किया जा सकता है।

five grades. This grader can also be used for grading of other fruits and vegetables of round shape such as sweet orange, sapota, limes, lemon etc.

भाकृअनुप –डीओजीआर एवं आइडिया फोर्ज प्रा. लि. के बीच समझौता ज्ञापन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे तथा आइडिया फोर्ज टैक्नोलॉजी प्रा. लि., नई मुम्बई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ताकि प्याज एवं लहसुन फसल के लिए मानवरहित हवाई वाहन आधारित तकनीकी समाधान का उपयोग करने को समझा जा सके। इस यूएवी से मृदा की गुणवत्ता, प्रक्षेत्र का आकार, पौधा स्वास्थ्य आदि के बारे में खेत से विभिन्न प्रकार की जानकारी वाले मानचित्र की सुविधा मिल सकेगी ताकि खतरों (खरपतवार, नाशीजीव, कवक आदि से फसल सुरक्षा में समय की बचत करने) में तेजी से कार्रवाई की जा सके, वास्तविक समय में भिन्न दर प्रेसक्रिप्शन में सुधार लाया जा सके और खेत से मिलने वाली उपज का अनुमान लगाया जा सके। इस प्रायोगिक परियोजना का समन्वय कार्य श्रीमती अश्विनी पी. बेनके, वैज्ञानिक तथा डॉ. ए. थंगासामी, वैज्ञानिक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे द्वारा किया गया है।

ICAR-DOGR Signs MoU with Idea Forge Pvt. Ltd. Mumbai

A Memorandum of Understanding (MoU) has been signed between ICAR- Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR), Rajgurunagar and ideaForge Technology Pvt. Ltd., New Mumbai to understand the use of Unmanned Arial Vehicle (UAV) based technology solutions for onion and garlic crop. This UAV will provide the maps of different type of information from the field about soil quality, plots size, plant health etc. to optimize the use of inputs (seed, fertilizers, water) to react more quickly to threats (weeds, pests, fungi to save time crop scouting), improve variable-rate prescriptions in real time and to estimate yield from a field. This pilot project has been coordinated by Mrs. Ashwini Benke, Scientist and A. Thangasamy, Scientist, ICAR-DOGR.

संकल्प से सिद्धि

भारत छोड़ो आन्दोलन के 75 वर्ष पूरा होने की याद में, दिनांक 9 अगस्त, 2017 को डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर,पुणे ने सभी स्टाफ सदस्यों को 'संकल्प से सिद्धि' शपथ दिलाई। इस अवसर पर, निदेशक महोदय ने भारत छोड़ो आन्दोलन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। संस्थान के सभी कर्मचारी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

Sankalp to Siddhi

On the memory of the completion of 75 years of the launch of Quit India Movement, the pledge "Sankalp to Siddhi" was administered by Dr. Major Singh, Director, DOGR to all staff on 9 August, 2017. On this occasion, the Director explained the importance of 9 August, 1942. All staffs of the institute have participated with great enthusiasms.

स्वतंत्रता दिवस समारोह

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणेद्वारा दिनांक 15 अगस्त, 2017 को 70वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने सम्बोधन में डॉ. मेजर सिंह ने देश के स्वतंत्रता संघर्ष में महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए सभी स्टाफ सदस्यों से उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने पूरे सहयोग, ईमानदारी और एकता के साथ भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे की प्रगति में समर्पण भाव से कार्य करने के लिए कहा।

Celebration of Independence Day

ICAR-DOGR celebrated 70th Independence Day on 15 August, 2017. Dr Major Singh, Director, ICAR-DOGR hoisted the National Flag. In his speech, Dr. Major Singh reminded the sacrifices made by the great freedom fighters of the country and asked all the staff to get inspired by their work and devotion and implement the same for the progress of ICAR-DOGR with cooperation, honesty and unity.

सद्भावना दिवस समारोह

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणेमें दिनांक 20 अगस्त, 2017 को सदभावना दिवस मनाया गया।

Celebration of Sadbhavana Diwas

Sadbhavana Diwas was celebrated on 20 August 2017 at the ICAR-Directorate of Onion and Garlic research to commemorate the birth anniversary of the erstwhile Prime Minister of India, Shri Rajiv Gandhi.

हिन्दी पखवाड़ा

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 14 – 28 सितम्बर, 2017 के दौरान हिन्दी पखवाडा मनाया गया। इसका शुभारंभ दिनांक 14 सितम्बर,

Hindi Week

Hindi Pakhwada was celebrated from 14 – 28 September, 2017 at ICAR-Directorate Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune. It was launched with Hindi workshop on 14 September,

2017 को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन करके किया गया। हिन्दी कार्यशाला में, श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा, हिन्दी शिक्षण योजना, पुणे ने हिन्दी में अधिकतम कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए कम्प्यूटर एवं मोबाइल पर हिन्दी में टाइपिंग करने के बारे में जानकारी दी। हिन्दी पखवाडे के दौरान, निदेशालय में अनेक प्रतियोगिताओं यथा निबन्ध लेखन, हिन्दी वर्तनी श्रुतलेख, प्रश्न अनुमोदन, हिन्दी अनुवाद तथा वाद–विवाद का आयोजन किया गया जिनमें संस्थान के सभी वर्गों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह का आयोजन दिनांक 28 सितम्बर, 2017 को किया गया जिसमें डॉ. ज्ञान चन्द मिश्रा, निदेशक (सेवानिवृत्त), राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान संस्थान, पुणे मुख्य अतिथि थे। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं निदेशक महोदय ने उपस्थितजनों को सम्बोधित किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में, श्री शीतांशु कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

गाँधी जयन्ती

दिनांक 2 अक्तूबर, 2017 को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस दिन निदेशालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारी सदस्यों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर निदेशालय द्वारा दिनांक 31 अक्तूबर, 2017 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। दिनांक 19 – 25 नवम्बर, 2017 की अवधि के दौरान भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में सामुदायिक सदभावना अभियान सप्ताह मनाया गया। इसके साथ ही निदेशालय में दिनांक 26 नवम्बर, 2017 को संविधान दिवस मनाया गया।

सतर्कता सप्ताह

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर,पुणेमें दिनांक 30 अक्तूबर से 4 नवम्बर, 2017 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर, डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने सभी कर्मचारी सदस्यों को संगठन के कार्य में निदेशालय को भ्रष्टाचार मुक्त, ईमानदार और पारदर्शिता बनाये रखने में निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाई। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक एवं सतर्कता अधिकारी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर अपने विचार प्रकट किए।

2017 from Hindi Day. In Hindi Workshop, Shri Rajendra Kumar Verma from Hindi Shikshan Yojana, Pune gave information about writing, typing in Hindi on computer and mobile for encouraging maximum work in Hindi. During the Hindi Pakhwada, essay writing, Hindi spelling dictation, question approval, Hindi translation and debate competitions were organized in the Directorate, in which the employees of the Directorate increased their participation. The programme closing ceremony was arranged on 28 September, 2017. Dr. Gyan Chand Mishra, Director (Retired), National Institute of Cell Science, Pune was the Chief Guest. Dr. Major Singh, Director welcomed the Chief Guest and expressed views on use of Hindi in official procedures. The chief guest delivered a speech on importance of Hindi language. The awards were distributed to the winners of the competitions by the Chief Guest. At the end of the programme, Mr. Shitanshu Kumar, Administrative Officer proposed the formal vote of thanks.

Gandhi Jayanti

Mahatma Gandhi Jayanti was celebrated at the Directorate on 2 October, 2017. Swachhta Abhiyan was arranged in the campus of the Directorate on Gandhi Jayanti. All scientists and staffs of the ICAR-DOGR participated in the Swachhta Abhiyan.

National Unity Day

On the Birth Anniversary of the iron man of India, Sardar Vallabhbhai Patel, Directorate celebrated Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day) on 31 October, 2017 to pay tribute to Sardar Vallabhbhai Patel, who was instrumental in keeping India united. The pledge to maintain the unity and integrity of the country was taken by all the staff of ICAR-DOGR.

Vigilance Week

The Directorate celebrated vigilance awareness week during 30October - 4 November, 2017. On this occasion Dr. Major Singh, Director, pledged all the staff to keep integrity, honesty, transparency to keep directorate corruption free, honest and maintain transparency in the work at the organization. Dr. Vijay Mahajan, Principal Scientist and Vigilance Officer, expressed his views in the Vigilance Awareness Week.

साम्प्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 19 – 25 नवम्बर, 2017 को साम्प्रदायिक सद्भावना सप्ताह मनाया गया।

संविधान दिवस

डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 26 नवम्बर, 2017 को संविधान दिवस मनाया गया। दिनांक 26 नवम्बर, 1949 को ही भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था जो कि 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ था।

कृषि शिक्षा दिवस

स्वतंत्र भारत के प्रथम कृषि मंत्री एवं प्रथम राष्ट्रपति तथा भारत रत्न से सम्मानित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 3 दिसम्बर, 2017 को कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया। छात्रों के बीच कृषि एवं सम्बद्ध विषयों के प्रति रूचि को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन हुतात्मा राजगुरू हाई स्कूल, राजगुरूनगर, पुणे में किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 7 एवं 8 के लगभग 50 छात्रों ने अपने शिक्षकों और हुतात्मा राजगुरू उच्च विद्यालय के प्रबंधन मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ भाग लिया। श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक (आनुवंशिकी एवं प्रजनन) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। डॉ. राजीव बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने कृषि शिक्षा दिवस मनाने की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि तथा कृषि में युवाओं की भूमिका के महत्व पर बल दिया । साथ ही उन्होंने छात्रों से कृषि के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का अनुरोध किया। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन

Communal Harmony Campaign Week

Communal Harmony Campaign Week was celebrated at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar from 19 - 25 November 2017.

Constitution Day

On the occasion of Dr. B.R. Ambedkar 125th Birth Anniversary year, Directorate celebrated the Constitution Day (Samvidhan Divas) on 26 November 2017. On 26th November 1949, the Constituent Assembly of India adopted the Constitution of India, and it came into effect on 26 January 1950.

Agriculture Education Day

ICAR- DOGR celebrated Agricultural Education Day on 3 December, 2017 to commemorate the birth anniversary of first Union Minister of Agriculture and first President of Independent India, Bharat Ratna Dr. Rajendra Prasad. The programme was organized at Hutatma Rajguru High School, Rajgurunagar. Fifty students of Class VII and VIII along with their teachers and Principal of Hutatma Rajguru High School participated in the programme. Mrs. Ashwini Benke, Scientist (Genetics and Breeding) welcomed all the participants and briefed about the programme. Dr. Rajiv Kale, Scientist (Agril. Extension) ICAR-DOGR explained the background behind celebrating Agricultural Education Day. He emphasized on the importance of agriculture in rural economy and role of youth in agriculture. He also appealed to all

अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने कृषि के महत्व, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संगठनात्मक ढांचें और कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं विकास गतिविधियों में इसकी भूमिका के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहजनक भागीदारी की प्रशंसा की। डॉ. एस. आनंदन, प्रधान वैज्ञानिक (जैव प्रौद्योगिकी) ने छात्रों का भारत में कृषि शिक्षा प्रणाली के बारे में मार्गदर्शन किया। डॉ. एस.एस. गाडगे, डॉ. योगेश खाडे, श्री विशाल गुरव, श्री राम बोम्बले तथा शिवाजी गोपाले ने छात्रों के लिए प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. महाजन ने छात्रों के माध्यम से किसानों के बीच नवोन्मेषी कृषि रीतियों को शामिल करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए। प्रो. डुम्बरे, प्रधानाचार्य, हुतात्मा राजगुरू उच्च विद्यालय, राजगुरूनगर ने प्याज एवं लहसुन की खेती करने वाले किसानों को वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने के लिए भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर,पुणे की सराहना की। साथ ही उन्होंने अपने स्कूल में कृषि शिक्षा दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे को धन्यवाद दिया। श्रीमती अश्विनी बेनके द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

संस्थान जैव संरक्षा समिति की बैठक

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के समिति कक्ष में दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को संस्थान जैव संरक्षा समिति की पहली बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. मेजर सिंह ने की। इस बैठक में उपस्थित विशेषज्ञ सदस्यों में शामिल थे : डॉ. (श्रीमती) अनुराधा उपाध्याय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग नामिती; डॉ. प्रशांत जी. कंवर, बाह्य विशेषज्ञ तथा डॉ. प्रदीप शेवाले, जैव संरक्षा अधिकारी। समिति के सदस्य सचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान जैव संरक्षा समिति की पृष्ठभूमि के बारे में संक्षेप में बताया। आईबीएससी के अध्यक्ष डॉ. मेजर सिंह ने भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की अनुसंधान उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए आर डीएनए कार्य को शामिल करते हुए परियोजनाओं को प्रारंभ करने से

the students to put the best efforts in shaping their career in the field of agriculture. Dr. S. S. Gadge, Senior scientist (Agril. Extension) ICAR-DOGR briefed about the importance of agriculture, organizational set up of ICAR and its role in agricultural research, education and development activities. He expressed pleasure about students' enthusiastic participation in this programme. Dr. S. Anandhan, I/C PME Cell organized the programme. Dr. Yogesh Khade, Mr. Vishal Gurav, Mr. Ram Bomble and Shivaji Gopale conducted a quiz competition. Dr. V. Mahajan, Principal Scientist (Hort.) was the chief guest for the prize distribution function. Prof. Dumbre, Principal of School praised ICAR-DOGR for its active role in providing scientific information to onion and garlic farmers. He thanked ICAR-DOGR for organizing Agricultural Education Day programme at Hutatma Rajguru High School.

Institute bio safety Committee (IBSC) meeting

The First meeting of Institute bio safety Committee (IBSC) was held at committee room of ICAR-Directorate of onion and garlic research, Rajgurunagar on 27 December 2017 under the chairmanship of Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR. The Following expert members were present in the meeting viz., Dr. (Mrs) Anuradha Upadhyay, DBT Nominee, Dr. Prashant G. Kawar, External Expert and Dr. Pradeep Shevale Bio-Safety Officer. The member secretary, IBSC welcomed all members of the committee and briefed about the background of IBSC. Chairman, IBSC Dr. Major Singh, briefed about the research activities of ICAR-DOGR and emphasized the necessity of conducting

पहले आईबीएससी बैठक आयोजित करने की जरूरत पर बल दिया। समिति द्वारा चलाईं गईं परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया और समिति सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का उत्तर अन्वेषकों द्वारा दिया गया। परियोजना अन्वेषकों को जैव संरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के अनुदेश दिए गए। समिति सदस्यों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं एवं ग्लासहाउस सुविधाओं का भी दौरा किया।

गणतंत्र दिवस समारोह

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे में पूरे हर्षोल्लास के साथ दिनांक 26 जनवरी, 2017 को 68वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। डॉ. विजय महाजन, निदेशक (कार्यकारी), भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे ने राष्ट्रध्वज फहराया। अपने सम्बोधन में डॉ. महाजन ने देश के लिए महान नेताओं द्वारा किए गए त्याग को याद किया और स्टाफ से उनके कार्यों से प्रेरणा लेते हुए सहयोग एवं एकता के साथ निदेशालय की प्रगति में समर्पण भाव से अपना कार्य करके योगदान करने का आह्वान किया।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में किसान–वैज्ञानिक इन्टरफेस बैठक

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 17 मार्च, 2018 को किसान–वैज्ञानिक इन्टरफेस बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 प्रगतिशील किसानों, महाराष्ट्र सरकार से 28 अधिकारियों एवं 2 सार्वजनिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री आयुष प्रसाद, सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट, खेड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। डॉ. मेजर सिंह, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणेने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्याज एवं लहसुन परिदृश्य के बारे में बताया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने निदेशालय द्वारा विकसित उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक प्रस्तुतिकरण दिया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के सभी वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ परस्पर बातचीत की। प्याज व लहसुन की किस्मों, बीज उत्पादन, खरपतवार नियंत्रण, नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन, खुदाई, भण्डारण एवं विपणन से जुड़ी किसानों की जिज्ञासाओं के उत्तर संबंधित वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए।

इस अवसर पर, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में कृषि उन्नति मेला, नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के सम्बोधन का वेब प्रसारण देखने की भी व्यवस्था की गई। सभी किसानों और कर्मचारीयों ने माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के सम्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

निदेशालय के राजगुरूनगर प्रक्षेत्र पर किसानों के सम्मुख विभिन्न कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही किसानों को

IBSC meeting before the initiation of the projects involving rDNA work. The committee evaluated the project undertaken and investigator replied the queries raised by the members. The investigators were instructed for the compliance of bio safety guidelines. Committee member visited lab and glass house facilities.

Republic Day celebrated

ICAR-DOGR celebrated 69th Republic Day on 26 January, 2018 with great joy. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR hoisted the national flag. Dr. Major Singh spoke on importance of republic day and briefed the achievements made by the Directorate.

ICAR-DOGR organized Farmers-Scientists Interface Meet

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research organized Farmers-Scientists Interface Meeting on 17th March, 2018 at Rajgurunagar, Pune. About 200 progressive farmers, 28 officials and 2 public representatives from Maharashtra State attended the programme. Shri. Aayush Prasad, Sub Divisional Magistrate, Khed was the Chief Guest for the programme. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the participants. He spoke about the onion and garlic scenario. Dr. Vijay Mahajan, Principal Scientist, ICAR-DOGR gave presentation on advance technologies developed by the Directorate. All the scientists of ICAR-DOGR had interaction with the farmers. The queries from the farmers about varieties, seed production, weed control, pest and disease management, harvesting, storage and marketing of onion and garlic crops were answered by the respective scientists.

On the occasion, ICAR-DOGR made arrangement for viewing of the web-telecast of the address by the Hon'ble Prime Minister and Hon'ble Agriculture & Farmers' Welfare Minister. All the farmers and staff listened to the address of Hon'ble Prime Minister and Hon'ble Agriculture & Farmers' Welfare Minister.

The various agro-practicals were demonstrated to the farmers at Rajgurunagar farm of the Directorate. They were also shown the exhibits in

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे म्यूजियम को भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) ने किया। डॉ. आर.बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत गतिविधियां

जनजातीय उप–योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम और संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 26 अगस्त, 2017 को कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे और .षि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जनजातीय उप–योजना के तहत नन्दुरबार के विभिन्न भागों से 160 जनजातीय किसानों सहित कुल 783 किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। किसानों को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्याज व लहसुन की खेती के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. ए.जे. गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) एवं नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय करते हुए नन्दुरबार में जनजातीय उप–योजना की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ. गुप्ता ने प्याज व लहसुन की व्यावसायिक खेती पर तथा साथ ही प्याज व लहसुन की खेती के माध्यम से जनजातीय किसानों की आजीविका सुरक्षा पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। वर्ष 2017–18 में रबी प्रदर्शन के लिए किसानों के बीच प्याज की किस्म 'भीमा शक्ति' के बीजों को वितरित किया गया। भारत छोड़ो आन्दोलन के 75 वर्ष पूरा होने की याद में डॉ. सुभाष भामरे, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार ने

ICAR-DOGR museum. The programme was coordinated by Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension). The programme ended with vote of thanks expressed by Dr. R. B. Kale, Scientist (Agricultural Extension).

Activities under Tribal Sub-Plan

Training and Sankalp Se Siddhi Program organized under TSP in Nandurbar

Training under TSP and Sankalp Se Siddhi program (2017-2022) jointly organized by ICAR-DOGR, Rajgurunagar and KVK, Nandurbar on 26 August, 2017 at KVK, Nandurbar. A total of 783 farmers including 160 tribal farmers under TSP participated in the programme from different parts of Nandurbar. The farmers were trained for cultivation of onion and garlic through technologies developed by ICAR-DOGR. Dr. A.J. Gupta, Principal Scientist (Hort.) & Nodal Officer (TSP) coordinated the training programme and highlighted TSP activities in Nandurbar. Dr. Gupta delivered lectures on commercial cultivation of onion and garlic as well as livelihood security of tribal farmers through onion and garlic. Onion seed of variety 'Bhima Shakti' was distributed among the farmers for *rabi* demonstration in 2017-18. On the memory of the completion of 75 years of Quit India Movement, the pledge 'Sankalp Se Siddhi' was

सभी प्रतिभागियों को 'संकल्प से सिद्धि' शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. भामरे ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की महत्ता और किसानों की प्रगति के लिए केन्द्र सरकार द्वारा की गईं नई पहल के बारे में बताया। माननीय मंत्री महोदय ने ऊंची शेवडी गांव के जनजातीय किसान समूह 'नचिकेत शेती उत्पादक गट' को भी सम्मानित किया जैसा कि इस समूह द्वारा जनजातीय उप–योजना के तहत भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्म 'भीमा सुपर' के एक एकड़ .षि रकबे से 498 किग्रा. बीज उत्पादन किया गया और बॉय–बैक आधार पर भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय से रूपये 1.96 लाख रूपये प्राप्त किए गए जिससे कि पारम्परिक खेती की तुलना में प्याज बीज उत्पादन से प्रति इकाई क्षेत्रफल से कहीं अधिक आमदनी होने का पता चलता है। श्री के.के. पाटिल, अध्यक्ष, डॉ. हेडगेवार सेवा समिति, नन्दुरबार; डॉ. मल्लीनाथ कालसेट्टी, जिला मैजिस्ट्रेट; श्री संजय पाटील, एसपी, नन्दुरबार; श्री आर.एस. दहातोण्डे, प्रभारी, कृषि विज्ञान केन्द्र; तथा श्री आर.एम. पाटील, एसएमएस (बागवानी), कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे

administered by Dr. Subhash Bhamre, Union State Defence Minister to all the participants. On this occasion, Dr. Bhamre explained the importance of Sankalp Se Siddhi and new initiatives taken by central government for progress of farmers. He felicitated one of tribal farmers group 'Nachiketa Sheti Utpadak Gat' of Ucchi Shevdi village as this group produced 398 kg seed of onion variety 'Bhima Super' from one acre provided by ICAR-DOGR under TSP and received Rs. 1.96 lakh from ICAR-DOGR on by-back basis indicating more income per unit area from onion seed production in comparison with traditional farming. Shri K.K. Patil, President, Dr. Hedgawar Seva Samiti, Nandurbar; Dr. Mallinath Kalsetti, District Magistrate; Mr. Sanjay Patil, SP, Nandurbar; Mr. R.S. Dahatonde, In-charge, KVK; and Mr. R.M. Patil, SMS (Hort.), KVK, Nandurbar were also present in the programme.

माननीय राज्य मंत्री डॉ. सुभाष भामरे तथा नन्दुरबर के जिला मैजिस्ट्रेट एवं एसपी के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार में 'संकल्प से सिद्धि' शपथ समारोह

The pledge 'Sankalp Se Siddhi' at KVK, Nandurbar with Union State Minister Dr. Subhash Bhamre, DM and SP of Nandurbar

निदेशालय द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार के साथ सहयोग करते हुए जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत 'प्याज व लहसुन की व्यावसायिक खेती' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4–5अक्तूबर, 2017 को किया गया। इसमें नन्दुरबार के विभिन्न गांवों से लगभग 203 जनजातीय किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन, इसका आयोजन श्रावणी में किया गया जबकि दूसरे दिन का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार में किया गया। डॉ. ए.जे. गुप्ता, नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना) ने नन्दुरबार में पिछले चार वर्षों में जनजातीय उप–योजना स्कीम की गतिविधियों और प्रदर्शन के बारे में बताया। डॉ. गुप्ता ने प्याज व लहसुन की व्यावसायिक खेती पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। डॉ. ए.आर. वखरे ने स्वस्थ प्याज की

The Directorate has organized a two days training programmes on "Commercial cultivation of onion and garlic" under the TSP scheme in collaboration with KVK, Nandurbar on 4-5 October 2017 and 8-9 January, 2018 days respectively. About 203 and 125 tribal farmers from different villages of Nandurbar attended the programme. First day training organized at Sai Kripa Shetkari Gat, Shravani and second day training organized at KVK, Nandurbar. Dr. A.J. Gupta, Nodal Officer (TSP) explained TSP Scheme activities and performance from last four years in Nandurbar. He also delivered lecture on commercial cultivation of onion and garlic. Dr. A. R. Wakhare highlighted the raising of healthy onion seedlings. On 5October 2017, Vegetable Grower Meet was organized by the KVK, Nandurbar for the

पौद तैयार करने पर प्रकाश डाला। दिनांक 5 अक्तूबर, 2017 को जनजातीय उप–योजना के किसानों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार द्वारा सब्जी उत्पादक बैठक आयोजित की गई। डॉ. एन.वी. पंचभाई, सचिव, डॉ. हेडगेवार सेवा समिति; श्री आर. एस. दहातोण्डे, प्रभारी, कृषि विज्ञान केन्द्र; श्री एस. देसले, एमपीकेवी; श्री खरडे, उप निदेशक, आत्मा, तथा श्री आर.एम. पाटील, एसएमएस (बागवानी), कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। डॉ. ए.जे. गुप्ता ने प्याज व लहसुन की उन्नत किस्मों और नन्दुरबार में जनजातीय उप–योजना का प्रभाव पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अब अधिकांश जनजातीय किसान व्यावसायिक स्तर पर प्याज व लहसुन की खेती कर रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य से उपलब्ध डाटा के अनुसार, पिछले चार वर्षों के दौरान नन्दुरबार में प्याज के खेती क्षेत्रफल तथा उत्पादन में लगभग 3.5गुणा बढ़ोतरी हुई है।

इसी प्रकार, जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, नन्दुरबार के सहयोग से दिनांक 26 – 27 फरवरी, 2018 को नन्दुरबार के आदिवासी इलाकों में ''प्याज व लहसुन की वैज्ञानिक खेती'' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नन्दुरबार के विभिन्न हिस्सों से लगभग 140 जनजातीय किसानों ने भाग लिया। पहले दिन प्रशिक्षण का आयोजन सरस्वती महिला बचत गट, पालीपाडा में और दूसरे दिन नचिकेत शेती उत्पादक गट, ऊंची शेवडी में किया गया। डॉ. ए.जे. गुप्ता, नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना) ने नन्दुरबर में जनजातीय उप–योजना गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्याज व लहसुन की उन्नत किस्मों पर व्याख्यान दिया। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने प्याज व लहसुन में गुणवत्ता बीज उत्पादन पर एक व्याख्यान दिया। रबी 2017–18 के दौरान प्याज एवं लहसुन के गुणवत्ता बीज उत्पादन पर कुल 27 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाए गए जिनके प्रति किसानों ने अपनी खुशी प्रकट की।

TSP and other farmers. Dr. N. V. Panchbai, Secretary, Dr. Hedgewar Seva Samiti; Shri R. S. Dahatonde, In-chage, KVK; Shri. S. Desale, MPKV; Shri Kharde, Dy. Director, ATMA and Mr. R. M. Patil, SMS (Hort.), KVK, Nandurbar were present in the programme. Dr. A. J. Gupta delivered a lecture on improved varieties of onion and garlic suitable for tribal farmers as well as the impact of TSP in Nandurbar. About Twenty-eight demonstrations on onion and garlic production as well as quality seed production of onion, were conducted during rabi 2017-18. Due to the excellent performance, farmers expressed their happiness in onion and garlic cultivation. Most of the tribal farmers are now cultivating onion and garlic at commercial level. According to data available from Maharashtra state, almost 3.5 times area and production of onion were increased from last four years in Nandurbar.

Similarly, two days training programme was organized on "Scientific cultivation of onion and garlic" in tribal belts of Nandurbar under the TSP scheme in collaboration with KVK, Nandurbar on 26-27^{t} February, 2018. About 140 tribal farmers from different areas of Nandurbar attended the programme. First day training organized at Saraswati Mahila Bachat Gat, Palipada and second day training organized at Nachiketa Sheti Utpadak Gat, Ucchi Shevdi. Dr. A.J. Gupta, Nodal Officer (TSP) highlighted the TSP activities in Nandurbar. He delivered lecture on improved varieties of onion and garlic. Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist delivered lectures on quality seed production in onion and garlic. Twenty seven demonstrations on onion and garlic production and quality seed production of onion were conducted during *rabi* 2017-18 to which farmers expressed their happiness.

जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां / Different activities under TSP

कुशल सहायी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण

